

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

हर खबर की खबर



नई दिल्ली, पटना, एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



12 नेपाल तक हो रही थी सप्लाई...

बादाम जैसे अधिक संतोषजनक विकल्प... 10



वर्ष : 16 ■ अंक : 148 ■ नई दिल्ली, बुधवार, 01 अक्टूबर, 2025 ■ विक्रम संवत् 2082 ■ पेज : 12 ■ मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 25.0°C
न्यूनतम तापमान 23.0°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

| | |
|---|---|
| हां | 45% |
| नहीं | 45% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 1,18,480 |
| चांदी | 1,36,500 |
| सेंसेक्स | 80,267 |
| निफ्टी | 24,611 |

# संघ के शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि होंगे प्रधानमंत्री मोदी



प्रात : किरण, एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के बुधवार को यहां डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में आयोजित होने वाले शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को बताया कि इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्र के प्रति आरएसएस के योगदान पर विशेष रूप से डिजाइन एक स्मारक डाक टिकट तथा सिक्का जारी करेंगे और उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा 1925 में नागपुर महाराष्ट्र में आरएसएस की स्थापना एक स्वयंसेवी संगठन के रूप में की गई थी जिसका लक्ष्य नागरिकों में सांस्कृतिक जागरूकता, अनुशासन, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देना था। आरएसएस, राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के लिए एक अनूठा जन-पोषित आंदोलन है। इसके उदय को सदियों के विदेशी शासन के जवाबी कदम के रूप में देखा गया है, और इसके निरंतर विकास का श्रेय धर्म में निहित भारत के राष्ट्रीय गौरव के इसके दृष्टिकोण की भावनात्मक प्रतिध्वनि को दिया जाता है।

संघ का मुख्य जोर देशभक्ति और राष्ट्रीय चरित्र निर्माण पर है। यह मातृभूमि के प्रति समर्पण, अनुशासन, संयम, साहस और वीरता का संचार करता है। संघ का अंतिम लक्ष्य भारत की ह्लसर्वांगीण उन्नतिह्न (सर्वांगीण विकास) है, जिसके लिए प्रत्येक स्वयंसेवक स्वयं को समर्पित करता है। पिछली शताब्दी में, आरएसएस ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक कल्याण और आपदा राहत के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

आरएसएस के स्वयंसेवकों ने बाढ़, भूकंप और चक्रवात सहित प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत और पुनर्वास प्रयासों में सक्रिय रूप से भाग लिया है। इसके अतिरिक्त, आरएसएस के विभिन्न सहयोगी संगठनों ने युवाओं, महिलाओं और किसानों को सशक्त बनाने, जनभागीदारी को बढ़ावा देने और स्थानीय समुदायों को मजबूत बनाने में योगदान दिया है। शताब्दी समारोह न केवल आरएसएस की ऐतिहासिक उपलब्धियों का सम्मान है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक यात्रा और राष्ट्रीय एकता के संदेश में इसके स्थायी योगदान को भी उजागर करता है।


# तीनों सेनाओं के साथ आने पर ही चुनौतियों का मुकाबला करने में सक्षम होगा भारत : राजनाथ

■ अखिल भारतीय स्तर पर तीनों सेनाओं के लॉजिस्टिक्स एकीकरण पर ध्यान केंद्रित करना होगा

प्रात : किरण, एजेंसी

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि मां दुर्गा इस बात का सबसे बड़ा उदाहरण हैं कि जब चुनौतियां बड़ी और असाधारण होती हैं, तो एकीकृत शक्ति अजेय हो जाती है। हमारी तीनों सेनाएं ऑपरेशनल तत्परता की दिशा में काम कर रही है, लेकिन हमारा अगला कदम अखिल भारतीय स्तर पर तीनों सेनाओं के लॉजिस्टिक्स एकीकरण पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब हमारी तीनों सेनाएं एक साथ आएंगी और एक साथ बढ़ेंगी, तभी हम चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर पाएंगे।

नई दिल्ली में आज तीनों सेनाओं के सेमिनार को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारी सेनाएं न सिर्फ दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सेना में गिनी जाती हैं, बल्कि उनके मूल्य और उनका दृष्टिकोण भी पूरी दुनिया में कायम हैं। हमारी हर सेना की अपनी गौरवशाली परंपरा रही है, अपनी पहचान रही है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर एक उदाहरण है कि



जब हमारी सेनाएं एक साथ काम करती हैं, तो यह ताकत को कई गुना बढ़ा देती हैं और जीत सुनिश्चित करती हैं। हम दूसरे देशों की सर्वोत्तम प्रथाओं से सीख सकते हैं, लेकिन प्रत्येक देश की अपनी विशिष्ट परिस्थितियां होती हैं। हम एक ऐसी प्रणाली बना सकते हैं, जो आधुनिक, सक्षम और हर सेवा के लिए उपयोगी हो।

राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत ने अपनी हवाई रक्षा में संयुक्तता का जबरदस्त प्रदर्शन किया, जो निर्णायक साबित हुआ। भारतीय वायु सेना की एकीकृत वायु कमान और नियंत्रण प्रणाली को भारतीय सेना के आकाश तीर और भारतीय नौसेना के त्रिगुण के साथ सहजता से एकीकृत करना ही इस ऑपरेशन की कामयाबी का मूल आधार था। इन प्रणालियों में त्रि-सेवा तालमेल है, जिससे कमांडरों को तुरंत सही समय में और सही फैसले लेने की ताकत मिल गई। यह ऑपरेशन इस बात का प्रमाण है कि जब हमारी सेना मिलकर काम करती है, तो उनकी संयुक्त ताकत में वृद्धि होती है। रक्षा मंत्री ने कहा कि 21वीं सदी में सुरक्षा का स्वरूप काफी बदल गया है। धमकियां पहले से कहीं अधिक जटिल हो गई हैं। आज भूमि, समुद्र, वायु, अंतरिक्ष और साइबरस्पेस, ये सभी डोमेन गहराई से जुड़े हुए हैं। निश्चित रूप से हमारी हर सेना के पास अकेले ही किसी भी चुनौती का सामना करने की क्षमता है, लेकिन आज के दौर में हमें निरंतर संवाद की आवश्यकता होगी। ऐसे में नेतृत्व की भूमिका प्रमुख है। उसे हर कदम पर स्पष्ट करना होगा कि यह सुधार क्यों आवश्यक है। जब प्रत्येक सेवा और प्रत्येक कर्मचारी एकजुटता के महत्व को समझेंगे, तभी यह सफल होगा। आज के एकीकृत संचालन के युग में महत्वपूर्ण है कि ये प्रणालियां आपस में निर्बाध रूप से जुड़ी रहें। अलग-थलग रहकर काम करना निर्णय लेने में एक बड़ी चुनौती पेश कर सकता है।

तीनों सेनाओं के सेमिनार को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज हम साइबर हमलों और सूचना युद्ध के खतरे का सामना कर रहे हैं, इसलिए हमें इनके लिए मानक तय करने होंगे। जब हम मानकीकरण की बात करते हैं, तो इसका मतलब यह नहीं है कि सशस्त्र बल अपनी पहचान खो देंगे। हमें एक ऐसी प्रणाली विकसित करनी होगी, जो तीनों सेनाओं के काम में समन्वय स्थापित करे। मुझे विश्वास है कि हम इस पर चर्चा करेंगे। रक्षा मंत्रालय हर संभव सहायता प्रदान करेगा। अगर हमारी सेना के साइबर डिफेंस सिस्टम अलग-अलग सेवाओं के लिए अलग-अलग मानकों पर काम करेंगे, तो उनके बीच एक अंतर पैदा हो जाएगा। इसलिए हमें साइबर और सूचना युद्ध के मानकों को भी एकीकृत करना होगा।

# पीएम को हिंसा व डर की राजनीति बंद कर संवाद करना चाहिए: राहुल

■ नेता प्रतिपक्ष ने लद्दाख में हुई हिंसा को लेकर केंद्र सरकार पर साधा निशाना



प्रात : किरण, एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लद्दाख में हुई हिंसा को लेकर मंगलवार को केंद्र सरकार को घेरा। एक पूर्व सैनिक के मारे जाने का हवाला देते हुए राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी ने इस केंद्रशासित प्रदेश के लोगों के साथ धोखा किया है। राहुल ने कहा कि पीएम मोदी को हिंसा और डर की राजनीति बंद करके संवाद करना चाहिए। हिंसा की न्यायिक जांच होनी चाहिए। बीते 24 सितंबर को हुई हिंसा में कारगिल युद्ध में भाग लेने वाले पूर्व सैनिक त्सावांग थारचिन की भी मौत हो गई थी। राहुल गांधी ने एक्स पर थारचिन के पिता का वीडियो साझा किया। राहुल गांधी ने पोस्ट में लिखा- पिता फौजी, बेटा भी फौजी, जिनके खून में देशभक्ति बसी है। फिर भी बीजेपी सरकार ने देश के वीर बेटे की गोली मारकर जान ले ली, सिर्फ इसलिए क्योंकि वह लद्दाख और अपने अधिकार के लिए खड़ा था। उन्होंने कहा कि पिता की दर्द भरी आंखें बस एक सवाल कर रही है- क्या आज देशसेवा का यही सिला है? लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हमारी मांग है कि लद्दाख में हुई इन हत्याओं की निष्पक्ष न्यायिक जांच होनी चाहिए और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि मोदी जी, आपने लद्दाख के लोगों को धोखा दिया है। वह अपना हक मांग रहे हैं। संवाद कीजिए। हिंसा और डर की राजनीति बंद कीजिए। केंद्र के साथ बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) की ओर से बंद बुलाया गया था। इस दौरान सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़प के बाद 24 सितंबर को लेह में कर्फ्यू लगा दिया गया। हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई। यह संगठन राज्य का दर्जा और लद्दाख में छठी अनुसूची के विस्तार के लिए आंदोलन का नेतृत्व कर रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### मोदी ने विजय कुमार मल्होत्रा के आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को यहां भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता दिवंगत विजय कुमार मल्होत्रा के आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना भी व्यक्त की। श्री मल्होत्रा का मंगलवार को यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे। प्रधानमंत्री ने श्री मल्होत्रा के योगदान को याद करते हुए कहा कि दिल्ली के विकास के लिए उनके प्रयासों को सदैव याद रखा जाएगा। श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ह्लस्वर्गीय श्री वी.के. मल्होत्रा जी के आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।


### अहिंसावादी भी हिंसा का शिकार

लंदन। अहिंसा के पुजारी भी हिंसा के शिकार होने से नहीं बच पाते हैं। लंदन के टैविस्टॉक स्क्वायर पर स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ भी कुछ इसी तरह का हुआ है। जहां गांधी जयंती से ठीक दो दिन पहले उनकी प्रतिमा को तोड़ दिया गया। भारतीय मिशन ने बताया कि स्थानीय अधिकारियों को इस घटना की सूचना दे दी गई है। वहीं भारतीय उच्चायोग ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। उच्चायोग के अधिकारी स्मारक को ठीक कराने के लिए घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। बता दें इस मशहूर प्रतिमा में राष्ट्रपिता को ध्यानमग्न मुद्रा में दिखाया गया है और कुछ उपद्रवियों ने मूर्ति के चबूतरे पर कुछ विचलित करने वाले शब्द भी लिखे गए। चबूतरे पर शिलालेख में लिखा है, महात्मा गांधी, 1869-1948। मेट्रोपॉलिटन पुलिस और स्थानीय कैमडेन काउंसिल के अधिकारियों ने बताया कि वे मामले की जांच कर रहे हैं। लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया पर अपने बयान में कहा, भारतीय उच्चायोग टैविस्टॉक स्क्वायर पर स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा को तोड़े जाने की घटना से बेहद दुखी है और इसकी कड़ी निंदा करता है।

# अयोध्या के राम मंदिर को लेकर फिर दायर हो सकती है क्यूरेटिव पिटिशन दाखिल!

प्रात : किरण, एजेंसी

नई दिल्ली। पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की एक टिप्पणी ने अयोध्या विवाद एक बार फिर चर्चा में ला दिया है। उन्होने एक इंटरव्यू में कहा था कि बाबरी मस्जिद का निर्माण ही मूल रूप से अपवित्र था। उनका कहना था कि जिस स्थान पर पहले से मस्जिद हो, वहां मस्जिद बनाना ही अपवित्र था। इसी को लेकर विवाद शुरू हो गया है और प्रोफेसर जी मोहन गोपाल ने तो राम मंदिर पर आए फैसले के खिलाफ याचिका दाखिल करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि चंद्रचूड़ के बयान के आधार पर ही क्यूरेटिव पिटिशन दाखिल की जा सकती है। वहीं दूसरी तरफ चंद्रचूड़ अपने बयान पर सफाई भी दे चुके हैं। उनका कहना है कि उनके शब्दों को संदर्भ से बाहर निकालकर गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है और सुप्रीम कोर्ट का अयोध्या फैसला साक्ष्य और कानूनी सिद्धांतों पर आधारित था, न कि आस्था पर। उन्होंने यह भी कहा कि आलोचक अक्सर पूरे फैसले को नहीं पढ़ते, जो 1,000 से अधिक पृष्ठों का है। कहा जाता है कि इस फैसले की ड्राफ्टिंग



खुद चंद्रचूड़ ने ही की थी। चंद्रचूड़ के साक्षात्कार की क्लिप्स सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल हो रही हैं। प्रोफेसर जी. मोहन गोपाल ने कहा कि डीवाई चंद्रचूड़ के बयान में वह बात कही गई है, जो फैसले में ही नहीं है। ऐसे में इसके आधार पर पुनर्विचार याचिका दाखिल की जा सकती है। 2019 में 5 जजों की संवैधानिक बेंच ने राम मंदिर केस में फैसला सुनाया था। इस बेंच में तत्कालीन चीफ जस्टिस रंजन गोगोई, जस्टिस एसए बोबडे, जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस अशोक भूषण और जस्टिस अब्दुल नजीर शामिल थे। बेंच ने कहा था कि मुस्लिम पक्ष यह साबित करने में असफल रहा है कि बाबरी मस्जिद वाले स्थान पर उनका कोई निर्बाध मालिकाना हक रहा है। इसके साथ ही मंदिर निर्माण के पक्ष में फैसला दिया गया और अब राम मंदिर का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है।

# हरियाणा के बाद कांग्रेस राजस्थान, गोवा में बदलेगी अध्यक्ष, ओबीसी नेताओं को मिल सकता है मौका

प्रात : किरण, एजेंसी

नई दिल्ली। हरियाणा प्रदेश में अध्यक्ष बदलने के बाद कांग्रेस पार्टी अब दो और राज्यों, राजस्थान और गोवा में प्रदेश अध्यक्ष में बदलाव कर सकती है और इसमें अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय के नेतृत्व को अवसर मिल सकता है। पार्टी ने हाल ही में हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष पद की कमान वरिष्ठ नेता राव नरेंद्र सिंह को सौंपी है। इसके अलावा पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा को हरियाणा कांग्रेस विधायक दल का नेता नियुक्त किया है। अब पार्टी राजस्थान और गोवा के नए प्रदेश अध्यक्ष पद पर नियुक्तियों पर गहराई से विचार कर रही है। राजस्थान में प्रदेश अध्यक्ष के लिए जिन नामों पर चर्चा हो रही है उसमें छत्तीसगढ़ के कांग्रेस पार्टी प्रभारी महासचिव सचिन पायलट, मध्य प्रदेश के प्रभारी हरीश चौधरी और अशोक गहलोत सरकार में मंत्री रह चुके और हिंडोली से पार्टी विधायक अशोक चांदना का नाम शामिल हैं। सूत्रों की माने तो श्री पायलट इस रेस में अभी सबसे आगे हैं। ओबीसी समुदाय से आने वाले श्री पायलट पहले भी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक गोवा में गिरीश चोडणकर को पार्टी अपना नया प्रदेश अध्यक्ष बना सकती है। श्री चोडणकर अभी पार्टी के तमिलनाडु और पुडुचेरी के प्रभारी हैं। ओबीसी समुदाय से आने वाले श्री चोडणकर पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के काफी करीबी माने जाते हैं। उल्लेखनीय हैं कांग्रेस पार्टी अपने संगठन में लगातार बदलाव कर रही है।

# शाह से हुई भोजपुरी स्टार पवन सिंह की मुलाकात

प्रात : किरण, एजेंसी

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की सरगर्मियां तेज हो चुकी हैं। इसी बीच भोजपुरी सिनेमा के 'पावरस्टार' पवन सिंह फिर राजनीतिक मंच पर धमाल करने को तैयार हैं। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह 10 बजे पवन सिंह राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा से दिल्ली में अहम मुलाकात की। वहीं अब पवन सिंह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलने पहुंचे। इस दौरान पवन सिंह ने गृह मंत्री शाह से आशीर्वाद लेकर चुनाव से जुड़े मुद्दे पर खास बातचीत की। जानकारी के अनुसार उनके साथ विनोद तावड़े और ऋतुराज सिन्हा भी साथ मौजूद रहे। शाह और भोजपुरी स्टार पवन सिंह की इस मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है।

बता दें कि सोमवार की देर रात बिहार बीजेपी प्रभारी तावड़े और उपेंद्र कुशवाहा के बीच पवन सिंह को लेकर लंबी बैठक हुई। बैठक के बाद पवन सिंह की बीजेपी में दोबारा वापसी पर चर्चा हुई। पार्टी पहले कुशवाहा-पवन के बीच की दूरियां मिटाना चाह रही थी, इससे बिहार में एनडीए मजबूत हो। हालांकि आज पवन सिंह की बीजेपी में वापसी हो चुकी है।

# महाराष्ट्र में सड़क पर आई लव मोहम्मद लिखने पर गुस्साई भीड़ ने किया पथराव

■ पुलिस ने किया लाठीचार्ज, कई प्रदर्शनकारी घायल, 29 को किया गिरफ्तार

प्रात : किरण, एजेंसी

मुंबई। यूपी के बरेली में शुरू हुआ आई लव मोहम्मद का विवाद अब महाराष्ट्र पहुंच गया है। महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में सोमवार को सड़क पर 'आई लव मोहम्मद' लिखे होने के बाद मुस्लिम समुदाय भड़क गया और लोगों ने सड़कों पर उतर कर इसके खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। पुलिस का आरोप है कि इस प्रदर्शन में गुस्साए लोगों ने पथराव कर दिया, जिससे हालात बिगड़ गए और पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अहिल्यानगर जिले के कोटला गांव में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया। इसमें कई प्रदर्शनकारी घायल हुए हैं। पुलिस ने बवाल बढ़ता देख 29 लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि 150 से ज्यादा लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सोमवार को कोतवाली क्षेत्र के कोटला में विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ, जब किसी ने सड़क पर आई लव मोहम्मद लिख दिया। इस पर मुस्लिम समुदाय ने आपत्ति जताई और कोतवाली थाने में इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई।

अधिकारी ने कहा कि सड़क पर आई लव मोहम्मद लिखने को लेकर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इसके बावजूद कुछ लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया लेकिन भीड़ में से कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। इसके बाद पुलिस ने स्थिति संभालने लाठीचार्ज कर दिया। एसपी ने बताया कि विरोध प्रदर्शन, सड़क पर अवरोध और पथराव के सिलसिले में 29 लोगों को गिरफ्तार किया है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बल का इस्तेमाल किया। पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि लोग अफवाहों पर विश्वास नहीं करें और न ही अफवाहें फैलाएं। यवतमाल की यात्रा कर रहे सीएम देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि अधिकारी इस बात का पता लगाएंगे कि क्या राज्य में शांति भंग करने और तरह-तरह के बोर्ड लगाकर समाज का ध्रुवीकरण करने की कोई साजिश तो नहीं है।

# सीएम रेखा गुप्ता ने विजय कुमार मल्होत्रा के निधन पर जताया शोक

प्रात : किरण, एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर विजय कुमार मल्होत्रा के निधन पर शोक जताते हुए इसे अपूरणीय क्षति बताया है। श्रीमती रेखा गुप्ता ने मंगलवार को कहा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, हम सभी कार्यकताओं के अभिभावक और दिल्ली भाजपा के प्रथम अध्यक्ष प्रोफेसर विजय कुमार मल्होत्रा का निधन अत्यंत पीड़ादायक और अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा जनसंघ के दौर से लेकर भाजपा की स्थापना तक उनका जीवन राष्ट्रनिष्ठा, संगठन कौशल और अनुशासन का जीता-जागता उदाहरण रहा। दिल्ली भाजपा के प्रथम अध्यक्ष के रूप में उन्होंने संगठन की नींव को मजबूत



किया और असंख्य कार्यकताओं को सेवा और समर्पण का मार्ग दिखाया। उनका जाना भाजपा परिवार और सामाजिक जीवन, दोनों के लिए ही एक गहरी शून्यता छोड़ गया है। मुख्यमंत्री ने कहा ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिवारजनों तथा कार्यकताओं को यह असहनीय दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ह्न उल्लेखनीय है कि प्रोफेसर मल्होत्रा का निधन 93 साल की उम्र में मंगलवार सुबह यहां एम्स में निधन हो गया। वह काफी समय से बीमार चल रहे थे और एम्स में उनका इलाज चल रहा था।

**वाजपेयी-आडवाणी युग के स्तंभ थे प्रो. विजय मल्होत्रा**

दिल्ली भाजपा के प्रथम अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा का 30 सितंबर 2025 को 94 वर्ष की आयु में निधन हो गया। एम्स दिल्ली में इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम साँस ली। जनसंघ काल से लेकर भाजपा के उदय तक, प्रो. मल्होत्रा भाजपा और दिल्ली की राजनीति का अहम किरदार रहे। अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी जैसे दिग्गजों के साथ उनका नाता गहरा था। संगठन विस्तार करना हो या बात वैचारिक प्रतिबद्धता की हो, वह अटल-आडवाणी युग के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ बने रहे। वे पांच बार सांसद और दो बार विधायक चुने गए, तथा लोकसभा में भाजपा संसदीय दल के उपनेता के रूप में भी अपनी जिम्मेदारी निभाई।

**निर्देश** कोविड महामारी के बाद बढ़ते जैविक खतरों के प्रति हमें भविष्य में तैयार रहना चाहिए

# सीडीएस चौहान ने परमाणु हथियारों के जैविक खतरों से तैयार रहने का किया आह्वान

प्रात : किरण, एजेंसी

नई दिल्ली। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को भविष्य के लिए परमाणु हथियारों से होने वाले जैविक खतरों के खिलाफ तैयार रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज के डेटा केंद्रित युद्ध के युग में सूचना तक पहुंच दुश्मन को या तो हम पर बढ़त दिला सकती है या उसे कुछ हद तक बढ़त दिला सकती है। हालांकि, डेटा सुरक्षा और डेटा संरक्षण सीधे तौर पर एमएनएस की जिम्मेदारी



नहीं है, लेकिन आपको इन सभी प्रकार की चुनौतियों के बारे में पता होना चाहिए। दिल्ली कैंट स्थित मानेकशॉ सेंटर में मिलिट्री नर्सिंग सर्विस (एमएनएस) के 100वें स्थापना दिवस पर वैज्ञानिक सत्र को संबोधित करते हुए सीडीएस जनरल चौहान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद हमारे प्रधानमंत्री ने कहा है कि भारत परमाणु ब्लैकमेल से नहीं डरेगा। हालांकि, हमारी ओर से परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की संभावना बहुत कम है, फिर भी इसे हमारी सुरक्षा में शामिल करना समझदारी होगी।

रेडियोलॉजिकल प्रदूषण के लिए अलग प्रोटोकॉल की आवश्यकता होती है और यह हमारे प्रशिक्षण का हिस्सा होना चाहिए। परमाणु खतरों के विरुद्ध तैयारी इसके उपयोग के विरुद्ध निवारक उपाय में योगदान करती है। मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, बुधवार, 01 अक्टूबर, 2025



## संक्षिप्त समाचार

### गुलदार ने बछिया को मार डाला

**गैरसैंण, एजेंसी।** विकासखंड के दूरस्थ गांव रोहिड़ा में गोशाला के बाहर बंधी बछिया को गुलदार ने मार डाला। पशुपालक प्रताप सिंह बिष्ट ने वन विभाग से गश्त बढ़ाने और गुलदार को पकड़ने की मांग की। वहीं रेंजर प्रदीप गौड़ ने कहा कि विभागीय कर्मी को मौके पर जाकर जांच आख्या प्रस्तुत करने के लिए कह दिया गया है। पशुपालक को तय मानकों के अनुसार उचित मुआवजा दिया जाएगा।

### शिक्षा मंत्री आवास घेराव और अनशन की दी चेतावनी

**रुद्रप्रयाग, एजेंसी।** राजकीय शिक्षक संघ ने महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा के बयान पर कड़ा आक्रोश जताया। शिक्षकों ने कहा कि महानिदेशक समस्या को सुलझाने के बजाय और अधिक उलझाने का प्रयास कर रही हैं। शिक्षक संघ ने शिक्षा मंत्री के आवास का घेराव कर अनशन की चेतावनी दी। राजकीय शिक्षक संघ रुद्रप्रयाग शाखा के जिलाध्यक्ष आलोक रौथाण ने कहा कि 99 फीसदी शिक्षक प्रधानाचार्य विभागीय सीधी भर्ती को निरस्त करने की मांग कर रहे हैं वहीं महानिदेशक शिक्षकों की प्रकरण सुलझाने के बजाय और उलझा रहे हैं। राजकीय शिक्षक संघ ने स्पष्ट किया कि अधिकारियों के इस तरह के व्यवहार को स्वीकार नहीं किया जाएगा। बैठक में शंकर भट्ट, जिलामंत्री, शीशपाल पंवार उपाध्यक्ष, विपिन चंद्र गोस्वामी कार्यालय मंत्री, अजय भट्ट आदि मौजूद रहे।

### मां की शरण में जो आता है उसका कल्याण होता : पं. पाठक

**उत्तरकाशी, एजेंसी।** सिद्धपीठ मां रेणुका मंदिर परिसर में नवरात्र पर श्रीमद् देवी भागवत कथा चल रही है। पंडित श्रीगंगाधर पाठक ने देवी के नौ अवतारों के बारे में बताया। गढ़ पर्वत पर स्थित सिद्धपीठ मां रेणुका मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद् देवी भागवत कथा के नौवें दिन व्यास पीठ से पंडित श्रीगंगाधर पाठक ने कहा कि देवी भगवती जगत की मां हैं जो भी मां की शरण में आता है उसका कल्याण होता है। उन्होंने देवी के विभिन्न स्वरूपों का वर्णन किया। कहा कि देवी सर्वशक्तिमान है। जब-जब धरती पर पाप बढ़े हैं मां भगवती ने अलग-अलग रूपों में अवतार लिया। कथा पांडाल में बरसाली के आराध्य नागराजा, सिंगोट के नागराजा की डोली, पाव गांव से भगवान नरसिंह देवता, बौन गांव से नागराजा, पंजीयाल गावं से मां भगवती और मातली से कपिल मुनि महाराज, सिद्ध पीठ मां रेणुका सहित 18 गांवों के आराध्य देव डोली विराजमान है। इस मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष आलेंद्र सिंह बिष्ट, लोकेंद्र सिंह बिष्ट, जगेंद्र सिंह बिष्ट, राजेंद्र पंवार, देशराज सिंह बिष्ट, राजबीर नेगी, जगेंद्र मौजूद रहे।

### हरिद्वार में मकान बेचने के नाम पर धोखाधड़ी, महिला सहित तीन पर केस

**हरिद्वार, एजेंसी।** ज्वालापुर क्षेत्र में मकान बेचने के नाम पर सात लाख रुपये की धोखाधड़ी कर दी गई है। पीड़िता ने कोर्ट की मदद से ज्वालापुर कोतवाली में एक महिला सहित तीन आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस के मुताबिक, विजय लक्ष्मी निवासी शारदानगर ज्वालापुर हाल निवासी राजविहार फेस-1, जगजीतपुर ने तहरीर देकर बताया कि उन्होंने 13 दिसंबर 2018 को पिंकी चौहान से सात लाख छह हजार रुपये में मकान खरीदा था। यह मकान जगजीतपुर क्षेत्र में स्थित है।रजिस्ट्री हरिद्वार के सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में कराई गई और उसी दिन से वह मकान में रहने भी लगीं। आरोप है कि विक्रेता पिंकी चौहान ने यह तथ्य छुपा लिया था कि मकान पहले से ही न्यायालय में विवादित है। बाद में 26 अक्तूबर 2024 को जब रेखा अग्रवाल अपने परिवार के साथ अमीन के साथ मौके पर पहुंचीं तो असलियत सामने आई। अग्रवाल परिवार ने दस्तावेज दिखाते हुए बताया कि मकान वास्तव में उनके पति का है और इस संबंध में न्यायालय में वाद भी चल रहा है। दरअसल, मकान की बिक्री पहले नवीन कुमार से काली प्रसाद, फिर काली प्रसाद से पिंकी चौहान और उसके बाद विजय लक्ष्मी तक पहुंची। जबकि न्यायालय ने पहले ही 2016 में विक्रय पत्र निरस्त कर दिए थे।

# पुलिस की सख्ती: बलपूर्वक उठाया, बर्गर खिलाकर अनशन तुड़वाया और छोड़ दिया; महिलाओं के कपड़े फटे, कई लोग चोटिल

**नैनीताल, एजेंसी।** उत्तराखंड स्वाभिमान मोर्चा के नेता भूपेंद्र कोरंगा को, यूकेएसएसएससी पेपर लीक के विरोध में चल रहे उनके आमरण अनशन से पुलिस ने सोमवार को जबरन उठाया। उन्हें अस्पताल ले जाकर जांच की गई, इसके बाद एक रेस्टोरेंट में बर्गर खिलाकर उनका अनशन तुड़वाया गया।

यूकेएसएसएससी का पेपर लीक प्रकरण के विरोध में आमरण अनशन पर बैठे उत्तराखंड स्वाभिमान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र कोरंगा को पुलिस ने सोमवार को जबरन उठा लिया। उन्हें एंबुलेंस से सुशीला तिवारी अस्पताल ले जाया गया। वहां जांचों के बाद पुलिस ने उन्हें रेस्टोरेंट में बर्गर खिलाकर अनशन तुड़वाया और फिर सुरक्षित आंदोलन स्थल पहुंचा दिया। इससे पहले पुलिस पर बुद्धपार्क में अमानवीयता दिखाते हुए युवाओं को घसीटने और महिला के कपड़े फाड़ने के आरोप लगे हैं। पुलिस की कार्रवाई से पार्षद समेत कई महिलाओं को हल्की-फुल्की चोटें आईं। अनशन को समर्थन देने पहुंचीं महिलाओं ने पुलिस पर ज्यादती करने का आरोप लगाया।



बुद्धपार्क में सोमवार को भूपेंद्र कोरंगा का अनशन पांचवें दिन भी शांतिपूर्वक ढंग से चल रहा था। सुबह 9.30 बजे के बाद सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान और सीओ सिटी नितिन लोहनी के नेतृत्व में पुलिस बल अनशनस्थल पहुंचा। उन्होंने भूपेंद्र को स्वास्थ्य का हवाला देते हुए अनशन से उठने के लिए कहा लेकिन कोरंगा मौके पर ही चिकित्सकों की टीम को बुलाकर परीक्षण कराने पर अड़े रहे। दोपहर 12 बजे बाद प्रशासनिक अधिकारी पुलिस फोर्स के साथ फिर बुद्धपार्क पहुंचे।

उन्होंने कोरंगा को अनशन से उठने के लिए कहा लेकिन करीब 20 मिनट तक हुई बातचीत के बावजूद निर्णय न निकलने पर पुलिस ने जबरन उन्हें उठाकर सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचा दिया। हालांकि स्वास्थ्य परीक्षण के बाद वे दोबारा धरनास्थल पहुंच गए। पुलिस की कार्रवाई का वहां मौजूद युवा, महिलाओं और राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों ने पुलिस का विरोध किया। प्रदर्शनकारियों की पुलिस से नोकझोंक भी हुई। धक्कामुक्की में चोटिल हुई महिलाओं ने बेस अस्पताल में मेडिकल कराया है।

**भीड़ के आने का इंतजार करती रही पुलिस!**–पुलिस की चूक से बुद्ध पार्क में सोमवार को बड़ा बवाल होते-होते बच गया। दरअसल सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान और सीओ सिटी नितिन लोहनी सुबह अनशनकारी से बात करने पहुंचे थे। इस बीच चिकित्सकों की टीम भी भूपेंद्र के परीक्षण को पहुंची। जांच में पता चला कि उनके स्वास्थ्य में गिरावट आ रही है। इस पर प्रशासन की टीम ने भूपेंद्र से अस्पताल चलने का आग्रह किया लेकिन वह नहीं माने। इस पर टीम लौट गई। करीब दो घंटे बाद बुद्ध पार्क में छात्रों के साथ ही विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों का जमावड़ा लग गया। इस पर पुलिस को बल प्रयोग कर भूपेंद्र को उठाना पड़ा। सीओ नितिन लोहनी ने बताया कि सुबह हुई बातचीत के दौरान भूपेंद्र ने दो घंटे का समय मांगा और अस्पताल जाने पर हामी भरी थी। यही विश्वास पुलिस को भारी पड़ा और बुद्ध पार्क में धक्का-मुक्की हुई।

**पुलिस कर्मियों ने नेम प्लेट हटाई**–अनशनकारी भूपेंद्र को उठाने के दौरान बुद्धपार्क में जमकर विरोध हुआ। समर्थन में पहुंचीं महिलाओं ने वहां तैनात पुलिस कर्मियों की नेम प्लेट न होने पर सवाल खड़े किए। उनका कहना था कि पुलिस नाम छिपाकर प्रदर्शनकारियों के साथ क्या करनी चाहती है। एसओ, दरोगा के साथ ही कई महिला व पुरुष पुलिस कर्मियों की नेम प्लेट नजर नहीं आई। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। गौरतलब है कि पिछले दिनों छात्रसंघ चुनाव के दौरान भी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की वर्दी के साथ नेम प्लेट नजर नहीं आई थी।

## उत्तराखंड में दुर्गा पूजा की धूम, काशीपुर में भजनों पर झूमे भक्त, इस दिन होगा विसर्जन

**काशीपुर, एजेंसी।** देशभर में शारदीय नवरात्रि के मौके पर दुर्गा पूजा के पंडाल सजे हुए हैं। उत्तराखंड के तराई क्षेत्र भी दुर्गा पूजा की धूम है। काशीपुर में श्री श्री दुर्गा पूजा ट्रस्ट की ओर से दुर्गा पूजा का पंडाल लगाया गया है। जिसमें भक्त बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। रोजाना मां दुर्गा के भजन और आरतियों से पंडाल गूंज रहा है। वहीं, भजन गायक भी मां की महिमा का गुणगान कर रहे हैं। इसी कड़ी में बरेली से आए राम श्याम बंधुओं ने भजन गाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

काशीपुर में दुर्गा पूजा का आयोजन- बता दें कि काशीपुर में गिरीताल रोड पर हैवेल्स शोरूम के पास श्री श्री दुर्गा पूजा ट्रस्ट की ओर से दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया है। यह दुर्गा पूजा 27 सितंबर से शुरू हुआ, जो आगामी 2 अक्टूबर तक चलेगा। दुर्गा पूजा में रोजाना सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। जिसमें स्थानीय और दूरदराज से आए भजन गायक भजनों के माध्यम से



मां दुर्गा के महिमा का गुणगान कर रहे हैं।

3 अक्टूबर को मां दुर्गा की प्रतिमा की जाएगी विसर्जित- वहीं, सार्वजनिक दुर्गा पूजा के उत्सव में शामिल होकर सभी भक्त मां भवानी का आशीर्वाद ले रहे हैं। आयोजकों ने बताया कि बीती 27 सितंबर को मां के देवी बोधन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ दुर्गा पूजा का शुभारंभ किया गया। जो आगामी 2 अक्टूबर विजयादशमी तक आयोजित होता रहेगा। 3 अक्टूबर को मां दुर्गा की प्रतिमा को गर्जिया देवी मंदिर के पास कोसी नदी में विसर्जित किया जाएगा।

शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता के भी कार्यक्रम किए जा रहे आयोजित- आयोजक कमलनाथ ने बताया कि यह सब माता की कृपा से ही संभव हो पाया है। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता की तरफ भी विशेष जोर दिया जा रहा है। जिसके तहत आज स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जबकि, कल शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि रोजाना नए-नए गायक प्रस्तुति दे रहे हैं। इस बार बरेली से आए राम श्याम बंधुओं ने मां के भजन गाए।

बरेली की घटना पर क्या बोले भजन गायक श्याम? भजन गायक श्याम ने बताया कि बरेली का माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई, लेकिन अब माहौल शांत किया जा रहा है। क्योंकि, यूपी के रक्षक योगी आदित्यनाथ हैं।

## पहाड़ के किसानों के लिए वरदान साबित हो रहीं वीएल सोया-89 और वीएल भट-202 किस्में, नई फसल का प्रयोग सफल



**अल्मोड़ा, एजेंसी।** वीपीकेएएस की विकसित वीएल सोया 89 और वीएल भट 202 किस्मों का रैलाकोट, दिगोटी और निरई गांव में प्रयोग सफल रहा है। वैज्ञानिकों के निरीक्षण के दौरान इन किस्मों में बेहतर उत्पादकता, दानों की गुणवत्ता और रोग सहनशीलता पाई गई है

विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (वीपीकेएएस) की विकसित वीएल सोया 89 और वीएल भट 202 किस्मों का रैलाकोट, दिगोटी और निरई गांव में प्रयोग सफल रहा है। वैज्ञानिकों के निरीक्षण के दौरान इन किस्मों में बेहतर उत्पादकता, दानों की गुणवत्ता और रोग सहनशीलता पाई गई है। इन दोनों की खेती से पहाड़ के किसानों की तकदीर बदल सकती है। वीपीकेएएस के वैज्ञानिकों की मेहनत रंग लाई है। दरअसल जिले में अब तक किसान पारंपरिक सोयाबीन एवं भट की खेती ही किया करते थे। किसान इन फसलों को मडुवा के साथ लगाते थे जिस कारण उन्हें निराई, गुड़ाई आदि करने में काफी परेशानी होती थी।


## मेरी फीस तब मिलती है जब छात्र मिठाई का डिब्बा लाता है, डॉ. भट्ट के सुपर क्लास में मिलती है फ्री कोचिंग

**मुक्तेश्वर, एजेंसी।** ऋतिक रोशन की सुपरहिट फिल्म सुपर 30 आपने देखी होगी, जिसमें आनंद कुमार जैसे शिक्षक आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को मुफ्त में पढ़ाकर आईआईटी में पहुंचाते हैं। अब ओखलकांडा के डालकन्या निवासी और यहीं राजकीय इंटर कॉलेज में तैनात हिंदी के प्रवक्ता डॉ. मुरली मनोहर भट्ट को देखिए हकीकत के आनंद कुमार, जिनकी क्लासरूम किसी सिनेमा की स्क्रिप्ट नहीं, बल्कि जज्बे और जमीनी संघर्ष की सच्ची मिसाल है।

डॉ. भट्ट पिछले बीस वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत हैं। पीटीए शिक्षक से सरकारी प्रवक्ता बनने तक का सफर उन्होंने पार किया, लेकिन उनका असली सपना था गांव के उन बच्चों को ऊपर उठाना, जिन्हें किताबें तक मयस्सर नहीं होतीं।

उन्होंने अपने स्वर्गीय पिताजी चंद्रमणि भट्ट के नाम पर एक फ्री कोचिंग एवं परामर्श केंद्र की शुरुआत की, जहाँ वे सेना, पुलिस, सहायक प्रवक्ता समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की मुफ्त तैयारी करवाते हैं।

उनके सिखाए 650 से अधिक छात्र भारतीय सेना में भर्ती हो चुके हैं और 100 से अधिक



सरकारी नौकरियों में चयनित होकर गांव, समाज और शिक्षक का नाम रोशन कर चुके हैं।

सुपर 30 में जैसे आनंद कुमार कहते हैं 'राजा का बेटा राजा नहीं बनेगा, वही राजा बनेगा जो हकदार होगा', वैसी ही सोच डॉ. भट्ट की है।÷ उनका मानना है कि ÷टैलेंट हर घर में है, लेकिन हर जेब में कोचिंग की फीस नहीं होती।÷ यही सोच उन्हें आज ÷पहाड़ का सुपर 30 गुरु÷ बनाती है।

पिथौरागढ़, चम्पावत जैसे दूरस्थ जिलों से जो छात्र पढ़ने आते हैं, उनके लिए डॉ. भट्ट रहने-खाने की पूरी व्यवस्था भी फ्री करते हैं। कई छात्रों को अपने गांव में कमरों का बंदोबस्त, तो कुछ को खुद के मकान के हाल में ठहराना ये सब कुछ बिना किसी फीस के और बिना किसी शर्त के होता है।

### दिव्यांगों के प्रमाणपत्र नहीं बनाने पर हंगामा

**कर्णप्रयाग, एजेंसी।** सिमली महिला बेस अस्पताल में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में दिव्यांग प्रमाणपत्र नहीं बनने पर दिव्यांगों और तीमारदारों ने हंगामा किया। हंगामा होता देख विधायक और अन्य जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप के बाद सीएमओ ने परीक्षण किया और एक को दिव्यांगता का प्रमाणपत्र दिया। इस पर लोग शांत हुए। इस दौरान शिविर में 510 लोगों ने पंजीकरण कर स्वास्थ्य जांच कराई। सिमली में आयोजित शिविर का शुभारंभ करते हुए विधायक अनिल नौटियाल ने कहा कि सरकार की सेवा भाव योजना के तहत संचालित स्वास्थ्य शिविर में जनता को लाभ मिल रहा है। इसके बाद चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण शुरू किया। इस दौरान नारायणबगड़ के दिव्यांग धीरज कुमार टम्टा, बीरेंद्र लाल, रघुवीर सिंह आदि ने दिव्यांग प्रमाणपत्र नहीं बनने पर हंगामा किया।

## भगत सिंह को वैचारिक गहराई के लिए याद किया जाना चाहिए - विद्यार्थी

**खटीमा, एजेंसी।** नानकमत्ता के एक स्कूल में रविवार को शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती पर प्रख्यात लेखक सुधीर विद्यार्थी ने आजादी के आंदोलन की क्रांतिकारी विरासत विषय पर व्याख्यान दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत क्रांतिकारियों के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म इंकलाब के प्रदर्शन से हुई। इसके बाद हिंदी के प्रगतिशील कवि वीरेंद्र डंगवाल की स्मृति में विद्यार्थियों ने उनकी कविताएं पढ़कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। विद्यार्थी ने कहा कि भगत सिंह को बंदूक या बम के लिए नहीं, बल्कि उनकी वैचारिक गहराई के लिए याद किया जाना चाहिए। संचालन रचनात्मक शिक्षक मंडल, उत्तराखंड के संयोजक नवेंदु मठपाल ने किया। वहां पर वहां पर कमलेश अटवाल, संजीव सक्सेना,प्रमोद कांडपाल, आशीष चौधरी, अंजलि कश्यप, सत्यम चौरसिया आदि थे। संवाद



बाजपुर। शहीद भगत सिंह की जयंती पर रविवार को नगर के मुख्य चौक स्थित शहीद की प्रतिमा पर लोगों ने माल्यार्पण कर नमन किया। वहां पर भाकियू उग्राहां के प्रदेशाध्यक्ष बल्ली सिंह चीमा, जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह रंधावा, कुलदीप सिंह, जगदीप सिंह, रक्षपाल सिंह, लखविंदर सिंह आदि मौजूद रहे। इधर भूमि बचाओ मुहिम संयोजक जगतार सिंह बाजवा ने कार्यकर्ताओं के साथ शहीद भगत सिंह चौक पर पहुंचे। वहां पर राजेंद्र सिंह बेदी, डॉ. सौरभ परमार, बंटी आदि मौजूद रहे।

रुद्रपुर। सेंटर फॉर स्ट्रगलिंग ट्रेड यूनियंस (सीएसटीयू) की ओर से रवींद्र नगर में भगत सिंह जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम के साथ ही सभा का आयोजन किया गया। भगत सिंह के विचारों की पोस्टर प्रदर्शनी लगाई गई।

वहां पर सीएसटीयू के केंद्रीय महासचिव मुकुल, क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन से शिवदेव सिंह, इंकलाबी मजदूर केंद्र के फिरोज खान, भाकपा माले से ललित मटियाली, गोपाल गौतम, गंगा सिंह, विकल, गोविंद सिंह आदि मौजूद थे।

# केदारनाथ यात्रियों से हेली टिकट बुकिंग के नाम पर ठगी

**रुद्रप्रयाग, एजेंसी।** केदारनाथ धाम की यात्रा के दौरान यात्रियों से हेलीकॉप्टर टिकट बुकिंग के नाम पर ठगी करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने फेसबुक सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर हेलीकाप्टर टिकट बुकिंग का झांसा दिया था। कुछ यात्री इस झांसे में आ गये और आरोपियों ने यात्रियों से 1 लाख 90 हजार से अधिक की ठगी कर दी और टिकट भी उपलब्ध नहीं कराई। जिसके बाद मुकदमा दर्ज होने पर पुलिस ने इसमें जांच की।

केदारनाथ के तीर्थयात्रियों से हेली टिकट के नाम पर ठगी- दरअसल, केदारनाथ धाम यात्रा की शुरुआत के साथ ही साइबर ठग भी सक्रिय हो जाते हैं। ठग यात्रियों के केदारनाथ धाम पहुंचने की ललक एवं जानकारी के अभाव का सही ढंग से फायदा उठाते हुए ठगी के कारनामों को अंजाम देते हैं। हालांकि पिछले 2-3 सालों से हेलीकॉप्टर टिकटों की



ऑनलाइन बिक्री के लिये आईआरसीटीसी को अधिकृत किया गया है। लेकिन साइबर ठग सोशल मीडिया प्लेटफार्म का उपयोग कर यात्रियों को टिकट दिलाने का झांसा देकर किसी न किसी प्रकार से ठग देते हैं।

गुजरात के तीर्थयात्रियों से ठगे करीब दो लाख- ऐसा ही एक प्रकरण इस बार की केदारनाथ धाम यात्रा के शुरुआती दिनों में हुआ। शिकायतकर्ता सूर्यप्रकाश मिश्रा निवासी सूरत, गुजरात ने थाना गुप्तकाशी पर शिकायत दर्ज करायी कि उन्होंने फेसबुक पर पवनहंस की साइट देखी। उस पर क्लिक करने से व्हट्सएप पर चैटिंग करते हुए 32 लोगों को टिकट दिलाने की बात फाइनल हुई। सामने वाले व्यक्ति द्वारा अकाउन्ट नम्बर देते हुए रुपयों का भुगतान करने को कहा। जिसके बाद 1,91,812 (1 लाख 91 हजार 812) रुपए दिए गए खाते में भेजे गये।

पैसे लेकर नहीं दिए हेली टिकट- सूर्यप्रकाश मिश्रा के अनुसार पैसे देने के बाद भी इनको कोई टिकट उपलब्ध नहीं हुई और न ही पैसे लेने वालों ने इनकी कॉल रिसीव की गई।

हताश निराश होकर इनके स्तर से थाना गुप्तकाशी पर मुकदमा दर्ज कराया गया। इनके द्वारा किये गये भुगतान, व्हाट्सएप चैटिंग इत्यादि का विवरण इत्यादि पुलिस को देकर अपने गन्तव्य को चले गये। ठगी के इस प्रकरण में काफी बड़ी धनराशि बैंक खाते में गयी थी और इसके उपरान्त यह राशि अलग-अलग खातों में डाली गयी थी।

रुद्रप्रयाग पुलिस ने पकड़े 4 साइबर ठग- थाना गुप्तकाशी पर मुकदमा दर्ज कराया गया। एसपी रुद्रप्रयाग अक्षय प्रह्लाद कोंडे ने सम्बन्धित विवेचक व साइबर सेल की टीम को गहनता से कार्य करने के निर्देश दिये थे। पुलिस द्वारा इनके द्वारा वर्तमान में उपयोग किये जा रहे मोबाइल नम्बरों के आधार पर सर्विलांस व स्थानीय पुलिस की सहायता से इनको गिरफ्तार किया गया है।

लगभग दो महीने के अन्दर इस केस में ट्रेल यानि एक दूसरे के लिंक को खंगाला गया। इससे सम्बन्धित वास्तविक साइबर अपराधियों तक पुलिस पहुंची है। चेकिंग के पश्चात इनसे 18 बैंक खाते, कुछ मोबाइल इत्यादि मिले हैं। इनके बैंक खातों के विवरण मांगे गए।

इनमें से 3 लोगों को मयूरभंज उड़ीसा से और मास्टरमाइन्ड को नवादा बिहार से गिरफ्तार किया गया है।

## पांच से कम छात्रसंख्या वाले प्राथमिक स्कूल करें समायोजित

**नई टिहरी, एजेंसी।** जिला सभागार में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में खूब भीड़ उमड़ी। दूर-दराज से आए लोगों ने समस्याओं का जल्द निराकरण करने की मांग की। जनता दरबार में पुनर्वास, आपदा, जल संस्थान, बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग और लोनिवि से संबंधित शिकायतें दर्ज कराई गई। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम नितिका खंडेलवाल की अध्यक्षता में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में 60 शिकायतें दर्ज कराई गई। मंदार के जिला पंचायत सदस्य विजयपाल सिंह रावत ने क्षेत्र में पांच से कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक स्कूलों में एक-एक शिक्षक होने के कारण स्कूलों को समायोजित करने की मांग की।

कुड्डा गांव की सरोजनी देवी ने आपदा से क्षतिग्रस्त पुश्ता ठीक करने, ग्राम पिपली निवासी सुशीला देवी ने नई टिहरी के सीवर लाईन के पानी से घर की दीवार को क्षति पहुंचने की शिकायत दर्ज कराई। ग्राम ल्वार्खा की उर्मिला देवी ने आंगनबाड़ी सहायिका के पद पर आवेदन के सापेक्ष नियुक्ति देने, बौराड़ी निवासी सुनीता देवी ने आवास विहीन होने पर आवास सुविधा देने, बौराड़ी निवासी गंभीर दास ने आर्थिक मदद देने, रविंद्र चौहान ने खेमड़ा गांव के भैंतोगी सेरा के संपर्क मार्ग की मरम्मत करने की मांग की। रौलाकोट के ग्रामीणों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने 2014 में भामेश्वर मंदिर से रौलाकोट होते हुए टिहरी बांध की झील तक सड़क बनाने की घोषणा की थी लेकिन अभी तक सड़क नहीं बन पाई है।

## जब से अमित शाह देश के गृहमंत्री बने हैं, दिल्ली अपराधियों का अड्डा बन गई है, रोज हत्या-लूट हो रही हैं: कुलदीप कुमार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




नई दिल्ली, दिल्ली में बदहाल कानून व्यवस्था की पोल बीजेपी की केंद्र सरकार की ही एजेंसी एनसीआरबी ने खोल कर रख दी है। एनसीआरबी की 2023 की रिपोर्ट से साफ है कि बीजेपी के राज में सिर्फ अपराध का विकास हो रहा है। इसलिए अपराध के मामले दिल्ली देश भर में टॉप पर पहुंच गई है। ये रिपोर्ट बता रही है कि 2023 में दिल्ली में एक फीसद बढ़ा अपराध है और साल भर में कुल 3.23 लाख केस दर्ज हुए है। अपराध ऐसे ही बढ़ता रहा तो, 2025 में सारे रिकॉर्ड टूटने के आसार हैं। वहीं, दिल्ली पुलिस न सिर्फ अपराध रोकने में फेल है, बल्कि चार्जशीट दाखिल करने में भी देशभर में फिस है। जब से अमित शाह देश के गृहमंत्री बने हैं, दिल्ली अपराधियों का अड्डा बन गई है, रोज हत्या-लूट हो रही है। मंगलवार को आप मुख्यालय पर प्रेसवार्ता कर वरिष्ठ नेता और विधायक कुलदीप कुमार ने ये बातें कहीं। कुलदीप कुमार ने कहा कि दिल्ली की कानून व्यवस्था केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के हाथ में है। उनके गृहमंत्री रहते दिल्ली में हर दिन चाकूबाजी, लूट, बलात्कार और छेड़छाड़ की खबरें आ रही हैं। आज दिल्ली में बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। सुबह पार्क में टहलने वाले बुजुर्ग डरते हैं। लाखों बच्चे स्कूल जाते हैं, लेकिन माता-पिता को बम धमकी की खबर मिलती है। जब बच्चा स्कूल में हो और बम से स्कूल उड़ाने की धमकी आए तो एक पेरेंट्स पर क्या गुजरती होगी? बड़े प्राइवेट स्कूलों को बार-बार बम धमकियां मिल रही हैं, लेकिन केंद्र सरकार का खुफिया तंत्र स्रोत नहीं बता पा रहा। कुलदीप कुमार ने हालिया घटनाओं का जिक्र किया और कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट तक को ईमेल से बम से उड़ाने की धमकी मिली है, जिसके बाद पूरा परिसर खाली कराया गया। दिल्ली वालों की सुरक्षा भगवान भरोसे है। चार इंजन वाली सरकार अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को गालियां देने, फोटो खिंचवाने, रील बनाने और झूठे प्रचार में लगी है। उधर एलजी साहब भी लापता हैं, अब उनका कोई बयान नहीं आता। कुलदीप कुमार ने एनसीआरबी 2023 डेटा का हवाला देते हुए कहा कि एक फीसद केसों की बढ़ोतरी के साथ दिल्ली अपराध के मामलों में शीर्ष पर आ चुका है। डेटा के अनुसार, 2022 में दिल्ली में 2.98 लाख अपराध के मामले दर्ज हुए, जबकि 2023 में यही संख्या बढ़कर 3.23 लाख हो गई। वरिष्ठ नागरिकों के खिलाफ अपराध में भी दिल्ली शीर्ष पर पहुंच गया है। आलम यह है कि दिल्ली हर तरह के अपराध में शीर्ष पर है, लेकिन दिल्ली पुलिस चार्जशीट दाखिल करने के मामले में सबसे निचले पायदान पर है। इसलिए अपहरण, हत्याएं बढ़ रही हैं। कुलदीप कुमार ने पूर्व आप सरकार की तुलना की, जहां अरविंद केजरीवाल ने शिक्षा में रिकॉर्ड बनाए। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार में सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे पूरे देश में सुर्खियां बटोरी, लेकिन भाजपा राज में अपराध सुर्खियां बटोर रहा है। 11 साल से केंद्र में बीजेपी की सरकार हैं, दिल्ली की जिम्मेदारी केंद्रीय गृहमंत्री के अधीन है। भाजपा के पास केंद्र, उपराज्यपाल, एमसीडी और डीडीए है। दिल्लीवासियों ने भाजपा को चुनकर यह चार इंजन वाली सरकार दी, इसके बावजूद दिल्ली सुरक्षित नहीं है, क्योंकि अपराधी भाजपा के संरक्षण में पल रहे हैं। कुलदीप कुमार ने भाजपा सरकार सेअपील की कि दिल्ली की माताओं-बहनों को सुरक्षित माहौल दो। उपराज्यपाल और भाजपा की चार इंजन वाली सरकार नींद से जागो, क्योंकि दिल्ली शिक्षा या स्वास्थ्य में नहीं, बल्कि अपराध के मामले में टॉप कर रही है। अमित शाह जी, दिल्ली पर ध्यान दीजिए और पुलिस को अपनी सुरक्षा के बजाय जनता की हिफाजत में लगाएं।

## दिल्ली बीजेपी के संस्थापक विजय कुमार मल्होत्रा का निधन, पीएम नरेंद्र मोदी ने जताया दुख



नई दिल्ली, । भाजपा के सीनियर नेता विजय कुमार मल्होत्रा का 93 साल की उम्र में मंगलवार सुबह निधन हो गया। वह काफी समय से बीमार चल रहे थे और दिल्ली एम्स में उनका इलाज चल रहा था। मल्होत्रा दिल्ली भाजपा के पहले अध्यक्ष थे। वह दिल्ली से पांच बार सांसद और दो बार विधायक रहे हैं और राजधानी में पार्टी का एक प्रमुख चेहरा थे। दिल्ली भाजपा ने एक बयान जारी कर यह जानकारी देते हुए उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विजय कुमार मल्होत्रा के साथ वाली एक पुरानी फोटो शेयर करते हुए उनके निधन पर शोक जताया है। पीएम मोदी ने कहा कि वह जमीन से जुड़े नेता थे। बता दें कि, मल्होत्रा के निधन से एक दिन पहले ही दिल्ली भाजपा को दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) मार्ग पर एक स्थायी दफ्तर मिला था, जिसका उद्घाटन सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। एम्स दिल्ली के मीडिया सेल की हेड डॉक्टर (प्रोफेसर) रीमा दादा की ओर से मंगलवार सुबह एक प्रेस रिलीज जारी कर बताया गया कि भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय कुमार मल्होत्रा का 93 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह एम्स में भर्ती थे। आज सुबह उन्होंने आखिरी सांस ली। दिल्ली भाजपा ने बताया कि उनका पार्थिव शरीर सुबह लगभग 8:45 बजे उनके आधिकारिक आवास 21, गुरुद्वारा रकाबगंज रोड लाया जाएगा जहां लोग उनके अंतिम दर्शन कर सकेंगे। पीएम मोदी से अमित शाह तक किसने क्या लिखा पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर एक फोटो शेयर कर लिखा, जीवनपर्यंत जनसेवा में समर्पित रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय कुमार मल्होत्रा जी के निधन से गहरा दुख हुआ है। वे जमीन से जुड़े ऐसे नेता थे, जिन्हें जनता के मुद्दों की गहरी समझ थी। दिल्ली में पार्टी को सशक्त बनाने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई। संसद में अपनी सक्रियता और योगदान के लिए भी वे सदैव याद किए जाएंगे। शोक की इस घड़ी में उनके परिवारजनों और शुभचिंतकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ॐ शांति! वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लिखा, जनसंघ से लेकर जनता पार्टी और भाजपा तक संगठन को आकार और विस्तार देने में अहम भूमिका निभाने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय कुमार मल्होत्रा जी के निधन से मन अत्यंत व्यथित है। दिल्ली भाजपा में अध्यक्ष हों, दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष या एक जन प्रतिनिधि, विजय कुमार मल्होत्रा जी ने हर भूमिका में देश और दिल्लीवासियों की सेवा की।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय कुमार मल्होत्रा का पार्थव शरीर 21 गुरुद्वारा रकाबगंज रोड पर अंतिम दर्शनों के लिए रखा गया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता विजय कुमार मल्होत्रा का 94 वर्ष की आयु में आज सुबह लगभग छह बजे निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर उनके आधिकारिक आवास 21, गुरुद्वारा रकाबगंज रोड पर अंतिम दर्शनों के लिए रखा गया है। मल्होत्रा का कुछ दिनों से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में इलाज हो रहा था। प्रो. मल्होत्रा के निधन से राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर है। मल्होत्रा ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी के साथ संघ से निकलकर जनसंघ के जरिए राजनीति में कदम रखा। प्रधानमंत्री मोदी ने शोक जताया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके निधन पर शोक जताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स संदेश में लिखा, श्री विजय कुमार मल्होत्रा जी एक उत्कृष्ट नेता थे, जिन्हें जन मुद्दों की गहरी समझ थी। उन्होंने दिल्ली में हमारी पार्टी को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई। उन्हें संसदीय मामलों में उनके हस्तक्षेप के लिए भी याद किया जाता है। उनके निधन से दुःख हुआ। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदना। ॐ शांति। अमित शाह व्यथित केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह ने भी मल्होत्रा के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने कहा कि जनसंघ से लेकर जनता पार्टी और भाजपा तक संगठन को आकार और विस्तार देने में अहम भूमिका निभाने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय कुमार मल्होत्रा जी के निधन से मन अत्यंत व्यथित है। दिल्ली भाजपा में अध्यक्ष हों, दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष या एक जन प्रतिनिधि-विजय कुमार मल्होत्रा ने हर भूमिका में देश और दिल्लीवासियों की सेवा की। उनसे हुई प्रत्येक भेंट में संगठन संबंधी कई बारीक बातें जानने को मिलीं। शोक की इस घड़ी में पूरा भाजपा परिवार उनके परिजनों के साथ खड़ा है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। ॐ शांति शांति शांति। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, प्रेरणास्रोत हैं हमारे भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, बेहद दुख के साथ हमें सूचित करना पड़ रहा है कि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली भाजपा के पहले अध्यक्ष प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा का आज सुबह निधन हो गया। सचदेवा ने कहा कि उनका जीवन सादगी और जनसेवा के प्रति समर्पण की मिसाल रहा। जनसंघ के दिनों से ही उन्होंने दिल्ली में संघ की विचारधारा के विस्तार के लिए अथक प्रयास किए। भाजपा नेता ने कहा, उनका जीवन हमेशा से सभी भाजपा कार्यकताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है और आगे भी रहेगा। लाहौर में हुआ जन्म भाजपा की वेबसाइट पर उपलब्ध विवरण के अनुसार, विजय कुमार मल्होत्रा का जन्म 03 दिसंबर, 1931 को ब्रिटिश भारत में पंजाब के लाहौर शहर में हुआ था। यह स्थान अब पाकिस्तान में है। वो कविराज खजान चंद की सात संतानों में से चौथे थे। मल्होत्रा को भारतीय राजनीतिज्ञ और खेल प्रशासक के रूप में याद किया जाता है । मल्होत्रा दिल्ली प्रदेश जनसंघ के अध्यक्ष (1972 -75) और भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश के दो बार अध्यक्ष चुने गए (1977-80, 1980-84) । मनमोहन सिंह को हराना सबसे बड़ी जीत भाजपा नेता मल्होत्रा का राजनीति में लंबा सक्रिय कैरियर रहा है। केदारनाथ साहनी और मदनलाल खुराना के साथ मिलकर मल्होत्रा को कई वर्षों तक दिल्ली में भाजपा को बचाए रखने का श्रेय दिया जाता है। उनकी सबसे बड़ी राजनीतिक जीत 1999 के भारतीय आम चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को भारी अंतर से पराजित करना माना जाता है। मल्होत्रा पिछले 45 वर्ष में दिल्ली से पांच बार सांसद और दो बार विधायक रहे। साल 2004 के आम चुनाव में मल्होत्रा दिल्ली में अपनी सीट जीतने वाले एकमात्र भाजपा उम्मीदवार रहे हैं। उन्होंने हिंदी साहित्य में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। राजनीति और सामाजिक कार्यों के अलावा उन्होंने शतरंज और तीरंदाजी क्लबों के प्रशासन में निर्णायक भूमिका निभाई।

## केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने रेफेक्समो बिलिटी के स्वच्छप रिवहन अभियान को दिखाई हरीझंडी, 400 इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ दिल्ली-एनसी आर मेंविस्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




नई दिल्ली, रेफेक्स मोबिलिटी, रेफेक्सग्रुप की क्लीन मोबिलिटी शाखा, ने कॉर्पोरेट्स के लिए स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के साथ आज दिल्ली-एनसीआर में अपने परिचालन की शुरूआत की घोषणा की है। इस कार्यक्रम में माननीय केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री प्रह्लाद जोशी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस लॉन्च के साथ, रेफेक्स मोबिलिटी अगले तीन महीनों में दिल्ली-एनसीआर में स्वच्छ ईंधन वाले 400 से अधिक नए चार पहिया वाहन उतारने की योजना बना रहा है, जिससे पूरे भारत में इसकी उपस्थिति और मजबूत होगी। रेफेक्स मोबिलिटी की मुख्य विशेषताएँ: चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद और मुंबई में 1,400 से अधिकआल-इलेक्ट्रिक चार पहिया वाहनों का बेड़ा मौजूद है बीएफएसआई, आईटी/आईटीईएस, टेलिकॉम, ई-कॉमर्स और स्टार्टअप्स में 70 से अधिक अग्रणी कॉर्पोरेट्स को सेवाएँ प्रदान करता है 200 से अधिक कर्मचारियों और एक प्रौद्योगिकी-सक्षम परिवहन प्रबंधन प्रणाली द्वारा समर्थित अपनी स्थापना के बाद से अब तक 35 लाख किलोग्राम टेलपाइप उड उत्सर्जनकी कटौती कर चुका है देश भर के टियर-1 और टियर-2 शहरों में विस्तार के लिए एक स्प्रिंगबोर्ड के रूप में दिल्ली-एनसीआर में विस्तार कर रहा है कार्यक्रम में दिए गए संबोधनः लॉन्च के अवसर पर बोलते हुए, माननीय केंद्रीय मंत्री श्री प्रह्लाद जोशी ने रेफेक्स मोबिलिटी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहाः माननीयप्र धानमंत्री श्री नरेंद्रमोदी जी के दूरदशीर्नेतृत्व के अधीन भारतस्व च्छऊर्जा एवंसंधारणीय परिवहनकीओरतेजीसेगति क्र रहा है। इलेक्ट्रिक वाहनोंऔरस्मार्ट ऊर्जा-कुशलपरिवह,नकीसंभावना ओंकोसार्थक रूप देने के लिएह में यहसुनि श्चित करना होगा किये वाहनसोलर पॉवर्ड हों। मैंकॉपोरे टजगतसे आग्रहकरता हूँ कि वेअप ने इलेक्ट्रिकवाहनों के बेड़ेकेलिएसौर-आधारितचार्जिंगको अपनाक रइसदिशा में पहल करें, जिससेतेल आयातघटेगा, उत्सर्जनमें कटौती आएगी, और अपनीईएस जीप्रतिबद्धता के अनुरूपहरित, स्वस्थ शहरों कानिर्माणसंभव हो सकेगा। रेफेक्स ग्रुप के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक, श्री अनिल जैनने कहाः हम केवल विस्तार के इरादे से दिल्ली-एनसीआर में अपने कदम नहीं रख रहें, बल्कि यह विकास के लिएहमारी प्रतिबद्धता है। आने वाली दो-तीन तिमाहियों में, हम इस क्षेत्र में कॉर्पोरेट्स के लिएस्वच्छ परिवहनका बेड़ा तैयार कर लेंगे। रेफेक्स में, हम ज़िम्मेदारी के साथ विविधीकरण करने में विश्वास करते हैं, और संधारणीयता के इस यात्रा में ग्रीन मोबिलिटीएक सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। रेफेक्स मोबिलिटी के सीईओ श्री अनिरुद्ध अरुण ने कहाः रेफेक्स मोबिलिटी में, हम भारत के लिए एक विश्वसनीय और ज़िम्मेदार परिवहन साधनों की पुनर्कल्पना कर रहे हैं। हमारी प्रतिज्ञा तीन स्तंभों पर टिकी है - भरोसेमंद बेड़े जिन पर कॉर्पोरेट्स भरोसा कर सकें, हर सवार के लिए असाधारण अनुभव, एवंसंधारणीयता और हमारे ड्राइवर पार्टनर्स के प्रति गहरी प्रतिबद्धता। हमें गर्व है कि हम दिल्ली-एनसीआर में अपने प्रवेश के साथशहरी परिवहन के लिए एक स्वच्छ और अधिक विश्वसनीय भविष्य को आकार देने कीसंस्कृति को राजधानी ला रहे हैं।

## पड़ोसी पर हमले में शख्स दोषी करार

नई दिल्ली, । तीस हजारी अदालत ने पड़ोसी का रास्ता रोकने और उस पर हमला करने के मामले में राम कुमार उर्फ कन्हैया को दोषी करार दिया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गौरव गोयल की अदालत ने कहा कि शिकायतकर्ता की गवाही और मेडिकल साक्ष्य एक-दूसरे से मेल खाते हैं। मामला 13 नवंबर 2020 का है। आरोप था कि मजनू का टीला स्थित सरकारी स्कूल के पास आरोपी राम कुमार और शिकायतकर्ता पड़ोसी सुनील कुमार के बीच कहासुनी हुई थी। कहासुनी के बाद आरोपी ने पड़ोसी का रास्ता रोका और डंडे से हमला कर उसको चोट पहुंचाई। सुनील की पत्नी घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल ले गईं। इलाज के बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इस संबंध में सिविल लाइंस थाने में प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

## ठगी के मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार



नई दिल्ली, । चीन और हांगकांग में बैठे साइबर ठगों के साथ मिलकर ठगी करने वाले तीन लोगों को शाहदरा जिला की साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान आयुष कोली, संजीव कुमार और आकाश के रूप में हुई है। शुरूआती जांच के दौरान पुलिस को पता चला आरोपितों के बैंक खातों में तीन करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ है। पुलिस ने आरोपितों के पास से तीन मोबाइल फोन, चार लैपटॉप, एक पेटीएम पीओएस मशीन के अलावा अन्य सामान बरामद किया है। आरोपितों के मोबाइल से मिली चैट से पता चला है कि यह लोग लगातार चीन और हांगकांग में बैठे साइबर ठगों के संपर्क में थे। शाहदरा जिला के पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने मंगलवार को बताया कि विवेक विहार निवासी सुनीत कुमार सूरी ने साइबर ठगी की एक शिकायत दी थी। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने सोशल मीडिया पर विज्ञापन देखकर एक व्हाट्सएप ग्रुप ह्यह्लठख ए’ ३ी ञ्ञ्र ङ्ग्द३ँ ढ’ल्लह्लह्ल में शामिल हुए। आरोपितों ने पीड़ित को निवेश करने पर मोटा मुनाफा देने की बात की। इसके लिए आरोपितों ने मुनाफे के स्क्रीनशॉट भी पीड़ित को भेजे। इनके झांसे में आकर पीड़ित ने 2.25 लाख रुपये निवेश कर दिए। इसके बाद उन्होंने जब अपना मुनाफ निकालने का प्रयास किया तो आरोपितों ने आईपीओ डिलीवरी के नाम पर और पैसों की डिमांड की। ठगी का अहसास होने पर मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज की जांच शुरू की। जिन बैंक खातों में रकम ट्रांसफर हुई थी, उनकी जांच की गई। छानबीन के बाद पुलिस ने दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में छापेमारी कर आयुष कोली, संजीव कुमार और आकाश को दबोच लिया।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता / निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद निम्नलिखित कार्य के लिए **(एकल पैकेट प्रणाली)** के अन्तर्गत खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई–निविदा एनआईटी सं. | 17–विद्युत / नि. / टी.आर.डी. / एम.बी. / 140 |
| 2 | कार्य का नाम व स्थान | मुरादाबाद मण्डल के रोजा–सीतापुर सिटी खण्ड में रोजा में क्रास ओवर शिफ्टिंग, सीतापुर के कि.मी. 78 / 130.201 पर गेट सं. 51 स्पेशल के बदले आरओबी, रोजा–सीतापुर सिटी खण्ड में डाउन मैन लाईन के कि.मी. 14 / 305.923 पर ब्रिज सं. 13 एवं सेक्शनिंग पोस्ट सीतापुर सिटी के विद्युतिकरण हेतु 25 हजार वोल्ट सिंगल फेज ओ.एच.ई. की डिजाइन, सप्लाई, इरेक्शन, टेस्टिंग व कमीशनिंग का कार्य। |
| 3 | कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह) माह |
| 4 | कार्य की अनुमानित लागत | रुपए 1,82,17,550.11 |
| 5 | बयाना राशि जो जमा की जानी है (निविदा दस्तावेज के खण्ड 3.0 के अनुसार) | रुपए 2,41,100 / – |
| 6 | ई–निविदा जमा करने एवं ई–निविदा खुलने की तिथि व समय | निविदा दिनांक 24.10.2025 समय 11:30 बजे तक आईआरईपीएस की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर सकते हैं। निविदाकर्ता ई–निविदा में भाग ले सकते हैं। निविदा दिनांक 24.10.2025 समय 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| 7 | निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र की जानकारी | विस्तृत ई–निविदा एवं निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 10.10.2025 से दिनांक 24.10.2025 तक जमा करने के लिए उपलब्ध रहेगा। निविदाकर्ता जो ई–निविदा में भाग लेने को इच्छुक है उनको सलाह दी जाती है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपना ई–पंजीकरण करा ले जिसके लिए उन्हें क्लास III डिजिटल प्रमाणपत्र की आवश्यकता होगी (यदि पहले से उपलब्ध नहीं है), जो आई टी नियम–2000 के अन्तर्गत सीसीए द्वारा जारी की जाएगी। उपरोक्त निविदा के अन्य सभी नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में दिये गये हैं। केवल ई–निविदाएं ही स्वीकार की जाएंगी तथा किसी अन्य रूप में प्रस्तुत निविदाएं तुरन्त अस्वीकार कर दी जाएंगी। |

सं.: 17–विद्युत / नि. / टी.आर.डी. / एम.बी. / 140 दिनांक: 30.09.2025 3021/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## बेकाबू कार ने सड़क पार कर शख्स को कुचला

नई दिल्ली, । एयरपोर्ट-धौला कुआं रोड पर बेकाबू कार की टक्कर से एक शख्स की मौत हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि 51 वर्षीय अखिलेश शर्मा परिवार के साथ दिल्ली कैंट इलाके में रहते थे। वह मूलतः शाहाबाद गांव, छत्ता तहसील, पटना, बिहार के रहने वाले थे। वह गुरुग्राम, हरियाणा में बतौर सुरक्षाकर्मी काम करता थे। 26 सितंबर को अखिलेश एयरपोर्ट-धौला कुआं रोड पर महिपालपुर की ओर जा रहे थे।


THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND NEITHER DOES IT CONSTITUTE A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT NOR IS IT AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES. NOT FOR RELEASE, PUBLICATION OR DISTRIBUTION, DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA. INITIAL PUBLIC OFFERING OF EQUITY SHARES ON THE MAIN BOARD OF THE BSE LIMITED ("BSE") AND NATIONAL STOCK EXCHANGE OF INDIA LIMITED ("NSE" AND TOGETHER WITH BSE, THE "STOCK EXCHANGES") IN COMPLIANCE WITH CHAPTER II OF THE SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (ISSUE OF CAPITAL DISCLOSURES REQUIREMENTS) REGULATIONS, 2018, AS AMENDED.

**PUBLIC ANNOUNCEMENT**

(Please scan this QR Code to view the Draft Red Herring Prospectus)

Mann
Discover the Excellence

**MANN FLEET PARTNERS LIMITED**

Our Company was originally incorporated as "Mann Tourist Transport Service Private Limited", under the Companies Act, 1956 through a certificate of incorporation dated August 07, 1992, issued by the Registrar of Companies, Delhi & Haryana ("RoC"). Subsequently, our Company was converted into a public limited company pursuant to a resolution passed by our Board of Directors on October 01, 2024 and a special resolution passed by our shareholders on October 22, 2024 in an Extra-Ordinary General Meeting. Consequently, the name of our Company was changed to "Mann Tourist Transport Service Limited" and a fresh certificate of incorporation was issued to our Company by the Registrar of Companies, Central Processing Centre ("CPC") on December 17, 2024. Thereafter, the name of our Company was changed from "Mann Tourist Transport Service Limited" to "Mann Fleet Partners Limited" pursuant to a resolution passed by our Board of Directors on January 07, 2025, and a special resolution dated January 07, 2025 passed by our shareholders in Extra-Ordinary General Meeting. Consequently, a fresh certificate of incorporation was issued pursuant to the change of name dated January 30, 2025, issued by the Registrar of Companies, Central Processing Centre ("CPC"). Our Company's Corporate Identity Number is U50401DL1992PLC049876. For further details, kindly refer "Our History and Certain Corporate Matters-Brief History of our Company" beginning on page 278 of the Draft Red Herring Prospectus dated September 29, 2025 ("DRHP").

**Registered Office :** A-34, Okhla Industrial Area, Phase-1, New Delhi-110 020, India, **Contact Person :** Bhupin Khanna, Company Secretary and Compliance Officer; **Tel. :** 011-46202122, **Email :** cs@manntours.com; **Website :** www.mannfleetpartners.com **Corporate Identity Number :** U50401DL1992PLC049876

**PROMOTERS OF OUR COMPANY : AMRIT PAL SINGH MANN, PARMJEET MANN AND ROBIN SINGH MANN**

**INITIAL PUBLIC OFFERING OF UP TO 8,010,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10 EACH ("EQUITY SHARES") OF MANN FLEET PARTNERS LIMITED ("OUR COMPANY" OR THE "ISSUER") FOR CASH AT A PRICE OF ₹ [•] PER EQUITY SHARE ("OFFER PRICE") (INCLUDING A PREMIUM OF ₹ [•] PER EQUITY SHARE) AGGREGATING UP TO ₹ [•] LAKHS (THE "OFFER"). THE OFFER COMPRISES OF A FRESH ISSUE OF UP TO 6,410,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10 EACH AGGREGATING UP TO ₹ [•] LAKHS BY OUR COMPANY (THE "FRESH ISSUE") AND AN OFFER FOR SALE OF UP TO 1,600,000 EQUITY SHARES BY AMRIT PAL SINGH MANN AND PARMJEET MANN (THE "PROMOTER SELLING SHAREHOLDERS") AND REFERRED TO AS, THE "SELLING SHAREHOLDERS") (THE "OFFER FOR SALE"). THE OFFER WOULD CONSTITUTE [•] % OF OUR POST-OFFER PAID-UP EQUITY SHARE CAPITAL.**

**THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARES IS ₹ 10 EACH AND THE OFFER PRICE IS [•] TIMES THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARES. THE PRICE BAND AND THE MINIMUM BID LOT SIZE WILL BE DECIDED BY OUR COMPANY, IN CONSULTATION WITH THE BOOK RUNNING LEAD MANAGER AND WILL BE ADVERTISED IN ALL EDITIONS OF [•] (A WIDELY CIRCULATED ENGLISH NATIONAL DAILY NEWSPAPER), ALL EDITIONS OF [•] (A WIDELY CIRCULATED HINDI NATIONAL DAILY NEWSPAPER) AND [•] EDITION OF [•] (A HINDI NEWSPAPER WITH WIDE CIRCULATION IN DELHI, HINDI BEING THE REGIONAL LANGUAGE OF DELHI, WHERE OUR REGISTERED OFFICE IS LOCATED), AT LEAST 2 WORKING DAYS PRIOR TO THE BID / OFFER OPENING DATE AND SHALL BE MADE AVAILABLE TO THE STOCK EXCHANGES FOR THE PURPOSE OF UPLOADING ON THEIR RESPECTIVE WEBSITES, IN ACCORDANCE WITH THE SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (ISSUE OF CAPITAL AND DISCLOSURE REQUIREMENTS) REGULATIONS, 2018, AS AMENDED (THE "SEBI ICDR REGULATIONS").**

In case of any revision in the Price Band, the Bid / Offer Period shall be extended for at least three additional Working Days after such revision of the Price Band, subject to the total Bid / Offer Period not exceeding 10 Working Days. In cases of force majeure, banking strike or similar circumstances, our Company in consultation with the BRLM, for reasons to be recorded in writing, extend the Bid / Offer Period for a minimum of One Working Day, subject to the Bid / Offer Period not exceeding 10 Working Days. Any revision in the Price Band, and the revised Bid / Offer Period, if applicable, shall be widely disseminated by notification to the Stock Exchanges by issuing a public notice and also by indicating the change on the respective websites of the BRLM and at the terminals of the members of the Syndicate and by intimation to Designated Intermediaries and Sponsor Bank(s), as applicable.

The Offer is being made in terms of Rule 19(2)(b) of the Securities Contracts (Regulation) Rules, 1957, as amended (the "SCRR"), read with Regulation 31 of the SEBI ICDR Regulations. The Offer is being made in accordance with Regulation 6(1) of the SEBI ICDR Regulations, through the Book Building Process wherein not more than 50% of the Offer shall be available for allocation on a proportionate basis to Qualified Institutional Buyers ("QIBs") (such portion referred to as "QIB Portion"), provided that our Company in consultation with the BRLM may allocate up to 60% of the QIB Portion to Anchor Investors on a discretionary basis in accordance with the SEBI ICDR Regulations (the "Anchor Investor Portion"), out of which one-third shall be reserved for domestic Mutual Funds only, subject to valid Bids being received from domestic Mutual Funds at or above the price at which allocation is made to Anchor Investors ("Anchor Investor Allocation Price"), in accordance with the SEBI ICDR Regulations. In the event of under-subscription or non-allocation in the Anchor Investor Portion, the balance Equity Shares shall be added to the QIB Portion (excluding the Anchor Investor Portion) (the "Net QIB Portion"). Further, 5% of the Net QIB Portion shall be available for allocation on a proportionate basis to Mutual Funds only, and the remainder of the Net QIB Portion shall be available for allocation on a proportionate basis to all QIB Bidders (other than Anchor Investors), including Mutual Funds, subject to valid Bids being received at or above the Offer Price. However, if the aggregate demand from Mutual Funds is less than 5% of the Net QIB Portion, the balance Equity Shares available for allocation in the Mutual Fund Portion will be added to the remaining Net QIB Portion for proportionate allocation to all QIBs. Further, not less than 15% of the Offer shall be available for allocation on a proportionate basis to Non-Institutional Investors out of which (a) one-third of such portion shall be reserved for applicants with application size of more than ₹ 2,00,000 and up to ₹10,00,000; and (b) two third of such portion shall be reserved for applicants with application size of more than ₹10,00,000, provided that the unsubscribed portion in either of such sub-categories may be allocated to applicants in the other sub-category of Non-Institutional Investors and not less than 35% of the Offer shall be available for allocation to Retail Individual Investors in accordance with the SEBI ICDR Regulations, subject to valid Bids being received at or above the Offer Price. All potential Bidders (except Anchor Investors) are required to mandatorily use the Application Supported by Blocked Amount ("ASBA") process providing details of their respective ASBA accounts, and UPI ID in case of UPI Bidders, if applicable, in which the corresponding Bid Amounts will be blocked by the SCSBs or by the Sponsor Bank(s) under the UPI Mechanism, as applicable, to the extent of the respective Bid Amounts. Anchor Investors are not permitted to participate in the Offer through the ASBA process. For further details, kindly refer '*Offer Procedure*' beginning on page 472 of the Draft Red Herring prospectus.

This public announcement is being made in compliance with the provisions of regulation 26(2) of the SEBI ICDR Regulations to inform the public that our Company is proposing, subject to applicable statutory and regulatory and requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to undertake an initial public offering of its Equity Shares and has filed the DRHP dated September 29, 2025 with the Securities and Exchange Board of India **("SEBI")** on September 29, 2025.

Pursuant to Regulation 26(1) of SEBI ICDR Regulations, the Draft Red Herring Prospectus filed with SEBI shall be made public for comments, if any, for a period of at least 21 (twenty one) days from the date of such filing, by hosting it on the websites of SEBI at **www.sebi.gov.in,** the BRLM at **ipo@khambattasecurities.com,** our Company at **www.mannfleetpartners.com,** and the Stock Exchanges where the Equity Shares are proposed to be listed, i. e. BSE at **www.bseindia.com** and NSE at **www.nseindia.com.** Our Company hereby invites the public to give their comments on the DRHP filed with SEBI in respect of disclosures made in the Draft Red Herring Prospectus. The public is requested to send a copy of the comments sent to SEBI, to the Company Secretary and Compliance Officer of our Company and the BRLM at their respective addresses mentioned herein. All comments must be received by our Company or the BRLM in relation to the Offer on or before 5.00 p. m. on the 21st day from the aforementioned date of filing of the Draft Red Herring Prospectus with SEBI.

Investments in equity and equity-related securities involve a degree of risk and investors should not invest any funds in the Issue unless they can afford to take the risk of losing their entire investment. Investors are advised to read the risk factors carefully before taking an investment decision in the Issue. For taking an investment decision, investors must rely on their own examination of our Company and the Issue, including the risks involved. The Equity Shares in the Issue have not been recommended or approved by the Securities and Exchange Board of India ("SEBI"), nor does SEBI guarantee the accuracy or adequacy of the contents of this Draft Red Herring Prospectus. Specific attention of the investors is invited to the section titled "Risk Factors" beginning on page 41 of the Draft Red Herring Prospectus ("DRHP").

Any decision to invest in the equity shares described in the Draft Red Herring Prospectus ("DRHP") may be made after a Red Herring Prospectus ("RHP") has been registered with the RoC and must be made solely on the basis of such RHP as there may be material changes in the RHP from the DRHP. The Equity shares, when offered through the RHP, are proposed to be listed on Stock Exchanges.

The liability of the members of our Company is limited by shares. For details of the main objects of our Company as contained in the Memorandum of Association, kindly refer *"Our History and Certain Corporate Matters"* beginning on page 278 of the DRHP. For details of the share capital and capital structure of our Company and the names of the signatories of the Memorandum of Association and the number of shares of our Company subscribed by them, kindly refer *"Capital Structure"* beginning on page 102 of the Draft Red Herring Prospectus ("DRHP").

| BOOK RUNNING LEAD MANAGER | REGISTRAR TO THE OFFER |
|---|---|
| Khambatta Securities Limited SINCE 1918 / SIXTH SENSE analytics ... beyond the obvious | |
| **KHAMBATTA SECURITIES LIMITED**<br>806, World Trade Tower, Tower B, Noida Sector-16, Uttar Pradesh-201301, India<br>**Tel.:** +91 9953989693; 0120 4415469<br>**E-mail :** ipo@khambattasecurities.com<br>**Website :** www.khambattasecurities.com<br>**Investor grievance e-mail :** mbcomplaints@khambattasecurities.com<br>**Contact Person :** Chandan Mishra / Shubhra<br>**SEBI Registration Number :** INM000011914 | **BIGSHARE SERVICES PRIVATE LIMITED**<br>Office No. S-62, 6th Floor, Pinnacle Business Park, Next to Ahura Centre, Mahakali Caves Road, Andheri (East), Mumbai-400 093.<br>**Tel. :** +91 22 62638200<br>**E-mail :** ipo@bigshareonline.com<br>**Website :** www.bigshareonline.com<br>**Investor grievance e-mail :** investor@bigshareonline.com<br>**Contact person :** Babu Rapheal C.<br>**SEBI Registration No. :** INR000001385 |

All capitalized terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed in the Draft Red Herring Prospectus ("DRHP").

**For MANN FLEET PARTNERS LIMITED**
On behalf of Board of Directors
Sd/-
**Bhupin Khanna**
**Company Secretary and Compliance Officer**

**Place : New Delhi**
**Date : September 30, 2025**

**MANN FLEET PARTNERS LIMITED is proposing, subject to applicable statutory and regulatory and requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to undertake an initial public offering of its Equity Shares and has filed the DRHP dated September 29, 2025 with SEBI on September 29, 2025. The DRHP shall be available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, NSE at www.nseindia.com, BSE at www.bseindia.com and the website of the BRLM at www.khambattasecurities.com and our Company at www.mannfleetpartners.com. Any potential investor should note that the investment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to risk, please refer to the section titled "Risk Factors" of the Red Herring Prospectus, when filed. Potential investors should not rely on the Draft Red Herring Prospectus filed with SEBI for making any investment decisions. Specific attention of the Investors is invited to the section titled "Risk Factors" beginning on page 41 of the DRHP.**

*The Equity Shares offered have not been and will not be registered under the U. S. Securities Act, 1933, as amended **("U. S. Securities Act")** or any other applicable laws in the United States and, unless so registered, may not be offered or sold within the United States except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the U. S. Securities Act and applicable state securities laws. Accordingly, the Equity shares are being offered and sold outside the United States in offshore transactions as defined in and in reliance on regulation S under the U. S. Securities Act and the applicable laws of the jurisdictions where those offers and sales are made. The Equity Shares have not been and will not be registered, listed or otherwise qualified in any other jurisdiction outside India and may not be issued or sold, and Bids may not be made by persons in any such jurisdiction, except in compliance with the applicable laws of such jurisdiction.*

FORTUNA + SHARK

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, बुधवार, 01 अक्टूबर, 2025

## मेयर को उनके साथ बैठकर मांगों पर बातचीत करके सामाधान निकालना चाहिए था लेकिन उनके पास इनकी बात सुनने का भी समय नहीं: अंकुश नारंग

प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, दिल्ली में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी मच्छरजनित मौसमी बीमारियों ने इस बार पिछले पांच वर्षों के रिकॉर्ड तोड़ दिया हैं। दिल्ली में पूरी तरह फेल हो चुकी भाजपा की चार इंजन वाली सरकार पर आम आदमी पार्टी के एमसीडी में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि दिल्लीवालों पर डेंगू-मलेरिया और चिनकगुनिया जैसी मौसमी बीमारियां लगातार कहर बरपा रही हैं।एमसीडी की रिपोर्ट के मुताबिक, बीते सप्ताह मलेरिया के 38 केस आए और अब तक इसके 371 केस आए हैं, जबकि डेंगू के बीते सप्ताह 74 और अबतक 759 केस आए हैं। ऐसे समय में डीबीसी-सीएफडब्लू कर्मचारियों को हड़ताल पर जाने से हालात और बदतर होंगे। अगर मेयर राजा इकबाल सिंह इनकी मांगे पूरी कर देते तो आज दिल्लीवाले न डेंगू-मलेरिया से झुलसते और न तो कर्मचारी हड़ताल पर जाने को मजबूर होते। अंकुश नारंग ने मंगलवार को मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया के बढ़ते मामलों पर कहा कि भाजपा की चार इंजन वाली सरकार पूरी तरह विफल साबित हो रही है। भाजपा की विफलता के कारण ही आज एमसीडी के डीबीसी- सीएफडब्ल्यू कर्मचारी हड़ताल पर हैं। मेयर राजा इकबाल सिंह की हठधर्मिता का खामियाजा कारण दिल्ली की जनता को भुगतना पड़ रहा है। अंकुश नारंग ने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि बीते सप्ताह दिल्ली में मलेरिया के 38 नए मामले सामने आए हैं, जो पिछले पांच सालों में सबसे ज्यादा है। वर्तमान तक दिल्ली में 371 मलेरिया मामले दर्ज हो चुके हैं।इसी तरह, डेंगू के 74 नए मामले रिपोर्ट हुए हैं, जिससे कुल संख्या 759




पहुंच गई है।चिकनगुनिया के मामले भी पिछले पांच वर्षों के उच्चतम स्तर पर हैं और अब तक 61 मामले सामने आ चुके हैं। अंकुश नारंग ने एमसीडी सदन में उठाए गए मुद्दे का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने 29 सितंबर को डीबीसी- सीएफडब्ल्यू कर्मचारियों की हड़ताल की चेतावनी दी थी। ये कर्मचारी रोजाना फॉगिंग, छतों पर टंकियों की जांच, पानी जमा होने से रोकथाम और मच्छर लार्वा की निगरानी करते हैं। मैंने मेयर और निगम आयुक्त को पत्र लिखकर कर्मचारियों से बातचीत की सलाह दी थी, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। अंकुश नारंग ने कहा कि यह शर्मनाक है कि मेयर की अकड़ और अहंकार के कारण दिल्ली की जनता को इन बीमारियों की चपेट में आना पड़ेगा। अंकुश नारंग ने आम आदमी पार्टी की सरकार की तुलना करते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल के कार्यकाल में 10 हफ्ते, 10 रविवार, 10 बजे, 10 मिनटह्व नामक एक सफल अभियान चलाया गया था, जो जनता को घरों में पानी जमा होने से रोकने के लिए जागरूक करता था। वर्तमान भाजपा सरकार के पास न कोई अभियान है, न रणनीति और न ही सरकारी या एमसीडी अस्पतालों में पर्याप्त इलाज की व्यवस्था। अंकुश नारंग ने चेतावनी दी कि भाजपा को सातों लोकसभा सीटें और 70 में से 48 विधानसभा सीटें देने वाली दिल्ली की जनता भाजपा सरकार और मेयर के इस अहंकार को नहीं भूलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि एमसीडी सदन में पहले ही चेतावनी दी थी कि 5,200 डीबीसी और सीएफडब्ल्यू कर्मचारी 29 सितंबर से हड़ताल पर जा रहे हैं, जिससे दिल्ली में मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया के मामले तेजी से बढ़ सकते हैं। इस हड़ताल के कारण दिल्ली की जनता, आपके, हमारे परिवार और वार्ड के लोग भी सुरक्षित नहीं रहेंगे। अंकुश नारंग ने बताया कि मैंने एमसीडी सदन में इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया था और महापौर राजा इकबाल सिंह तथा निगम आयुक्त से कर्मचारियों की मांगों पर बातचीत करने की अपील की थी। इसके बाद मैंने लिखित पत्र भी भेजा, लेकिन महापौर ने 10 मिनट का समय भी नहीं निकाला, ताकि 5,200 कर्मचारियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं का समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि ऐसे ह्वअंधे, गूंगे और अहंकारीह्व महापौर की दिल्ली को क्या जरूरत, जो कर्मचारियों को सड़कों पर हड़ताल के लिए मजबूर करे और जनता को मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया के खतरे में छोड़ दे?

## नंद नगरी में चाकू के साथ बंदर गिरफ्तार वारदात की फिराक में घूम रहा था

प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के नंद नगरी इलाके में पुलिस ने एक आदतन अपराधी को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई नंद नगरी थाने की गश्ती टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर की। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पकड़े गए आरोपी युवक की पहचान नंद नगरी का निवासी अमन उर्फ बंदर (24) के रूप में हुई। 29 सितंबर को शाम करीब 7:30 बजे, नंद नगरी थाने की गश्ती टीम डिस्ट्रिक्ट पार्क के पास नियमित गश्त कर रही थी। इसी दौरान कांस्टेबल दीपक और विमल को एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से बटन से चलने वाला एक चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने उसके खिलाफ नंद नगरी थाने में शस्त्र अधिनियम की धारा 25 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने जब अमन की आपराधिक पृष्ठभूमि की जांच की, तो पता चला कि वह पहले से ही डकैती, चोरी और शस्त्र अधिनियम के उल्लंघन जैसे पांच आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। अमन उर्फ बंदर को अपराध की दुनिया में आदतन अपराधी माना जाता है और वह आसान निशाने की तलाश में चाकू लेकर इलाके में घूम रहा था। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है। नंद नगरी थाने की इस त्वरित कार्रवाई से इलाके में अपराध पर अंकुश लगाने में मदद मिली है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की सतर्कता की सराहना की है। पुलिस का कहना है कि इस तरह की गश्त और गुप्त सूचनाओं पर कार्रवाई से अपराधियों में डर पैदा होगा और क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ेगी। इस मामले में आगे की जांच से यह पता लगाया जाएगा कि अमन के अन्य आपराधिक गतिविधियों से कोई संबंध है या नहीं। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## दिल्ली-एनसीआर में झमाझम बारिश उमस और गर्मी से मिली राहत

प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी और एनसीआर में मंगलवार को तेज बारिश से लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग ने दिनभर सामान्यतः बादल छाए रहने और लगातार बारिश की संभावना जताई है। दिल्ली, गाजियाबाद और नोएडा में आज तेज बारिश हुई, जिससे कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। फिरोजशाह रोड, पटेल चौक मेट्रो स्टेशन के आसपास के इलाकों समेत अन्य जगहों पर पानी भरने से आवागमन प्रभावित हुआ। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने पूर्वानुमान जारी करते हुए कहा है कि अगले 2 से 3 घंटों में गुरुग्राम और एनसीआर के अन्य हिस्सों में तेज बारिश हो सकती है। इसके अलावा अगले 6 घंटों में नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद, पीतमपुरा, बागपत और हरियाणा के झज्जर, रोहतक, भिवानी में गरज-चमक के साथ भारी बारिश होने की संभावना है। अचानक हुई बारिश से जहां लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली है।

## यौनशोषण मामले में गिरफ्तार बाबा चैतन्यानंद के मोबाइल से मिले कई लड़कियों के स्क्रीनशॉट

प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। लड़कियों के यौनशोषण के मामले में गिरफ्तार आरोपी बाबा चैतन्यानंद जांच में दिल्ली पुलिस का सहयोग नहीं कर रहा है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान बाबा चैतन्यानंद सरस्वती का चौंकाने वाला व्यवहार सामने आ रहा है। बाबा अपनी गलती स्वीकार करने के बजाय लगातार झूठ बोल रहा है। चैतन्यानंद की गिरफ्तारी के बाद उनसे की जा रही पूछताछ में पुलिस को कई हैरान कर देने वाली जानकारी मिली है। चैतन्यानंद ने न केवल अपनी धार्मिक छवि को लेकर लोगों को धोखा दिया, बल्कि कई युवतियों से गलत तरीके से संपर्क करने की कोशिश भी की। बाबा के मोबाइल फोन से कई लड़कियों के चैट्स और स्क्रीनशॉट्स पुलिस को मिले हैं। यह भी सामने आया कि बाबा के पास एयर होस्टेस की कई तस्वीरें थीं, जिनके साथ उसने खुद के फोटो खिंचवाए थे। इन तस्वीरों को बाबा ने अपने फोन में रखा हुआ था और इनमें से कुछ फोटो का स्क्रीनशॉट भी मिला है, जो लड़कियों की मोबाइल डीपी से लिए गए थे। दिल्ली पुलिस के अधिकारी का कहना है कि पूछताछ के दौरान बाबा शुरूआत में गोलमोल जवाब दे रहे थे, लेकिन जब पुलिस ने उन्हें उनके खिलाफ मौजूद सबूतों को दिखाया और सख्ती से सवाल पूछे, तब जाकर बाबा ने कुछ जवाब देना शुरू किया। हालांकि, उसके बयान में लगातार विरोधाभास नजर आ रहा है। पुलिस ने चैतन्यानंद की दो महिला सहयोगियों को भी हिरासत में लिया है और उन्हें बाबा से आमना-सामना करवाया जा रहा है ताकि बाबा के अपराधों को और पुख्ता किया जा सके। यह भी दावा किया जा रहा है कि इन महिला सहयोगियों से बाबा के और खुलासे हो सकते हैं। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने 28 सितंबर को चैतन्यानंद को 5 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा था।

## शाहदरा जगतपुरी एक्सटेंशन में दर्दनाक हादसा

### बच्ची की मौत, निर्माण कार्य में लापरवाही की आशंका

प्रात: किरण: मनोज जैन



शाहदरा जगतपुरी एक्सटेंशन इलाके में सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। निमार्णाधीन चार मंजिला इमारत से लोहे की छड़ गिरने से गली में गुजर रही पाँच वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे तुरंत जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना ने पूरे इलाके में शोक और चिंता की लहर दौड़ा दी। डीसीपी शाहदरा, प्रशांत गौतम ने बताया कि हादसा सोमवार की सुबह करीब 11 बजे गली नंबर 4, जगतपुरी एक्सटेंशन में हुआ। बच्ची अपने घर के बाहर से गुजर रही थी, तभी ऊपर से लोहे की छड़ उसके सिर पर गिर गई। प्राथमिक जांच में पता चला कि छत पर पानी की टंकी लगाने के लिए लोहे की सरिया लगाई जा रही थी। निर्माण कार्य में लापरवाही के कारण यह दर्दनाक हादसा हुआ। मकान मालिक नाथू सिंह (68 वर्ष) पुत्र गिरवर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। मौके पर मौजूद तीन मजदूरों को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल लोहे की छड़ जब्त कर ली है और निर्माण कार्य को रोक दिया गया है। डीसीपी प्रशांत गौतम ने कहा कि हादसे की पूरी जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## शाहदरा साइबर पुलिस ने तीन करोड़ रुपये की ऑनलाइन ठगी का किया भंडाफोड़ डीसीपी प्रशांत गौतम

### एएसबी सेल शाहदरा ने 3,000 क्वार्टर अवैध शराब जब्त की

प्रात: किरण: मनोज जैन

शाहदरा पुलिस ने हाल ही में दो बड़े अपराधी नेटवर्क का पदार्फाश किया है। डीसीपी शाहदरा, प्रशांत गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि साइबर थाना पुलिस ने एक ऑनलाइन धोखाधड़ी गिरोह को पकड़ा, जिसमें तीन आरोपी झ आयुष कोली, संजीव कुमार और आकाश झ शामिल थे। आरोपियों ने फर्जी व्हाट्सऐप समूह बनाकर निवेशकों को आईपीओ और भारी मुनाफे का लालच दिया और लगभग तीन करोड़ रुपये की ठगी की। जांच में यह भी सामने आया कि गिरोह के तार हांगकांग और चीन से जुड़े हैं और डिजिटल मुद्रा के माध्यम से विदेशी लेन-देन किए गए। शिकायतकर्ता 64 वर्षीय सुनीत कुमार सूरी, निवासी विवेक विहार, ने बताया कि उन्होंने सोशल मीडिया विज्ञापन देखकर ह्वएन.जे. एलीट ग्रोथ



प्लान 768ह्व नामक व्हाट्सऐप समूह में निवेश किया। शुरूआत में उन्होंने अपने निजी बैंक खाते से 2,25,000 रुपये डाले, लेकिन जब उनसे और धनराशि मांगी गई तो धोखाधड़ी का पता चला और मामला दर्ज कराया गया। डीसीपी प्रशांत गौतम ने बताया कि शिकायतकर्ता के साथ अन्य निवेशकों के लाखों रुपये भी इस गिरोह द्वारा ठगे गए। साइबर टीम ने थाना प्रभारी (एसएचओ) विजय कुमार के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक अजय भट्ट, मुख्य कांस्टेबल धनिश, मुख्य कांस्टेबल अनुज, मुख्य कांस्टेबल विकास और सिपाही प्रभु दयाल की टीम गठित की। टीम ने बैंक लेन-देन, इंटरनेट प्रोटोकॉल विवरण, व्हाट्सऐप चैट और डिजिटल उपकरणों का गहन विश्लेषण किया। इसके बाद दिल्ली के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से मोबाइल फोन, लैपटॉप और पेटीएम भुगतान यंत्र बरामद हुए, साथ ही उनके व्हाट्सऐप संवादों में विदेशी संपर्क और डिजिटल मुद्रा लेन-देन के साक्ष्य भी सामने आए। इसी दौरान एएसबी सेल, शाहदरा ने विवेक विहार क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी का पदार्फाश किया। उप-निरीक्षक अजय तोमर के नेतृत्व में टीम ने 3,000 क्वार्टर देशी शराब बरामद की। संदिग्ध वाहन चालक मौके से भाग गया। बरामद शराब में देशी शराब ह्वसंतराह्व और ह्वरेस-7ह्व शामिल थी। डीसीपी , प्रशांत गौतम ने कहा कि त्यौहारों के दौरान शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की सतर्कता बढ़ा दी गई है और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत दी जानी चाहिए। दोनों मामलों में गहन जांच जारी है। साइबर ठगी और अवैध शराब तस्करी नेटवर्क की पूरी तह तक पड़ताल की जा रही है, ताकि दोषियों को सजा दिलाई जा सके और पीड़ितों का धन और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। डीसीपी प्रशांत गौतम ने भरोसा दिलाया कि जांच में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी और सभी जिम्मेदारों को न्याय के दायरे में लाया जाएगा।

## शाहदरा में महाअष्टमी — माँ महागौरी की आराधना और कन्या पूजन से गूंजे घर-घर

### मंदिरों में पूजा-पाठ, घरों में भोग और रामलीला मंचों पर भक्तिसंगीत की रौनक

प्रात: किरण: मनोज जैन

शाहदरा। शारदीय नवरात्र का आठवां दिन महाअष्टमी के रूप में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। विवेक विहार, कृष्णा नगर, जगतपुरी, गांधी नगर, शांति मोहल्ला के मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। माँ महागौरी का विशेष श्रृंगार कर आरती हुई और हजारों श्रद्धालुओं ने नारियल, मिश्री, दूध और मौसमी फल का भोग अर्पित किया। मंदिर प्रांगण फूलों की झालरों और दीपमालाओं से सजे रहे, जहाँ घंटों तक दुर्गा सप्तशती का पाठ और भजन-कीर्तन की गूंज बनी रही। महाअष्टमी पर घर-घर में




कन्या पूजन का आयोजन हुआ। भक्तों ने छोटी-छोटी कन्याओं को माँ का स्वरूप मानकर उनका चरण पखारा, चुनरी ओढ़ाई और उन्हें हलवा-पूरी व चने का भोग कराकर आशीर्वाद लिया। परिवारों और मोहल्लों में सुबह से ही महिलाएँ और बच्चे इस आयोजन में जुटे रहे। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि कन्या पूजन से माँ महागौरी प्रसन्न होती हैं और घर में सुख-शांति और समृद्धि आती है। सामुदायिक स्तर पर भी कई स्थानों पर भंडारे और प्रसाद वितरण हुए। स्थानीय धार्मिक संस्थाओं और समितियों ने सफाई, रोशनी और भीड़-प्रबंधन की विशेष व्यवस्था की। मंदिरों में विशेष आरतियाँ और सामूहिक भजन-कीर्तन हुए, जिनमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। जगह-जगह भक्त मंडलियों ने माँ की महिमा का गुणगान किया और पूरा क्षेत्र भक्ति के रंगों में डूब गया। शाम ढलते ही रामलीला मंचों पर विशेष प्रस्तुतियों की शुरूआत हुई। कृष्णा नगर, विवेक विहार और गांधी नगर के मैदानों में माता की स्तुति पर आधारित नृत्य-नाटिकाओं और भक्ति गीतों ने माहौल को और भव्य बना दिया। परिवारों के साथ आए श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहे। शाहदरा की अष्टमी का यह पर्व केवल धार्मिक आयोजन नहीं रहा, बल्कि सामुदायिक एकता और सांस्कृतिक उत्सव का सशक्त प्रतीक भी बन गया।

## प्रोफेसर मल्होत्रा की सरलता, संगठन कौशल रहेगा सदैव प्रेरणास्रोत : विजेंद्र गुप्ता

नई दिल्ली,। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर विजय कुमार मल्होत्रा के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि राजनीति के क्षेत्र में उनकी सरलता, संगठन कौशल और मार्गदर्शक व्यक्तित्व सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे। श्री विजेंद्र गुप्ता ने मंगलवार को कहा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, दिल्ली भाजपा के प्रथम अध्यक्ष प्रोफेसर विजय कुमार मल्होत्रा के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र, संगठन और समाज के कल्याण हेतु समर्पित किया। राजनीति के क्षेत्र में उनकी सरलता, संगठन कौशल और मार्गदर्शक व्यक्तित्व सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे। उन्होंने कहा ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान तथा शोकाकुल परिजनों और समर्थकों को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। दिल्ली के कैबिनेट मंत्री परवेश साहिब सिंह ने कहा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, दिल्ली भाजपा के प्रथम अध्यक्ष एवं संगठन के आधार स्तंभ प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। उन्होंने अपना जीवन राष्ट्र, समाज और संगठन को समर्पित किया। उनका सादा, शुचितापूर्ण और प्रेरणादायक व्यक्तित्व हम सभी के लिए अनुकरणीय रहेगा। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और परिजनों को यह दुःख सहने की शक्ति दें। दिल्ली के कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली भाजपा के प्रथम अध्यक्ष प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा का जीवन सादगी एवं जन सेवा में समर्पण की मिसाल रहा, उन्होंने दिल्ली में संघ की विचारधारा के विस्तार के लिए जनसंघ काल से बहुत काम किया। उनका जीवन सभी भाजपा कार्यकताओं को सदैव प्रेरणा देता रहा है और देता रहेगा। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा भाजपा के वरिष्ठ नेता, दिल्ली भाजपा के प्रथम अध्यक्ष प्रोफेसर विजय कुमार मल्होत्रा के आकस्मिक निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय कुमार मल्होत्रा के निधन से दिल्ली में शोक की लहर

प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के विकास में अहम योगदान देने वाले विजय कुमार मल्होत्रा का निधन हो गया है। उनके निधन से दिल्ली के राजनीतिक, व्यापारिक और खेल जगत में शोक की लहर छा गई है। भाजपा नेताओं ने उनके निधन को दिल्ली और पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रवीण खंडेलवाल ने मल्होत्रा को दिल्ली का सच्चा मित्र और व्यापारियों का मसीहा करार दिया। उन्होंने कहा, मल्होत्रा जी ने दिल्ली के आधुनिक विकास की नींव रखी और राजधानी की प्रगति का मार्ग प्रशस्त किया। वे व्यापारिक समुदाय के लिए हमेशा उपलब्ध रहते थे और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संवेदनशील थे। उनका सहयोग व्यापारियों के लिए ताकत का स्रोत था। खंडेलवाल ने उनके खेल प्रेम को भी याद किया और कहा कि मल्होत्रा का खेलों के विकास में योगदान हमेशा सम्मान के साथ याद किया जाएगा। उन्होंने ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति और परिवार को दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। वहीं, भाजपा नेता मनोज सिंह बिष्ट ने भी मल्होत्रा के निधन पर गहरा दुख जताया। उन्होंने कहा, विजय कुमार मल्होत्रा दिल्ली भाजपा के पहले अध्यक्ष थे। वे कुशल संगठनकर्ता थे और कार्यकताओं को जोड़ने में माहिर थे। वे हमेशा दिल्ली के विकास के बारे में सोचते थे। उनका निधन दिल्ली भाजपा और शहर के लिए बड़ा नुकसान है। बिष्ट ने मुस्तफाबाद विधानसभा की जनता की ओर से प्रार्थना की कि ईश्वर उनकी आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें। बता दें कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता विजय कुमार मल्होत्रा का मंगलवार सुबह दिल्ली के एम्स अस्पताल में 93 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। दिसंबर 1931 में लाहौर में जन्मे विजय कुमार मल्होत्रा दिल्ली से पांच बार सांसद और दो बार विधायक रह चुके थे। वे 1972 से 1975 तक दिल्ली जनसंघ के अध्यक्ष रहे और इसके बाद दो बार भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष (1977-80 और 1980-84) के पद पर भी रहे। एम्स ने एक बयान में कहा, 93 वर्षीय वरिष्ठ भाजपा नेता विजय कुमार मल्होत्रा को एम्स, नई दिल्ली में भर्ती कराया गया था, जहां 30 सितंबर की सुबह उनका निधन हो गया।

## मनमोहन सिंह को चुनावी मात दी थी प्रोफेसर विजय कुमार मल्होत्रा ने

नई दिल्ली,। प्रोफेसर विजय कुमार मल्होत्रा बीते कई दशकों से दिल्ली के सबसे लोकप्रिय व्यक्तियों में से एक रहे और उन्होंने विभिन्न पदों पर रहते हुए, कई क्षेत्रों में पूरी निष्ठा और लगन से जनता की सेवा की। वह एक प्रसिद्ध शिक्षाविद्, लेखक, वक्ता और खेल प्रशासक भी थे। श्री मल्होत्रा का राजनीति में लंबा सक्रिय करियर रहा और वे दिल्ली भाजपा के आधारभूत स्तंभों में से एक थे। सन 1958-67 के दौरान दिल्ली नगर निगम के निर्वाचित सदस्य चुने गए और 1967-72 के दौरान महज 35 वर्ष की अपेक्षाकृत कम आयु में मुख्य कार्यकारी पार्षद (प्रोटोकॉल में मुख्यमंत्री) बने। वह जनता पार्टी, दिल्ली के अध्यक्ष (1977) और भाजपा, दिल्ली (1980-84) के अध्यक्ष रहे। वह संसद में दिल्ली का प्रतिनिधित्व करने के लिए भी कई बार चुने गए। वह बीते पांच दशकों में दिल्ली से पांच बार सांसद और दो बार विधायक रहे और उनकी सबसे बड़ी राजनीतिक जीत सन 1999 के आम चुनाव में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को हराना था। इसके अलावा सन 2004 के आम चुनाव में श्री मल्होत्रा दिल्ली में अपनी सीट जीतने वाले एकमात्र भाजपा उम्मीदवार थे, जबकि कांग्रेस ने शेष छह सीटें जीती थीं। प्रो. मल्होत्रा का जन्म 1931 में लाहौर में एक मध्यमवर्गीय पंजाबी परिवार में सबसे बड़े पुत्र के रूप में हुआ। उनके पिता, डॉ. खजान चंद मल्होत्रा, एक प्रसिद्ध आयुर्वेद चिकित्सक थे। प्रो. मल्होत्रा का पालन-पोषण बौद्धिक, उदार पारिवारिक वातावरण में हुआ। उनके माता-पिता आर्य समाज की परंपराओं का पालन करते थे। उनकी मां सुशीला देवी, कई आर्य समाज संगठनों की पदाधिकारी थीं और वह उन्हें हमेशा दूसरों की मदद करने के लिए प्रोत्साहित करती थीं, हालांकि उन्हें तब यह अंदाजा नहीं था कि यही अभ्यास उनके जीवन का मंत्र बन जाएगा। उन्होंने डी.ए.वी. कॉलेज, लाहौर, पंजाब विश्वविद्यालय और हंसराज कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने हिंदी में एम.ए. और डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की।उनकी पीएचडी थीसिस प्रसिद्ध हिंदी कवि श्री सोहन लाल द्विवेदी और उनकी रचनाओं पर आधारित थी। वे एक शिक्षाविद्, पत्रकार, राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ता, खेल प्रशासक और लेखक भी रहे और उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के पी.जी.डी.ए.वी. कॉलेज में 35 वर्षों से अधिक समय तक हिंदी के प्रोफेसर के रूप में अध्यापन किया। पुस्तकों के शौकीन प्रोफेसर श्री मल्होत्रा कई समाचार पत्रों, पत्रिकाओं और जर्नलों के लिए लिखते रहे। संसद में बजट और वित्त, आतंकवाद, दिल्ली से जुड़े मुद्दों सहित विविध विषयों पर दिए गए उनके भाषण एक संकलन में प्रकाशित हुए हैं। इतिहास, पौराणिक कथाओं, वैदिक साहित्य और समसामयिक विषयों में उनकी गहरी रुचि रखने वाले श्री मल्होत्रा भगवद् गीता, बाइबिल, कुरान और गुरु ग्रंथ साहिब जैसे पवित्र ग्रंथों के अध्येता भी थे।

## शाहदरा जीटीबी एन्क्लेव थाना पुलिस की बड़ी सफलता

### शातिर लुटेरा गिरफ्तार – 25 से अधिक लूट और स्नैचिंग मामलों में शामिल

प्रात: किरण: मनोज जैन

शाहदरा। शाहदरा जिले की जीटीबी एन्क्लेव थाना पुलिस ने अपराध की दुनिया में सक्रिय एक खतरनाक लुटेरे को पकड़कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। यह लुटेरा अब तक 25 से अधिक लूट और स्नैचिंग की वारदातों में शामिल रहा है। आरोपी का नाम पंकज पुत्र तीरथ राम है, जो कस्तूरबा नगर का रहने वाला और थाना विवेक विहार का घोषित बदमाश है। उसके साथ उसके दो साथी सागर और परिंदा को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी बृजेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व और शाहदरा जिले के पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम की निगरानी में यह पूरी कार्रवाई की गई। वारदात 25 सितम्बर की सुबह की है। शिकायतकर्ता रोहित सिंह



अपनी स्कूटी पर लगभग 50 से 60 किलो तांबे की बोरी लेकर झिलमिल औद्योगिक क्षेत्र की गली नम्बर एक स्थित फैक्ट्री जा रहे थे। जैसे ही वह मानसरोवर फ्लाईओवर के नीचे पहुँचे, दो स्कूटी सवार बदमाशों ने चाकू की नोक पर उनसे बोरी छीन ली और मौके से फरार हो गए। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही थाना जीटीबी एन्क्लेव की पुलिस टीम हरकत में आ गई। उप निरीक्षक राहुल के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक सुनील, हेड कांस्टेबल तनुज, हेड कांस्टेबल लोकेन्द्र और हेड कांस्टेबल प्रशांत की टीम ने इलाके में सघन तलाशी अभियान चलाया। झिलमिल औद्योगिक क्षेत्र के कमरों की तलाशी ली गई और सीसीटीवी कैमरों तथा स्वचालित नम्बर प्लेट पहचान प्रणाली के फुटेज खंगाले गए। जांच में सामने आया कि वारदात में प्रयुक्त स्कूटी थाना फर्श विहार क्षेत्र से चोरी की गई थी। पुलिस ने दबिश देकर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से लूटा गया तांबा, वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू, चोरी की गई स्कूटी और दो अन्य मोटरसाइकिलें बरामद हुईं। पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी लंबे समय से इस तरह की वारदातों को अंजाम दे रहे थे और आसपास के कई इलाकों में इनसे दहशत का माहौल बना हुआ था। इस कार्रवाई से शाहदरा जिले में आपराधिक तत्वों के हौसले पस्त हो गए हैं। पुलिस की तेज और सटीक कार्रवाई ने यह साफ संदेश दिया है कि कानून के शिकंजे से कोई बच नहीं सकता। इलाके के लोगों ने राहत की सांस ली है और पुलिस टीम की मेहनत और चौकसी की जमकर सराहना की है। अब पुलिस आरोपियों के आपराधिक नेटवर्क और पुराने मामलों की गहराई से पड़ताल कर रही है, जिससे आने वाले दिनों में और भी खुलासे संभव हैं।

## जेएनयू ने बनाया देश की पहली एनिमल वेलफेयर सोसाइटी

नई दिल्ली,। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने उच्च शिक्षा संस्थानों में देश की पहली एनिमल वेलफेयर सोसाइटी (एडब्ल्यूएस-जेएनयू) का गठन किया है। विश्वविद्यालय का कहना है कि यह सोसाइटी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और शिक्षा मंत्रालय के हालिया निर्देशों के अनुरूप और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के तहत स्थापित की गई है। जेएनयू की कुलपति प्रो. शांतिश्री धूलिपुड़ी पंडित ने विश्वविद्यालय में पशु कल्याण और सतत विकास को न केवल पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने, बल्कि परिसर जीवन का अभिन्न अंग बनाने के दृष्टिकोण से इसे बनाया है। नवगठित सोसाइटी के अध्यक्ष प्रो. पीयूष प्रताप सिंह को बनाया गया है। फिलहाल वह जेएनयू में एनिमल बर्थ कंट्रोल समिति के अध्यक्ष भी हैं। सोसाइटी में संकाय, कर्मचारी, छात्र प्रतिनिधि और बाहरी विशेषज्ञ शामिल किए गए हैं। ये कार्य करेगी समिति-- -पशुओं की देखभाल, उनसे फैलने वाली बीमारियों और पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर जागरूकता और शिक्षा। - कैंपस में खाने के लिए तय जगह (फीडिंग जोन) और घायल पशुओं के लिए फर्स्ट-एड टीम जैसी पहलें।

## आईजीआई पर आज से ई-आगमन की सुविधा

नई दिल्ली,। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डायल) ने आज से विदेश से आने वाले यात्रियों के लिए ई-आगमन प्रपत्र (ई-अराइवल कार्ड) सुविधा शुरू करने की घोषणा की है। इस नई व्यवस्था के तहत विदेशी यात्री हवाईअड्डे पर कागज पर फॉर्म भरने के बजाय अपनी जानकारी पहले से ही ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। इससे यात्रियों का समय बचेगा, कतारें कम होंगी और हवाईअड्डे पर प्रक्रिया और सरल हो जाएगी। डायल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विदेह कुमार जयपुरियार ने कहा कि यह पहल भारत सरकार और आव्रजन ब्यूरो के सहयोग से शुरू की गई है। इसका उद्देश्य यात्रियों को विश्वस्तरीय और परेशानी-मुक्त यात्रा अनुभव देना है। यात्री इस ई-आगमन प्रपत्र को आव्रजन ब्यूरो की वेबसाइट, भारतीय वीजा वेबसाइट दिल्ली हवाईअड्डे की वेबसाइट और सु-स्वागतम मोबाइल ऐप पर अपनी यात्रा से तीन दिन पहले तक भर सकते हैं। इन हवाईअड्डों पर पहले से है सुविधा थाईलैंड, इंडोनेशिया, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया और मलेशिया जैसे कई देशों के हवाईअड्डों पर पहले से ही ऐसी सुविधा उपलब्ध है। भारत में भी इससे पहले जून 2024 में दिल्ली हवाईअड्डे पर फास्ट ट्रैक इमिग्रेशनझ्रट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम की शुरूआत हुई थी। इससे भारतीय नागरिकों और ओसीआई कार्डधारकों को तेज और सुरक्षित आव्रजन प्रक्रिया का लाभ मिला।

देश दुनिया की ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
pratahkiran www.pratahkiranlive.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, बुधवार 1 अक्टूबर 2025



कांग्रेस के वोट चोरी के आरोपों की होगी पड़ताल

# निकायों की मतदाता सूची बनेगी आधार

भोपाल, भोपाल,प्रातः किरण संवाददाता। देश में इनदिनों कांग्रेस वोट चोरी का आरोप लगाकर भाजपा और चुनाव आयोग को घेरने में लगी हुई है। कांग्रेस मध्य प्रदेश में भी वोट चोरी का आरोप लगा रही है। मध्य प्रदेश में कांग्रेस द्वारा लगाए जा रहे वोट चोरी के आरोपों की पड़ताल की जाएगी। दरअसल, प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव होने हैं। ऐसे में राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मतदाता सूची की शुद्धता पर विशेष ध्यान दें। किसी भी मतदाता का नाम सूची में छूटना नहीं चाहिए। इसी सूची के आधार पर दिसंबर में प्रस्तावित पंचायत एवं नगरीय निकायों के चुनाव होंगे। इस तरह निकायों की मतदाता सूची से कांग्रेस के वोट चोरी के आरोपों की पड़ताल भी हो जाएगी।

गौरतलब है कि कांग्रेस पार्टी चुनाव आयोग पर पिछले काफी समय से अनगिनत गंभीर आरोप लगा रही है। कांग्रेस का कहना है कि पूरे देश की मतदाता सूची में बड़ी संख्या में हेरफेर हुई है। इसी को आधार बनाकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अक्सर वोट चोरी का राग अलापते हैं। मगर अब सच जल्द ही सामने आ जाएगा। मध्य प्रदेश के जिला मुख्यालयों में कांग्रेस वोट चोरी को लेकर रैलियां निकाल रही हैं। मगर, अब मतदाता सूची में गड़बड़ी का पता निकाय चुनाव की सूची से लगाया जाएगा।

### 13 नवंबर को मतदाता सूची होगी तैयार

दरअसल निकाय चुनाव की मतदाता सूची भी चुनाव आयोग की वोटिंग लिस्ट के आधार पर ही तैयार की जाती है। ऐसे में 13 नवंबर तक नगरीय निकायों की मतदाता सूची तैयार हो जाएगी। अब सबकी नजर इस लिस्ट पर है। अगर नगरीय निकाय सूची में मतदाताओं के नाम से छेड़खानी होगी, तो कांग्रेस का आरोप मजबूत हो जाएगा और अगर ऐसा नहीं हुआ, तो इसे कांग्रेस का राजनीतिक एजेंडा माना जाएगा। राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मतदाता सूची की शुद्धता पर विशेष ध्यान दें। किसी भी मतदाता का नाम सूची में छूटना नहीं चाहिए। इसी सूची के आधार पर दिसंबर में प्रस्तावित पंचायत एवं नगरीय निकायों के चुनाव होंगे। राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

जिलों में महिलाओं को सौंपी जा रही महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

# भाजपा संगठन में बढ़ी महिलाओं की भागीदारी

भोपाल, भोपाल,प्रातः किरण संवाददाता। भाजपा के संगठनात्मक ढांचे में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। भाजपा ने जनवरी में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद अब जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर रही है। अब तक घोषित 16 जिलों की कार्यकारिणी में महिलाओं को 25 से 33 प्रतिशत स्थान दिया जा रहा है। एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग को भी प्रतिनिधित्व मिला है। प्रत्येक जिला कार्यकारिणी में पांच से सात महिला नेताओं को उपाध्यक्ष से लेकर महामंत्री और मंत्री पद दिया गया है। पिछले दिनों भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष द्वारा भोपाल ली गई बैठक के बाद से ही जिला कार्यकारिणी की घोषणा शुरू हुई थी। भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी की भी घोषणा जल्द की जानी है।



मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ रहा है। महिलाओं को अहम पद सौंपे जा रहे हैं। जिला कार्यकारिणी के गठन के साथ महिलाओं को प्रमुख जिम्मेदारी सौंपे जाने की शुरुआत भाजपा ने कर दी है। माना जा रहा है कि आने वाले समय में युवा मोर्चा, प्रदेश कार्यकारिणी सहित अन्य समितियों में भी महिलाओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने अपनी नई टीम बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अभी जिला कार्यकारिणी का गठन का किया जा रहा है। अब तक 20 से ज्यादा जिलों की कार्यकारिणी का गठन हो चुका है। दरअसल मप्र भाजपा पीएम नरेंद्र मोदी के महिला सशक्तीकरण के सिद्धांत पर चल रही है। इसलिए पार्टी से जुड़ी महिलाओं को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे जा रहे हैं। भाजपा की नई कार्यकारिणियों में महिलाओं को 20 से 33 प्रतिशत तक प्रतिनिधित्व दिया गया है। प्रत्येक जिले में पांच से सात महिला नेताओं को उपाध्यक्ष, महामंत्री और मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों पर जगह दी गई है। यह संख्या पिछली कार्यकारिणी की तुलना में काफी अधिक है।

### महिला सशक्तिकरण को महत्व

गौरतलब है कि लाड़ली बहना योजना के असर के चलते पिछले विधानसभा चुनाव में मप्र में भाजपा को 230 में से 163 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। इसके बाद लोकसभा चुनाव में 6 महिलाओं को टिकट दिया गया था और सभी महिला उम्मीदवार सांसद का चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचीं। इसके बाद से सरकार ने महिलाओं को फायदा पहुंचाने कई योजनाएं बनाई हैं। अब संगठन भी महिलाओं का भागीदारी बढ़ा रहा है। भाजपा ने पिछले विधानसभा चुनाव में हिंदी पट्टी राज्य मप्र, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में बड़ी जीत हासिल की थी। इन राज्यों में भाजपा के लिए महिला वोटर अहम रही थी। माना जाता है कि पिछले चुनाव में लाड़ली बहना योजना महत्वपूर्ण साबित हुई थी। इसके बाद राजनीति में भी भाजपा महिलाओं की भागीदारी बढ़ा रही है।

### सात जिलों में महिलाओं को बनाया अध्यक्ष

गौरतलब है कि भाजपा ने 62 संगठनात्मक जिलों में से सात जिलों में महिलाओं को अध्यक्ष बनाया है। सागर ग्रामीण में रानी पटेल कुशवाहा, टीकमगढ़ में सरोज राजपूत, शहडोल में अमिता चपरा, सिवनी में मीना बिसेन, नर्मदापुरम में प्रीति शुक्ला, खरगोन में नंदा ब्रह्मने और नीमच में वंदना खंडेलवाल को अध्यक्ष बनाया गया है। जबकि पिछली बार केवल पांढुर्णा में महिला जिला अध्यक्ष थीं। वहीं कांग्रेस ने 71 संगठनात्मक जिलों में से केवल चार जिलों नरसिंहपुर (सुनीता पटेल), आगर-मालवा (विजयलक्ष्मी तंवर), खंडवा (प्रतिभा रघुवंशी) और सिंगरौली (सरस्वती सिंह मरकाम) में महिलाओं को अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं नर्मदापुरम की जिला कार्यकारिणी में 19 में से 5 महिलाओं को प्रमुख पद दिए गए हैं। जबलपुर ग्रामीण की कार्यकारिणी में भी 21 में से 5 महिलाओं को प्रमुख दायित्व सौंपे गए है।

### अब प्रदेश कार्यकारिणी में 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व की उम्मीद

मध्यप्रदेश भाजपा में संगठनात्मक फेरबदल की प्रक्रिया तेज हो गई है। जिलों की कार्यकारणी के बाद अब प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को पार्टी नेतृत्व ने अपनी नई कार्यकारिणी गठित करने की पूरी अनुमति दे दी है। वे प्रदेशभर से अनुभवी और समर्पित कार्यकर्ताओं को शामिल कर एक नई टीम तैयार करेंगे। जिस तरह जिलों में महिलाओं को महत्व दिया जा रहा है, उससे उम्मीद है की अब प्रदेश कार्यकारिणी में 33 प्रतिशत महिलाओं को प्रतिनिधित्व की उम्मीद है। जानकारी के अनुसार पार्टी की नीति एक व्यक्ति, एक पद के तहत वर्तमान कार्यकारिणी में शामिल सांसदों, मंत्रियों और विधायकों को संगठनात्मक दायित्वों से मुक्त किया जाएगा। इस समय पार्टी की प्रदेश इकाई में सात सांसद, एक कैबिनेट मंत्री और छह विधायक विभिन्न पदों पर कार्यरत हैं। पार्टी की रणनीति है कि संगठन के कार्यों को पूर्णकालिक रूप से निभाने वाले ऐसे कार्यकर्ताओं को आगे लाया जाए, जिनकी जमीनी पकड़ मजबूत है और जो संगठनात्मक कामकाज में सक्रिय हैं। इसी के तहत अब नए और कम चर्चित लेकिन प्रभावी चेहरों को प्रदेश टीम में स्थान मिल सकता है।

# कल से सुरक्षित ढंग से कर सकेंगे डिजिटल भुगतान

भोपाल, प्रातः किरण संवाददाता। आगामी एक अक्टूबर से डिजिटल भुगतान करना और अधिक सुरक्षित होगा। क्योंकि आरबीआई ने डिजिटल भुगतान को लेकर नई गाइडलाइन जारी की है और बैक व वित्तीय संस्थानों को आरबीआई के इन निर्देशों का पालन एक अप्रैल तक करना है, क्योंकि एक अप्रैल को फिर से नई गाइडलाइन आएगी। नई गाइडलाइन से क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग और एप आदि भुगतान करने में अधिक सुरक्षा मिलेगी। साथ ही बैंक खाते से आटोमेटिग पैमेंट भी बिना खाता धारक से पूछे नहीं होगा। इनका सीधा असर उन ग्राहकों और व्यवसायों पर पड़ेगा जो सब्सक्रिप्शन-आधारित सेवाओं का उपयोग करते हैं जैसे ओटीआई प्लेटफार्म, म्यूजिक स्ट्रीमिंग या न्यूज ऐप्स। इसका मतलब है कि कोई भी ऐप या कंपनी आपकी अनुमति के बिना पैसे नहीं काट सकेगी।

### ऐसे काम करेगा नया सिस्टम

बैंकों और पेमेंट गेटवे को अब हर रिकरिंग पेमेंट से कम से कम 24 घंटे पहले ग्राहक को नोटिफिकेशन भेजना होगा। इस नोटिफिकेशन में भुगतान की राशि, तारीख और जिस कंपनी को भुगतान किया जा रहा है उसकी जानकारी होगी। ग्राहक को इस नोटिफिकेशन पर अपनी मंजूरी देनी होगी। यदि ग्राहक मंजूरी नहीं देता है, तो भुगतान अपने आप नहीं होगा।

### ग्राहकों के लिए फायदे

यह बदलाव उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत लेकर आएगा। पहले कई ऐप्स एक बार की अनुमति के बाद हर महीने पैसे काट लेते थे और कई बार ग्राहक को इसका पता भी नहीं चलता था। अब हर ट्रांजैक्शन से पहले मंजूरी अनिवार्य होगी, जिससे धोखाधड़ी की संभावना घटेगी और ग्राहक अपने खर्चों पर बेहतर नियंत्रण रख पाएंगे।

### व्यापारियों और बैंकों की चुनौती

हालांकि यह कदम ग्राहकों के लिए फायदेमंद है, लेकिन बैंकों और व्यापारियों के लिए इसे लागू करना चुनौतीपूर्ण होगा। उन्हें अपने सिस्टम को इस तरह अपडेट करना होगा कि वे समय पर नोटिफिकेशन भेज सकें और मंजूरी मिलने के बाद ही भुगतान प्रक्रिया पूरी कर सकें। यदि कोई बैंक या कंपनी इन नियमों का पालन नहीं करती है, तो उन पर आरबीआई की ओर से जुर्माना लगाया जा सकता है।



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरदा जिले के सिरकिया में अनेकनिर्माण और विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया।

मोहन यादव सरकार को अभी किराए के प्लेन में करना होगा सफर

# 2026 में मप्र सरकार को मिलेगा खुद का प्लेन

भोपाल,प्रातः किरण संवाददाता। मध्य प्रदेश की मोहन सरकार को अभी किराए के प्लेन में ही हवाई सफर करना होगा। हालांकि, हवाई यात्राओं पर भारी भरकम किराए से निजात पाने के लिए राज्य सरकार अपना नया स्टेट प्लेन खरीदने जा रही है, लेकिन इसके लिए सरकार को कम से कम 8 माह इंतजार करना होगा। दरसअल राज्य सरकार बॉम्बार्डियर कंपनी का चैलेंजर 3500 हवाई जहाज खरीदने जा रही है। इसका टेंडर साल 2024 के अक्टूबर माह में फाइनल हो गया था, लेकिन इसकी डिलीवरी मई 2026 में होगी।

गौरतलब है कि मप्र सरकार के पास अभी अपना कोई विमान नहीं है। सरकार पिछले चार साल से किराए के विमान में हवाई सफर कर रही है। सरकार को अभी 8 महीने और किराए के विमान में यात्रा करना होगी। मई, 2026 तक सरकार के पास नया चैलेंजर 3500 विमान उपलब्ध हो जाएगा। नया विमान खरीदने के लिए, निर्माता कंपनी को क्रय आदेश दिया जा चुका है। इस विमान की कीमत करीब 234 करोड़ रुपए है। यह 8 सीटर विमान होगा। पिछले साल जुलाई में कैबिनेट ने नया विमान खरीदने की मंजूरी दी थी। इसके बाद विभिन्न औपचारिकताएं करने के बाद नए विमान खरीदी के लिए क्रय आदेश जारी किया गया।



### नए हवाई जहाज में होंगी कई खूबियां

राज्य सरकार द्वारा खरीदा जा रहा बॉम्बार्डियर कपंनी का 3500 हवाई जहाज कई मायनों में बेहद खास होगा। यह पहला सुपर मिडसाइज बिजनेस जेट है। इसमें आमतौर पर 8 से 9 यात्री सफर कर सकेंगे। इसमें सीट बेहद आधुनिक होती है। यह केबिन को 2 मिनट में ताजा हवा से भर देता है। इसमें वॉयस कंट्रोल्ड केबिन और हाईटेक सीटें हैं। इस सेग्मेंट में उपलब्ध सभी विमानों में सबसे स्मार्ट केबिन है, जहां वायरलेस चार्जिंग से लेकर अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके केबिन में शोर सुनाई नहीं देता। यह विमान स्थिरता, प्रदर्शन और विश्वसनीयता का बेहतरीन मिश्रण प्रदान करता है, जिसके सहारे आप किसी भी मौसम में लंबी उड़ान भर सकते हैं।

### दिसंबर 2026 में आएगा नया हेलिकॉप्टर भी

मप्र सरकार एक हेलिकॉप्टर भी खरीदने जा रही है। दिसंबर, 2026 तक सरकार के पास नया हेलिकॉप्टर भी आ जाएगा। नए डबल इंजन हेलिकॉप्टर की आपूर्ति के लिए निर्माता कंपनी से अनुबंध किया जा चुका है। नया हेलिकॉप्टर करीब 150 करोड़ रुपए में खरीदा जा रहा है। इसके बाद सरकार को हवाई सफर के लिए विमान के किराए पर करोड़ों रुपए खर्च नहीं करना पड़ेंगे।

## छत्तीसगढ़

# पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर का ऐलान अपनी ही सरकार के खिलाफ धरना

**कोरबा, प्रातः किरण संवाददाता।** कलेक्टर को हटाने के लिए अल्टीमेटम देने वाले पूर्व गृहमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता ननकीराम कंवर ने अंततः चार अक्टूबर को मुख्यमंत्री निवास रायपुर के सामने धरने पर बैठने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने इसकी सूचना रायपुर कलेक्टर को प्रेषित की है।

ननकीराम कंवर ने कहा कि मुख्यमंत्री समेत कई केबिनेट मंत्रियों के समक्ष वह कोरबा कलेक्टर की शिकायत कर चुके हैं। इसके बावजूद अनियमितता एवं मनमानी करने वाले कलेक्टर के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। इसलिए उन्हें धरने पर बैठने के लिए बाध्य होना पड़ा है।



### अधिकारियों के कंट्रोल में सरकार

उन्होंने एक बार फिर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री आवास कार्यालय में कुछ आइएएस अधिकारियों के कंट्रोल में सरकार चल रही है। ऐसे में अनियमितता करने वाले अधिकारियों को बचाने के लिए मुख्यमंत्री को वास्तविकता से अवगत ही नहीं कराया जाता और उन्हें गुमराह किया जाता है।

पूर्व गृहमंत्री ने दावा किया कि उन्होंने कांग्रेस सरकार के दौरान पीएससी परीक्षा घोटाला, शराब घोटाला, सीजीएमएससी दवाई खरीदी घोटाला, कोयला घोटाला, डीएमएफ घोटाला और एनएचएआई के लिए फर्जी मुआवजा जैसे मामलों की शिकायत केंद्र सरकार से की थी। सभी शिकायतें प्रमाणित हुईं और दर्जनभर से अधिक आईएएस अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर एवं बड़े नेताओं पर कार्रवाई भी हुई थी।

उन्होंने कहा कि उन्होंने केबिनेट मंत्री केदार कश्यप के सामने कोरबा में आयोजित मंच से ओडीएफ घोटाले की जानकारी दी थी, जब पी. दयानंद कलेक्टर थे। उस समय तत्कालीन कलेक्टर ने आरोपों को खारिज कर दिया था, लेकिन बाद में सैकड़ों शौचालय गड़बड़ी के मामले एसडीएम कार्यालय में दर्ज हुए।

### संज्ञान नहीं लिया

कंवर ने कहा कि उनकी सभी शिकायतें पुष्ट होने के बावजूद भाजपा सरकार में उनकी शिकायतों को संज्ञान में नहीं लिया जा रहा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर उनके जैसे वरिष्ठ नेता की शिकायत को तवज्जो नहीं दी जा रही है, तो अन्य जनप्रतिनिधियों की शिकायत का भला क्या हश्र होता होगा।



### रामलला दर्शन ने जीवन में आध्यात्मिक शांति और सुकून की अनुभूति दी

रायपुर। वृद्धा शशी राव ने कभी सोचा भी नहीं था कि एक दिन उन्हें भी मुफ्त में तीर्थ यात्रा का मौका मिलेगा। उन्हें नहीं लगता था कि वह अब कभी रामलला का दर्शन करने अयोध्या धाम जा पाएगी। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा तीर्थ यात्रियों का चयन किए जाने के लिए आवेदन मंगाए जाने पर शशीराव ने भी अपना नाम लिखवाया और वह भाग्यशाली रही कि लॉटरी में भी नाम निकल आया। अपना नाम आने के बाद खुद को सौभाग्यशाली मानते हुए शशीराव ने खुशी-खुशी अपने गांव से अयोध्या तक यात्रा की और अयोध्या जाकर अपनी इच्छाओं को पूरा किया।

# युक्तियुक्तकरण से नकना शाला में आया सकारात्मक बदलाव

**रायपुर, प्रातः किरण संवाददाता।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु शालाओं और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण से ग्रामीण अंचलों के विद्यालयों की तस्वीर बदल रही है। रागयढ़ जिले के विकासखंड धरमजयगढ़ स्थित शासकीय प्राथमिक शाला नकना इसका जीवंत उदाहरण है। एक समय यह विद्यालय मात्र एक शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहा था, अब वहां अतिरिक्त तीन शिक्षकों की पदस्थापना के साथ शिक्षा में व्यापक सुधार हुआ है। वर्तमान में विद्यालय में 112 बच्चे अध्ययनरत हैं।

पूर्व में शिक्षक की कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी और पालक भी उन्हें नियमित रूप से स्कूल भेजने में रुचि नहीं ले रहे थे। परंतु युक्तियुक्तकरण के तहत नए शिक्षकों की नियुक्ति से अब कक्षाओं का संचालन सुव्यवस्थित हुआ है। पढ़ाई का स्तर सुधरने के साथ ही बच्चों की उपस्थिति में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है।



गांव के सरपंच श्री तिर्की एवं पूर्व सरपंच श्री बंधुराम भगत ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह निर्णय बच्चों के भविष्य के लिए दूरदर्शी कदम है, जिससे गांव में शिक्षा के प्रति नया भरोसा और उत्साह जागा है। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री सहदेव एक्का ने भी शिक्षण व्यवस्था में आए सुधार पर संतोष व्यक्त किया और बताया कि समिति समय-समय पर विद्यालय का निरीक्षण कर शिक्षकों की कार्यप्रणाली पर निगरानी रखती है।

नए शिक्षकों के आने से शनिवार को आयोजित बैग-लेस-डे भी बच्चों के लिए रोचक बन गया है। इस दिन उन्हें खेल-कूद, पेंटिंग, व्यायाम एवं विभिन्न ज्ञानवर्धक गतिविधियां होती हैं, जिससे बच्चों में स्कूल के प्रति रूझान बढ़ा है।



# दुर्ग में मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने किया अतिरिक्त कक्ष का शुभारंभ

**रायपुर, प्रातः किरण संवाददाता।** सतनामी आश्रम कल्याण समिति द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने सतनामी आश्रम, कसारीडीह (सिविल लाइन, दुर्ग) स्थित नवीन कम्यूनिटी हॉल (अतिरिक्त कक्ष) का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर दुर्ग (ग्रामीण) विधायक ललित चंद्राकर एवं अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा उपस्थित थे। मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने अपने उद्बोधन में समाज की एकता और शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए गुरु घासीदास जी के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

# धान की फसल में ड्रोन तकनीक का सफल प्रदर्शन

**रायपुर, प्रातः किरण संवाददाता।** आधुनिक तकनीक से खेती को सरल, सुरक्षित और लाभकारी बनाने की दिशा में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केन्द्र महासमुंद द्वारा ग्राम धनसुली में निकरा परियोजना अंतर्गत धान की फसल में कृषि ड्रोन तकनीक का सफल प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान किसानों को ड्रोन द्वारा कीटनाशक छिड़काव की प्रक्रिया का प्रत्यक्ष प्रदर्शन कराया गया तथा इसके संचालन से संबंधित तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि ड्रोन तकनीक से कम समय, कम लागत और कम श्रम में अधिक क्षेत्र में छिड़काव संभव है। इससे किसानों को न केवल समय की बचत होगी, बल्कि उत्पादन क्षमता भी बढ़ेगी।




प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख तथा निकरा परियोजना के प्रधान अन्वेषक डॉ. आर.एल. शर्मा ने कृषि में ड्रोन तकनीक के उपयोग और भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. रवीश केशरी ने तकनीकी दृष्टि से ड्रोन के उपयोग के लाभ गिनाए। वहीं कृषि विभाग की ग्रामीण कृषि विकास विस्तार अधिकारी कल्पना साहू तथा निकरा परियोजना के वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता तरुण प्रधान ने किसानों को प्रशिक्षण के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। ग्राम धनसुली के किसानों ने इस नवाचारपूर्ण तकनीक में विशेष रुचि दिखाई और सक्रिय रूप से प्रशिक्षण में भाग लिया। किसानों ने कहा कि ड्रोन तकनीक से खेती के कार्य अधिक आसान और समयबद्ध होंगे। ड्रोन तकनीक के इस सफल प्रदर्शन ने साबित किया है कि कृषि क्षेत्र में वैज्ञानिक नवाचारों का समावेश किसानों की आय वृद्धि और कृषि के आधुनिकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# वन विभाग की कार्यवाही- अवैध उत्खनन करते हुए ट्रैक्टर जब्त

**रायपुर, प्रातः किरण संवाददाता।** वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप की पहल पर राज्य में वन्य अपराधों पर रोक लगाने के लिए लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में मुंगेली कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के वन्य परिक्षेत्र में अवैध उत्खनन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही में वनमंडल मुंगेली अंतर्गत वन परिक्षेत्र खुड़िया में अवैध उत्खनन करते हुए एक डोजर (ट्रैक्टर) को जब्त किया गया है।

वनमंडलाधिकारी अभिनव कुमार ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना पर चचेड़ी परिसर कक्ष क्रमांक 493 ग्राम झलरी मनियारी नदी में वन क्षेत्र में अवैध उत्खनन करते हुए एक नग डोजर (ट्रैक्टर) पकड़ा गया। उक्त वाहन को मौके पर ही जब्त कर प्रकरण दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि वन भूमि पर बिना अनुमति रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा था, जो वन संरक्षण अधिनियम का स्पष्ट उल्लंघन है।

वनमण्डलाधिकारी ने कहा कि वन संसाधनों की सुरक्षा वन विभाग की प्राथमिकता है। ऐसे प्रकरणों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।

सम्पादकीय

# डंपिंग से नई जमीन तक

मलबे को लेकर हिमाचल में राज्य स्तरीय चिंता सामने आई है और जहां प्लानिंग से प्रगति तक यह सुनिश्चित करने की जरूरत बढ़ गई है ताकि आइंदा डंपिंग की एक रूपरेखा बने। पहले ही माननीय हाईकोर्ट ने चंबा के एक मामले में अवैध रूप से फैंके गए मलबे का कड़ा संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार को डंपिंग स्थलों की पहचान के निर्देश दिए हैं। यही निर्देश अब आदेश बन कर मुख्य सचिव के मार्फत आ रहे हैं। यानी सरकार डंपिंग को लेकर सतर्क निगाहों से मलबे को देख रही है। फिलहाल यह मलबा विकास और विनाश के बीच एक अवांछित अपराध सरीखा है। मलबा कई सडक परियोजनाओं, नव निर्माण की पृष्ठभूमि, बदलती जीवनशैली और आपदाओं की नई फेहरिस्त से निकल रहा है। इसी बरसात की त्रासदी के बाद नुकसान का अगर आकलन पांच-छह हजार करोड़ तक पहुंच रहा है, तो कहीं कचरे और मलबे के पहाड़ भी खड़े हैं। जाहिर है डंपिंग के मैटिरियल में एक तो कूड़ा-कचरा प्रबंधन है जहां गंदगी के कई पहाड़ पैदा होने लगे हैं। दूसरा ऐसा मलबा है जो विकास और विनाश से देखने को मिलता है। प्रदेश की भौगोलिक स्थिति के कारण जहां भी जमीन कटती है, वहां मलबा उग्र हो जाता है। कोई भी शहर, कस्बा या गांव हो, विभागीय परियोजनाओं का लिबास हो या आपदा का परिमाण हो, मलबा हमारे चौखट पर खड़ा है। इसी बरसात से पैदा हुए मलबे का आकलन करें, तो इसके उपयोग से कई मैदान, पार्किंग स्पेस और बिल्डिंग मैटिरियल के ट्रक निकल आएंगे। दुर्भाग्य बस जहां-जहां सडकों पर ल्हासे गिरे वहां-वहां जेसीबी मशीनों के जरिए इन्हें ढलान की तरफ या नदी-नालों में धकेल दिया गया। ऐसे में माननीय अदालत के दिशा-निर्देश मलबे की सही डंपिंग से नई जमीन के कई टुकड़े ईजाद कर सकते हैं। पीडब्ल्यूडी, वन विभाग, स्थानीय निकायों के अलावा निजी बंजर व ढलान बन गई जमीन को डंपिंग योजना के तहत समतल किया जा सकता है। बरसात में जल रिसाव या जल निकासी की गलती के कारण जमीन गंवानी पड़ती है, जबकि यही मलबा बन कर नुकसान पहुंचाती है। मलबा दरअसल जमीन के पुनर्जन्म का प्राकृतिक आदेश है। खास तौर पर विकास के हर चिन्हित उपक्रम के साथ अगर डंपिंग से नई जमीन का उभार करें तो सार्वजनिक उपयोग के लिए ये कसरतें फायदेमंद होंगी। आरंभिक तौर पर ग्रामीण तथा शहरी विकास योजनाओं के साथ डंपिंग ग्राउंड के लिए स्थान सुनिश्चित करने होंगे। जंगलों में गिरते पेड़ों की कतार या अवैध रूप से कटते पौधों के कारण भी इस बार मलबा या तो सडक पर आया या शहतीर बन कर नदियों की घाल बन कर देखा गया। जो भी हो जंगल से लुढकते मलबे को इसी की मिट्टी के साथ जोड़ते हुए ढलानों को वैज्ञानिक ढंग से समतल बनाना होगा। डंपिंग सिर्फ मलबे को एक स्थान पर गिराना नहीं, इसे उपयोग में लाने की विधियां ईजाद करनी होंगी। शिमला, धर्मशाला, नयनादेवी, कसौली, डलहौजी या ऐसे ही पर्वतीय स्थलों में समानांतर दौड़ रही दो सडकों के बीच जल रिसाव के कारण जमीन धंसाव के जोन उभर रहे हैं। ऐसे में दो सडकों के बीच पहाड़ को कई स्तरों पर डंपिंग के जरिए मजबूत करने के अलावा भीतर से जल निकासी की योजना भी बनाई जा सकती है। शहरी डंपिंग हो या ग्रामीण, हमें भविष्य की नई जमीन की तरह इसे एक निर्माण की तरह देखना होगा।

# कैमरे में पहली बार कैद हुआ विशाल ग्रह का जन्म

**ग्रह निर्माण कोई त्वरित प्रक्रिया नहीं है। इसे पूरा होने में दसियों लाख से लेकर करोड़ों वर्ष लग सकता है। अब तक ग्रह निर्माण के बारे में केवल सिद्धांत था। लेकिन पहली बार वैज्ञानिकों ने इस प्रक्रिया को कैमरे में कैद किया है। अब खगोलविद अपने पुराने मॉडल और परिकल्पनाओं की तुलना वास्तविक तस्वीरों से कर सकेंगे। इससे यह समझना आसान होगा कि ग्रह कितनी तेजी से बनते हैं, और किन परिस्थितियों में गैस दानव ग्रह या चट्टानी ग्रह जन्म लेता है। सौरमंडल भी कभी इसी तरह बना होगा। अतः यह खोज पृथ्वी और बृहस्पति जैसे ग्रहों के जन्म की कहानी को समझने का अवसर देती है।**







जितेन्द्र कुमार सिन्हा
लेखक

मानव सभ्यता के विकास में सबसे बड़ा योगदान विज्ञान और प्रौद्योगिकी का रहा है। आकाश, तारों और ग्रहों को देखने की जिज्ञासा इंसान के भीतर प्राचीन काल से रही है। पहले लोग ग्रह-नक्षत्रों को देवता मानकर उनकी पूजा करते थे, परंतु आज विज्ञान ने इस रहस्यमयी ब्रह्मांड के अनेक परदा उठाया है। फिर भी, ग्रहों और तारों के जन्म की गुत्थी आज तक पूरी तरह नहीं सुलझ पाई है। हाल ही में आयरलैंड के गॉलवे विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एक ऐतिहासिक खोज की है। उन्होंने पहली बार किसी विशाल ग्रह के जन्म की प्रक्रिया को कैमरे में कैद किया है। यह उपलब्धि सिर्फ विज्ञान की विजय नहीं है, बल्कि मानव की उस अथक जिज्ञासा का प्रमाण है जो ब्रह्मांड के और गहरे रहस्यों की ओर ले जा रही है। जिस ग्रह को देखा गया है उसका नाम रखा गया है विस्पिट 2बी यह एक गैस दानव ग्रह है, जो सौरमंडल के बृहस्पति से मिलता-जुलता है। भारत हो या यूनान, मिस्त्र हो या माया सभ्यता, हर जगह ग्रहों और तारों के बारे में मिथक और कहानियाँ मिलती हैं। किसी ने ग्रहों को देवता कहा, किसी ने उन्हें भाग्य नियंत्रक माना। पुराणों में ग्रहों को नवग्रह कहा गया है, जो मनुष्य के जीवन पर प्रभाव डालता है। 17वीं शताब्दी में गैलीलियो गैलिली ने दूरबीन से ग्रहों का निरीक्षण किया। इसके बाद जोहानेस केपलर और आइजैक न्यूटन ने ग्रहों की गति के नियम स्थापित किए। धीरे-धीरे यह समझ बनी कि ग्रह किसी चमत्कार से नहीं, बल्कि भौतिक प्रक्रियाओं से बनते हैं। 18वीं शताब्दी में वैज्ञानिकों ने प्रस्तावित किया कि ग्रहों का जन्म गैस और धूल के विशाल बादलों से होता है। जब कोई तारा जन्म लेता है, तो उसके चारों ओर बची गैस और धूल की परत से समय के साथ ग्रह बनते हैं। इसे ही नेब्युलर हाइपोथीसिस कहा गया। यह खोज चिली में स्थित मैगलन टेलीस्कोप की मदद से की गई। इस टेलीस्कोप पर लगे टॅअड-उपकरण ने इतनी उच्च-गुणवत्ता की तस्वीरें लीं कि वैज्ञानिकों को ग्रह निर्माण की प्रक्रिया प्रत्यक्ष रूप से दिखाई दी। विस्पिट 2बी पृथ्वी से लगभग 430 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है। इसका अर्थ है कि आज जो दृश्य दिख रहा है, वह वास्तव में 430 वर्ष पुराना है। अर्थात यह ग्रह तब बन रहा था जब धरती पर अकबर का शासन चल रहा था। यह ग्रह बृहस्पति की तरह है, यानि गैस से भरा विशाल ग्रह। इसका आकार इतना बड़ा है कि यह पृथ्वी से कई सौ गुना भारी है। जब कोई तारा जन्म लेता है, तो उसके चारों ओर गैस और धूल का विशाल चक्र बनता है। यही ग्रहों की जन्मस्थली है। डिस्क में मौजूद सूक्ष्म धूल कण आपस में टकराकर चिपकते जाते हैं। धीरे-धीरे यह चट्टान और फिर ग्रहाकार पिंड का रूप ले लेता है। गैस दानव ग्रहों के मामले में, उनका केंद्र बनने के बाद वे आसपास की गैस को आकर्षित कर लेता है। ग्रह निर्माण कोई त्वरित प्रक्रिया नहीं है। इसे पूरा होने में दसियों लाख से लेकर करोड़ों वर्ष लग सकता है। अब तक ग्रह निर्माण के बारे में केवल सिद्धांत था। लेकिन पहली बार वैज्ञानिकों ने इस प्रक्रिया को कैमरे में कैद किया है। अब खगोलविद अपने पुराने मॉडल और परिकल्पनाओं की तुलना वास्तविक तस्वीरों से कर सकेंगे। इससे यह समझना आसान होगा कि ग्रह कितनी तेजी से बनते हैं, और किन परिस्थितियों में गैस दानव ग्रह या चट्टानी ग्रह जन्म लेता है। सौरमंडल भी कभी इसी तरह बना होगा। अतः यह खोज पृथ्वी और बृहस्पति जैसे ग्रहों के जन्म की कहानी को समझने का अवसर देती है। चिली दुनिया का वह स्थान है, जहाँ आकाश सबसे साफ दिखाई देता है। यहां के पहाड़ों पर दुनिया की सबसे शक्तिशाली दूरबीनें लगाई गई हैं। यह एडैप्टिव ऑप्टिक्स सिस्टम है, जो वायुमंडल की अशांति को सुधारता है। इससे तारों और ग्रहों की अत्यंत स्पष्ट तस्वीर मिलती है। इतना सूक्ष्म कि 430 प्रकाश वर्ष दूर किसी ग्रह के जन्म को पकड़ सके। सौरमंडल में बृहस्पति और शनि दो विशाल गैस दानव ग्रह हैं। इनमें ठोस सतह नहीं होती, बल्कि ये गैस की मोटी परतों से बने होते हैं। ये अपने तारे के चारों ओर बनने वाले छोटे-छोटे चंद्रमाओं की जन्मस्थली होते हैं। इनका गुरुत्वाकर्षण सौरमंडल की स्थिरता में अहम भूमिका निभाता है। यदि बृहस्पति न होता, तो धरती बार-बार धूमकेतुओं और उल्काओं की चपेट में आती। यह खोज भविष्य में अंतरिक्ष अन्वेषण और ग्रह विज्ञान के लिए नए प्रश्न और नई संभावनाएँ खोलती है। ग्रह कैसे और किन परिस्थितियों में बनते हैं, तो यह भी अनुमान लगाया जा सकता है कि ब्रह्मांड में कितने ग्रह जीवन को सहन कर सकता हैं। क्या पृथ्वी जैसी अनगिनत दुनियाएँ ब्रह्मांड में मौजूद हैं? यदि हाँ, तो क्या वहाँ भी सभ्यताएँ होंगी? यह खोज इन प्रश्नों को और गहराई देती है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप (खहरळ) पहले से ही कई ग्रहों और आकाशगंगाओं की तस्वीरें भेज रहा है। भविष्य में और भी शक्तिशाली वेधशालाएँ बनाई जाएँगी, जो ब्रह्मांड की और गहराई तक झाँकने का मौका देगी। भले ही विस्पिट 2बी तक पहुँचना असंभव है, परंतु तकनीक इंसानों को धीरे-धीरे गहरे अंतरिक्ष की यात्रा के लिए तैयार कर रही है। भारत भी खगोल विज्ञान के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। आदित्य-एल1 मिशन सूर्य के अध्ययन में जुटा है। चंद्रयान-3 ने चंद्रमा पर लैंडिंग करके नई उपलब्धि हासिल की। भविष्य में भारत भी अंतरिक्ष दूरबीन और ग्रह खोज परियोजनाओं में अहम भूमिका निभा सकता है।

# बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है : विजयादशमी

आभा सिन्हा




विजयादशमी, जिसे आम बोलचाल में दशहरा भी कहते हैं, हिन्दू धर्म का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है। यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है। शब्द ह्लदशहराह्व संस्कृत शब्द ह्लदश-हरह्व से लिया गया है, जिसका अर्थ है झ्र दस बुराइयों का नाश। यह पर्व धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। पूरे भारतवर्ष में इसे हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। विजयादशमी का त्योहार केवल धार्मिक दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और कृषि परंपराओं से भी जुड़ा हुआ है। विजयादशमी का इतिहास भारतीय पुराणों और महाकाव्यों में गहराई से अंकित है। इसे मुख्यतः दो ऐतिहासिक घटनाओं से जोड़ा जाता है।रामायण कालीन संदर्भ- इस दिन भगवान श्रीराम ने लंका के राजा रावण का वध कर देवी सीता का उद्धार किया था। रावण दस सिर वाला और अत्यंत शूरवीर था, जो अधर्म और पाप का प्रतीक था। भगवान राम ने उसकी दानवी शक्ति का नाश कर धर्म की स्थापना की। इसलिए इस दिन को विजयादशमी के नाम से जाना जाता है। उत्तर भारत में दशहरा उत्सव में श्रीराम की लीलाओं का मंचन नौ दिनों तक किया जाता है, जिसे रामलीला कहा जाता है। दुर्गा पूजा से संबंधित- बंगाल, बिहार और अन्य पूर्वी राज्यों में यह पर्व मां दुर्गा के महिषासुर वध से जुड़ा है। देवी दुर्गा को शक्ति और साहस की प्रतीक माना जाता है। महिषासुर जैसे दुष्ट राक्षस का वध कर उन्होंने धर्म की स्थापना की। इसे नौ दिनों तक नवरात्र के रूप में मनाया जाता है, और दशमी के दिन उनके विसर्जन का आयोजन होता है। विजयादशमी के ठीक पहले नौ दिनों तक नवरात्र मनाया जाता है। नवरात्र का अर्थ होता है झ्र नौ रातें। इस दौरान देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। प्रत्येक दिन विशेष महत्व रखता है और अलग-अलग स्वरूपों का ध्यान किया जाता है। पहला दिन प्रतिपदा- देवी का कलश स्थापित किया जाता है। दूसरा से आठवां दिन तक नियमित पूजा, कीर्तन और दुगार्पाठ का आयोजन होता है। लोग संयमित रहते हैं और धार्मिक अनुशासन का पालन करते हैं। नवमी के दिन पांच कन्याओं को भोजन कराकर प्रसन्न किया जाता है। दशमी नवरात्र का अंतिम दिन, जिसे विजयादशमी कहा जाता है। नवरात्र के दौरान श्रद्धालु उपवास, सत्कार्य और दान पुण्य में जुटते हैं। यह समय आत्मसंयम, साधना और मानसिक शुद्धि का प्रतीक माना जाता है। विजयादशमी केवल पर्व नहीं है, बल्कि धार्मिक प्रतीक है। इसे धार्मिक दृष्टि से दशहरे का मूल उद्देश्य है बुराई पर अच्छाई की जीत। यह धर्म, नैतिकता और न्याय का प्रतीक है। देवी दुर्गा और भगवान राम के जीवन से यह सिखने को मिलता है कि बुराई के सामने साहस और शक्ति की आवश्यकता होती है। विजयादशमी का संदेश है कि जीवन में अनुशासन, संयम और सच्चाई के मार्ग पर चलकर व्यक्ति हर प्रकार के अंधकार और पाप का नाश कर सकता है। विजयादशमी सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह पर्व सामूहिकता, मेलजोल और संस्कृति की जीवंतता को दशार्ता है। उत्तर भारत के गांव और कस्बों में दशहरे के दौरान रामलीला का मंचन होता है। इसमें राम, रावण, लक्ष्मण और अन्य पात्रों की भूमिका स्थानीय कलाकार निभाते हैं। दशमी के दिन रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतले जलाए जाते हैं। यह अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। कई जगहों पर दशहरा मेले लगते हैं। राजस्थान में शक्ति पूजा, बंगाल और मिथिला में दुर्गा पूजा, और मैसूर में विशेष रूप से महाराज की सवारी और मंदिर सजावट होती है। कृषि प्रधान समाज में विजयादशमी का अलग महत्व है। यह फसल कटाई और नए बीज बोने का शुभ समय माना जाता है। लोग जौ और अन्य अनाज के अंकुरित दानों को घर में रखते हैं। कुछ स्थानों पर जौ के अंकुर तोड़कर पगड़ी या टोपी में रखकर सौभाग्य की कामना की जाती है। घोड़े और अन्य पशुओं की पूजा कर उन्हें शुभ कार्यों के लिए तैयार किया जाता है। इस प्रकार, विजयादशमी कृषि, पशुपालन और प्राकृतिक जीवन के साथ भी जुड़ा हुआ है। उत्तर भारत में दशहरा मुख्य रूप से रामलीला और रावण दहन के रूप में मनाया जाता है। गाँवों और कस्बों में मेले, चौकियाँ और सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं। लोग घोड़ों पर सवार होकर परिक्रमा करते हैं। पश्चिम भारत के राजस्थान और गुजरात में शक्ति पूजा और गरबा नृत्य का आयोजन होता है। लोग नौ दिनों तक देवी दुर्गा की आराधना करते हैं। पूर्वी भारत के बंगाल, मिथिला और ओडिशा में दशमी मां दुर्गा के विसर्जन का उत्सव होता है। यहाँ पर कलाकारी, सजावट और भव्य पंडाल तैयार किया जाता है। दक्षिण भारत में मैसूर का दशहरा प्रमुख है। चामुंडेश्वरी देवी मंदिर की भव्य सजावट और महाराज की सवारी देखने योग्य होती है। दक्षिण भारत में युद्ध कला और घोड़ा पूजा पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। विजयादशमी के अवसर पर कई परंपराएँ निभाई जाती हैं। क्षत्रिय जाति अपने अस्त्र-शस्त्र की पूजा करते हैं। इसे शौर्य और वीरता का प्रतीक माना जाता है। जिन घरों में घोड़ा होता है, उन्हें आंगन में लाकर उसकी परिक्रमा कराई जाती है। पुरुष घोड़े पर सवार होकर उत्सव में भाग लेते हैं।

# कोटा पहुंचा विश्व का सबसे ऊँचा चलायमान रावण

**खबरों के अनुसार कोटा में बने 215 फीट ऊँचे रावण के इस पुतले का दहन भी रिमोट कंट्रोल से किया जायेगा। रिमोट में 20 धमाके वाले प्वाइंट निर्धारित किये गए हैं। लगभग 1000 फीट लंबी एलईडी लाइट से सुसज्जित मुकुट व छत्र वाले इस पुतले की पोषक में 4 हजार मीटर वेलवेट का कपड़ा लगाया गया है। इसका फाइबर से निर्मित चेहरा 25 फीट का है। इनमें करीब 10 टन स्टील का उपयोग किया गया है। 24 फुट के 1500 बांस इस्तेमाल हुये इस विशाल पुतले में करीब 2 क्विंटल रस्सी का भी उपयोग हुआ है। राजस्थान के कोटा में दशहरे पर दहन होने वाले इस रावण के पुतले की मेजबानी के लिये जहाँ रावण के निर्माण से जुड़ा कोटा का प्रशासन बधाई के पात्र है**





निर्मल रानी
(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं)

विजय दशमी के दिन पूरे देश में विशेषकर उत्तर भारत में दशहरे के अवसर पर रावण, कुम्भकरण व मेघनाथ के पुतलों को फूँक कर बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व मनाया जाता है। इस अवसर पर देश भर में रावण के तरह तरह के पुतले व पुतला निर्माण क्षेत्र में प्रशिक्षित कारीगरों द्वारा निर्मित किये जाते हैं। देश भर में रावण के इन पुतलों की ऊंचाई प्रायः 40-50 व 60 फिट से लेकर अधिकतम 70 व 80 फुट तक ही होती है। ऐसा ही एक पुतला 1987 में हरियाणा के बराड़ा कस्बे में 1987 में बनना शुरू हुआ था जिसकी ऊंचाई थी मात्र 20 फुट। इसी रावण पुतले के साथ ही श्री राम लीला क्लब बराड़ा के नाम से एक समाजसेवी संस्था भी गठित की गयी। इन सब के सूत्रधार व संस्थापक हैं राणा तेजिंदर सिंह चौहान। 1987 में रावण का पहला पुतला बनाने की शुरूआत करने के साथ ही तेजिंदर चौहान ने यह भी महसूस किया कि चूँकि समाज में बुराई दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है इसलिये क्यों न बुराई के प्रतीक इस रावण के पुतले की ऊंचाई भी प्रत्येक वर्ष बढ़ा दी जाया करे? इन्हीं विचारों के साथ सन 2000 आते आते रावण के इस पुतले ने 100 फुट की ऊंचाई धारण कर ली और ह्यबराड़ा का रावणह्न के नाम से प्रसिद्ध हो गया। साथ ही यह पुतला लाखों की संख्या में दर्शक व राष्ट्रीय मीडिया का ध्यान भी आकर्षित करने लगा। रावण के इस विशाल पुतले व इसकी आकर्षक कलाकृति को जनता से मिलने वाले भरपूर प्यार व समर्थन ने क्लब संस्थापक व पुतला निमार्ता तेजिंदर चौहान की और अधिक हौसला अफजाई की। और फिर रावण के पुतले की ऊंचाई 100 फुट से भी आगे बढ़ने लगी। रावण की ऊंचाई बढ़ने के साथ ही इसमें लगने वाली सामग्री भी पुतले के अनुसार इस्तेमाल की जाने लगी। उदाहरण के तौर पर रावण के जो छोटे पुतले केवल बांस को आधार बनाकर बन जाते थे परन्तु लंबाई बढ़ते ही उसमें लोहे व स्टील का आधार बनना उसकी जरुरत बन गयी। रावण का चेहरा बांस व कागज के बजाये फाइबर का बनने लगा। रावण के पुतले की ऊंचाई उसका आकर्षण देख उसकी पोशाक भी कीमती से कीमती होने लगी। उसकी सुंदरता को रात के समय निखारने के लिये उसमें चेहरे, मुकुट ध्वज आदि में जगह जगह एल ई डी का प्रयोग किया जाने लगा। तलवार, ढाल जूता, मुकुट आदि सभी पुतले के अंग लोहे की छड़ों व एंगिल पर ही आधारित होने लगे। और 2012 आते आते जब रावण निर्माण व श्री राम लीला क्लब बराड़ा की स्थापना के 25 वर्ष पूरे हो गये तो इसी अवसर पर जनता की मांग पर 5 दिन तक रावण का पुतला खड़ा रखने के मकसद से ह्यबराड़ा महोत्सव ह्य का आयोजन किया जाने लगा। भारत वर्ष में अपने आप में यह इकलौता व बेहद अनूठा आयोजन था जिसमें 5 दिनों तक विश्व के सबसे ऊँचे रावण के पुतले के सामने दिन भर मेला लगा करता था और शाम के समय हास्य कवि सम्मेलन, गीत संगीत, कव्वाली व पूर्वोत्तर क्षेत्र कला संस्कृति के अनेक आयोजन हुआ करते थे। 2012 में ही 75 फुट के इस रावण के पुतले को पहली बार लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड में विश्व के सबसे ऊँचे रावण के पुतले होने का प्रमाण पत्र हासिल हुआ। परन्तु तेजिंदर चौहान का जूनून यहाँ भी खत्म नहीं हुआ। वे अभी भी पुतले की ऊंचाई में प्रत्येक वर्ष इजाफा करते रहे और धीरे धीरे उन्होंने बराड़ा में ही इस की ऊंचाई 225 फुट तक पहुंचा दी। अब वे हर साल अपने ही पिछले रिकार्ड को तोड़ते रहे। नतीजतन लिम्का बुक ने ही तेजिंदर चौहान को पांच बार लिम्का रिकार्ड से नवाजा। हाँ इतना जरूर है कि तेजिंदर चौहान के इस जूनून व लग्न के चलते उन्हें भारी आर्थिक नुक़्सान उठाना पड़ा। उन्हें अपनी जमीन भी बेचनी पड़ी। इसकी मुख्य वजह यह थी कि मंहगाई के दौर में बनने वाले इस विशाल पुतले के निर्माण पर होने वाला लाखों का खर्च तथा बराड़ा महोत्सव पर होने वाले पूरे खर्च जनता के सहयोग के बावजूद पूरे नहीं हो पाते थे लिहाजा हर नुक़्सान की आर्थिक भरपाई चौहान को ही करनी पड़ती। रहा सवाल सरकार का तो इसके केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री, राजयपाल मुख्यमंत्री विधायक गण तो प्रायः जनता के सामने अपना चेहरा चमकाने भर की तो दिलचस्पी जरूर रखते थे परन्तु आज तक हरियाणा सरकार ने इस अद्भुत कलाकृति को कोई आर्थिक सहयोग व संरक्षण नहीं दिया। हद तो यह है कि कई बार दर्शकों की बढ़ती भीड़ के मद्देनजर सरकार से दशहरा ग्राउंड हेतु बराड़ा में उपयुक्त मैदान भी माँगा गया। परन्तु सरकार ने कभी न सुनी। आखिरकार कोरोना काल आगया। साथ ही बराड़ा के उस निजी मैदान में कॉलोनी बन गयी जिसमें बराड़ा महोत्सव मनाया जाता था। परन्तु तब तक तेजिंदर चौहान की शोहरत मीडिया व सोशल मीडिया के माध्यम से देश और दुनिया भर में हो चुकी थी। उसी के बाद बराड़ा का रावण चलायमान हो गया। सर्वप्रथम बराड़ा के बाहर 200 फुट का यह पुतला पंचकूला में दो वर्षों तक स्थापित किया गया। उसके बाद चंडीगढ़ के धनास मैदान में 215 फुट का पुतला बनाया गया। इसके बाद देहरादून में 210 फुट का पुतला बना। हर जगह मुख्यमंत्री या राज्यपाल इन पुतलों का रिमोट से दहन करते। गत वर्ष यह पुतला दिल्ली के द्वारका में अपनी छाप छोड़ कर आया। यहाँ पूर्व राष्ट्रपति श्री राम कोविंद ने इसे अग्नि की भेंट किया। और इस बार यह रावण का पुतला राजस्थान के कोटा में अपनी धूम मचा रहा है। कोटा के लोग इस रावण के पुतले व इसे बनाने वाले तेजिंदर चौहान व उनके सभी सहयोगियों को भरपूर इज्जत व स्नेह प्रदान कर रहे हैं।

# हिंदुओं का एक प्रमुख त्यौहार विजयादशमी

दशहरा (विजयादशमी) हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। यह पर्व आश्विन माह की शुक्ल पक्ष की दशमी को मनाया जाता है। यह पर्व साढ़े तीन मुख्य मुहूर्तों में से एक है। त्रेतायुग से ही हिन्दू विजयादशमी का त्योहार मनाते आ रहे हैं। विजय की प्रेरणा देनेवाला और क्षात्रवृति जागृत करने वाला यह पर्व आपसी प्रेम बढ़ाने की सीख भी देता है। हमारे जीवन में इस त्योहार का अद्वितीय महत्व है । इस लेख के माध्यम से हम इसके आध्यात्मिक, ऐतिहासिक, सामाजिक महत्व को संक्षेप में जानेंगे। व्युत्पत्ति और अर्थ : दशहरा शब्द की एक व्युत्पत्ति ह्यदश-हाराह्न भी कही जाती है। ह्यदशह्न का अर्थ है दस और ह्यहाराह्न अर्थात हार गए। नवरात्र के नौ दिनों में देवी की शक्ति से सभी दसों दिशाएँ नियंत्रित हो जाती हैं। अर्थात दिशाओं में जो दिक्पाल, गण आदि हैं, वे सब वश में आ जाते हैं और दसों दिशाओं पर विजय प्राप्त होती है। वजय के संदर्भ में इस दिन को दशहरा, दसरा और विजयादशमी कहा जाता है। दुर्गा-नवरात्र समाप्त होते ही यह दिन आता है; इसलिए इसे नवरात्रि की समाप्ति का दिन भी माना जाता है। इतिहास : अ. श्री राम के पूर्वज अयोध्या के राजा रघु ने विश्वजित यज्ञ किया था । उसके उपरान्त उन्होंने अपनी सारी संपत्ति दान कर दी। बाद में वे पर्णकुटी में रहने लगे। उसी समय कौत्स नामक ब्राह्मण पुत्र वहां आए । वे चाहते थे कि गुरु-दक्षिणा के रूप में उन्हें १४ करोड़ स्वर्ण मुद्रायें दी जाए। इसके लिए राजा रघु ने कुबेर पर आक्रमण करने की तैयारी की। तब कुबेर राजा रघु के शरण आए और अश्मंतक और शमी के वृक्षों पर स्वर्णमुद्रा की वर्षा की। उसमें से कौत्स ने केवल १४ करोड़ मुद्राएं लीं, शेष मुद्राएं राजा रघु ने प्रजा में वितरित कर दी। आ. इसी दिन प्रभु श्रीराम ने रावण का वध कर विजय प्राप्त की। इसलिए इस दिन को विजयादशमी कहा जाता है। इ. पांडवों ने अज्ञातवास समाप्त होने पर शस्त्र-पूजन कर शमी-वृक्ष से अपने अस्त्र वापस लिए और कौरव सेना पर विजय पाई, वह दिन भी दशहरे का था । ई. महाराष्ट्र में दशहरे के दिन शुभचिंतकों को सोने के रूप में अश्मंतक के पत्ते वितरित करने की प्रथा है। इसका ऐतिहासिक कारण यह है कि मराठा वीर युद्ध में सोना के सिक्के लूटकर घर लाते थे। लौटने पर पत्नी या बहन उनकी आरती करतीं और युद्ध से लाए सोने के सिक्के का कुछ अंश अर्पित करतीं। यही परंपरा आज अश्मंतक की पत्तियाँ सोना मानकर देने के रूप में शेष है।उ. यह एक कृषि लोक उत्सव के रूप में भी मनाया जाता था। वर्षा ऋतु में बोई गई पहली फसल जब घर आती थी तब किसान दशहरा मनाते थे। नवरात्रि में घटस्थापना के दिन घट के सामने मिट्टी के पात्र में बोए गये नौ अनाज के अंकुर दशहरे के दिन देवता को अर्पित किए जाते हैं। कई स्थानों पर खेत के धान की बालियाँ लाकर द्वार पर तोरण बांधा जाता है। इससे इस पर्व का कृषिपरक रूप स्पष्ट होता है। पर्व मनाने की पद्धति : इस दिन सीमोल्लंघन, शमी-पूजन, अपराजिता-पूजन और शस्त्र पूजा ये चार मुख्य कृत्य किए जाते हैं। 1. सीमोल्लंघन : अपराह्न में (तीसरे प्रहर) गाँव की सीमा पार कर ईशान्य दिशा की ओर जाते हैं। जहाँ शमी या अश्मंतक का वृक्ष हो, वहाँ रुक जाते हैं। 2. शमी-पूजन : विशेष श्लोकों से शमी को प्रार्थना की जाती है। शमी पाप नष्ट करनेवाली, राम को प्रिय और अर्जुन के बाण धारण करनेवाली है। यात्रा को निर्विघ्न और सफल बनाने हेतु उससे प्रार्थना की जाती है। 3. अश्मंतक-पूजन : मंत्रोच्चारण कर वृक्ष की पूजा की जाती है। उसके नीचे चावल, सुपारी और मुद्रा रखकर प्रदक्षिणा की जाती है। उसकी पत्तियाँ और थोड़ी मिट्टी घर लाई जाती है। 3.अ. अश्मंतक की पत्तियाँ सोना मानना : इन्हें देवता को अर्पित कर मित्रों को दिया जाता है। सोना देने का संकेत यह है कि छोटा बड़े को दे। 4. अपराजिता-पूजन : शमी पूजन के स्थान पर भूमि पर अष्टदल बनाकर उस पर अपराजिता की प्रतिमा रखकर पूजा की जाती है। उससे विजय की प्रार्थना की जाती है। 5. शस्त्र और उपकरण पूजन : इस दिन राजा, सामंत और सरदार अपने शस्त्र पूजते हैं। किसान और कारीगर अपने औजार पूजते हैं। विद्यार्थी लेखनी और पुस्तकों की पूजा करते। इसका उद्देश्य है कि हर साधन में ईश्वर का रूप मानकर उससे एकरूपता साधी जाए। 5.अ. राजविधान : विजय का पर्व होने से इस दिन विशेष राजकीय विधान भी होता है। 6. पारिवारिक परंपरा : कुछ घरानों में नवरात्रि का विसर्जन नवमी को होता है, तो कुछ में दशमी को।

## संक्षिप्त खबरें

### मामूली विवाद में दोस्त को लहूलुहान कर भागा युवक

नोएडा,। मामूली विवाद में युवक ने दोस्त को पीटा और उसे घायल अवस्था में छोड़कर भाग गया। राहगीर ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित की मां ने आरोपी के खिलाफ सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज कराया है। भंगेल निवासी प्रीति वर्मा ने थाने में शिकायत दी कि उनके बेटे नैतिक को 21 सितंबर की रात करीब 12 बजे उसका दोस्त हेमंत बुलाकर ले गया। हेमंत पड़ोस में ही रहता है। कुछ ही समय बाद सेक्टर-39 थाना क्षेत्र स्थित आर क्यूब मॉल के सामने हेमंत ने नैतिक के साथ किसी बात को लेकर गाली-गलौज और मारपीट की। नैतिक ने जब विरोध किया तो हेमंत ने उसे दोबारा से पीटकर लहूलुहान कर दिया। नैतिक को घायलावस्था में छोड़कर नैतिक भाग गया। राहगीर ने नैतिक को चीख सुनी और अन्य लोगों को मौके पर बुलाया। इसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने के कारण नैतिक को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। उसका वहीं पर इलाज चल रहा है। उसके सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोटें हैं। पुलिस आरोपी हेमंत को पकड़ने के लिए दबिश दे रही है। उसने नैतिक को किस बात को लेकर पीटा, इसकी भी जानकारी जुटाई जा रही है।

### फ्लैट से टोटियां चोरी करके भाग रहा बदमाश दबोचा

ग्रेटर नोएडा,। बिसरख कोतवाली क्षेत्र में एक सोसाइटी के फ्लैट से पानी की टोंटियां चोरी करके भाग रहे एक चोर को सिक्योरिटी ऑफिसर ने धर दबोचा। पकड़े गए आरोपी को चोरी के सामान के साथ पुलिस को सौंप दिया गया। बिसरख कोतवाली प्रभारी ने बताया कि रोहित यादव ने एक शातिर चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। रोहित ने बताया कि वह गौर सिटी दो सोसाइटी में सिक्योरिटी ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। पीड़ित के अनुसार सोमवार को वह सोसाइटी में ड्यूटी पर तैनात थे। इस बीच उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति प्लास्टिक की बोरी में पानी की टोंटी चोरी करके ले जा रहा था। रोहित ने उसे रोककर पूछताछ की तो उसने अपना नाम शाहरुख बताया। आरोपी ने बताया कि वह एक फ्लैट से टोंटियां चोरी करके लाया है। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को चोरी के सामान के साथ थाने ले गई। कोतवाली प्रभारी का कहना है आरोपी से पूछताछ की जा रही है। इसके अन्य अपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

### कराटे के फाइनल मुकाबलों में छात्रों ने दिखाया दम

नोएडा,। एमिटी विश्वविद्यालय में मंगलवार को स्तर 84 किलो, 68 किलो, -84 किलो में पुरुषों और महिलाओं के फाइनल कराटे प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। पुरुषों की (84 )किलो ग्राम वर्ग की प्रतियोगिता में एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ अप्लाइड साइंसेज के क्षितिज ने एमिटी लॉ स्कूल नोएडा के अभय के बीच मुकाबले हुए। इनमें क्षितिज ने 16 और अभय ने छह प्वाइंट बनाए। इसी तरह महिलाओं की 68 किलो ग्राम वर्ग की प्रतियोगिता में एमिटी कॉलेज ऑफ कामर्स एंड फाइनेंस की रीवा और एमिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की अपूर्वा के बीच मुकाबला हुआ। रीवा ने नौ प्वाइंट और अपूर्वा ने मात्र एक प्वाइंट बनाया। पुरुषों की 84 किलो ग्राम वर्ग की प्रतियोगिता का मुकाबला एमिटी स्कूल ऑफ इंजीनियिरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अभिजित और एमिटी कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड फाइनेंस के यमन के मध्य खेला गया। अभिजित ने 18 प्वाइंट और यमन ने मात्र 10 प्वाइंट बनाए।

### मकान का ताला तोड़कर नगदी-गहने चुराए

सूरजपुर । कोतवाली क्षेत्र की साईं एन्क्लेव कॉलोनी में बदमाश एक मकान का ताला तोड़कर नगदी, कीमती सामान और गहने चोरी कर ले गए। घटना के समय परिवार के लोग यात्रा पर गए थे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रितेश कुमार तिलपता स्थित साईं एन्क्लेव कॉलोनी में परिवार के साथ रहते हैं। रितेश ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार के साथ यात्रा पर गए थे। इसी बीच बदमाशों ने मकान का ताला तोड़कर नगदी, कीमती सामान और गहने चोरी कर लिए। वे घर से एलसीडी और होम थिएटर भी ले गए। परिवार के लोग यात्रा से वापस लौटे तो घटना के बारे में पता चला। इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस घर के आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज देख रही। चोरों का पता लगातार घटना का खुलासा किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री योगी ने लगाई बुढ़िया माई के दरबार में हाजिरी, की प्रदेशवासियों के मंगलमय जीवन की प्रार्थना

प्रात : किरण संवाददाता



गोरखपुर। शारदीय नवरात्र के आठवें दिन, सप्तमी तिथि के मान में सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आदिशक्ति मां भगवती की प्रतिनिधि स्वरूपा बुढ़िया माई के दरबार में हाजिरी लगाई। कुसम्ही जंगल स्थित बुढ़िया माई के मंदिर में उन्होंने विधिवत दर्शन-पूजन किया तथा माता से प्रदेशवासियों के कल्याण और मंगलमय जीवन की प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर और यहां स्थित कुंड/तालाब का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अफसरों को निर्देशित किया कि मंदिर परिसर कुंड के दोनों तरफ श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए सस्पेंशन ब्रिज (झूला पुल) बनवाया जाए। इसके लिए उन्होंने जिलाधिकारी दीपक मीणा को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। सोमवार को दोपहर बाद सीएम योगी लखनऊ से गोरखपुर आए। गोरखपुर एयरपोर्ट पर उतरने के बाद उनका काफिला सबसे पहले कुसम्ही जंगल स्थित प्राचीन बुढ़िया माई मंदिर पहुंचा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंदिर में बुढ़िया माई का दर्शन करने के बाद माई की प्रतिमा पर पुष्प व अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर विधिविधान से आराधना की, आरती उतारी। बुढ़िया माई का पूजन और लोक कल्याण की मंगलकामना करने के बाद वह बाहर आए। उसके बाद मंदिर परिसर और यहां स्थित नैसर्गिक कुंड/तालाब का अवलोकन करते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया इस कुंड की सफाई कराने के साथ यहां एक सस्पेंशन ब्रिज (झूला पुल) बनवाया जाए ताकि कुंड के उस पार भी स्थित बुढ़िया माई के मंदिर तक आने-जाने के लिए श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो। अभी श्रद्धालुओं को नाव से उस पार जाना-आना पड़ता है। उल्लेखनीय है कि घने जंगल में स्थित बुढ़िया माई का मंदिर पूर्वी उत्तर प्रदेश में लोक आस्था का बड़ा केंद्र है। लंबे समय तक उपेक्षित रहे इस मंदिर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर न केवल रोड कनेक्टिविटी से आच्छादित किया गया बल्कि परिसर का सुंदरीकरण कराकर श्रद्धालुओं के लिए जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। बुढ़िया माई मंदिर आगमन पर उनके साथ विधायक महेंद्रपाल सिंह, विपिन सिंह, काशी से आए जगद्गुरु स्वामी संतोषाचार्य उर्फ सतुआ बाबा, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास, भाजपा के जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, चरगांवा की ब्लॉक प्रमुख वंदना सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि रणविजय सिंह मुन्ना, जीडीए बोर्ड के सदस्य दुर्गेश बजाज, पिपराइच के पूर्व ब्लॉक प्रमुख आनंद शाही समेत कई लोग उपस्थित रहे। बाल श्रद्धालुओं से मिले मुख्यमंत्री, दुलारकर दिया चॉकलेट बुढ़िया माई मंदिर में दर्शन पूजन करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंदिर परिसर में परिजनों के साथ माता का दर्शन करने आए बाल श्रद्धालुओं से भी मुलाकात की। उन्होंने बच्चों से आत्मीयता से बातचीत की और खूब दुलारकर उन्हें अपने हाथों से चॉकलेट दिया। मुख्यमंत्री का स्नेहिल सानिध्य पाकर बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं था। इस दौरान अन्य श्रद्धालुओं ने जयकारा लगाकर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया।

# रेरा, ईडी, सीबीआई में झूठी शिकायतें देकर बिल्डरों से ठगे करोड़ों

प्रात : किरण संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। एसटीएफ नोएडा यूनिट ने उद्यमियों और बिल्डरों के खिलाफ ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग, जीडीए, रेरा और ईओडब्ल्यू में झूठी शिकायतें दर्ज करवाकर रंगदारी वसूलने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान दिल्ली के दरियागंज निवासी अंकुर गुप्ता गुप्ता (52) और शास्त्री नगर निवासी नरेंद्र धवन व बेटे हरनाम धवन के रूप में हुई है। आरोपियों के पास से एसटीएफ ने चार मोबाइल, 62720 रुपये, एक अमेरिकी डॉलर, फर्जी आधार कार्ड और 17 डाक रसीदें बरामद की हैं। आरोपी तीन साल में दिल्ली-एनसीआर के करीब 25 से अधिक बिल्डरों से करोड़ों रुपये ठग चुके हैं। एसटीएफ के मुताबिक, 12वीं पास अंकुर गुप्ता ने पूछताछ में बताया है कि उसका दरियागंज, दिल्ली में कपड़े का कारोबार था लेकिन कर्ज और बैंक की किश्तों के कारण काम ठप हो गया। इसी दौरान उसे पता चला कि झूठी शिकायतें कर उद्यमियों व बिल्डरों को परेशान करने से वह बचाव के लिए रकम देने पर मजबूर हो जाते हैं। धीरे-धीरे उसने संगठित गिरोह बनाया और कुछ कथित स्वतंत्र पत्रकारों व छोटे अखबार चलाने वालों को लालच देकर साथ मिला लिया। इसके बाद गाजियाबाद-नोएडा के साया बिल्डर से पहले 15 करोड़ रुपये की रंगदारी की मांगी। जब बिल्डर ने असमर्थता जताई तो रंगदारी की रकम घटाकर पांच करोड़ कर दी गई। आरोपियों ने पांच लाख रुपये से अधिक की रकम वसूली और शेष के लिए दबाव बनाने लगे। हरनाम वर्ष-2021 में दिल्ली के वसंत कुंज थाने में दर्ज एक दुष्कर्म के मामले में जेल जा चुका है। अब तीनों आरोपियों के खिलाफ थाना इंदिरापुरम गाजियाबाद में बीएनएस की धारा-308, 351(2), 61(2), 318(2), 336(3), 338, 340(2) मुकदमा दर्ज किया गया है। इस गिरोह से प्रभावित अन्य पीड़ितों और मकान मालिकों की भी जानकारी जुटाई जा रही है। उनकी शिकायतों को जांच में शामिल किया जाएगा। तीनों आरोपियों के खिलाफ थाना इंदिरापुरम पुलिस आगे की कार्रवाई रही है। साथ ही, कथित स्वतंत्र पत्रकारों की भूमिका की जांच की जा रही है। इसके अलावा किस-किस से कितने पैसे ठगे इसकी जानकारी जुटा रही है। दिल्ली अपटूडेट नाम से यूट्यूब चैनल बनाया नोएडा के अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मिश्र ने बताया कि अंकुर ने ह्यदिल्ली अपटूडेटह नाम से यूट्यूब चैनल और अखबार चलाने वाले नरेंद्र धवन व हरनाम के साथ मिलकर बिल्डरों व उद्यमियों के खिलाफ ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग, जीडीए, रेरा और ईओडब्ल्यू आदि विभागों में झूठी शिकायतें दर्ज करवाईं। बाद में उन्हीं शिकायतों को आधार बनाकर समाचार प्रकाशित और प्रसारित किए। इससे कारोबारी बदनामी से बचने और कामकाज सुचारु रखने के लिए रंगदारी देने को मजबूर होने लगे। हजारों खरीदारों को मकान मिलने में हुई देर एसटीएफ के मुताबिक, गिरोह के निशाने पर करोलबाग, दिल्ली स्थित यूनिटी ग्रुप का द अमैरिल्स, गाजियाबाद के शिप्रा और साया बिल्डर, इंदिरापुरम का हार्मनी प्रोजेक्ट और ग्रेनो केशवकुंज प्रोजेक्ट थे।

# उत्तर प्रदेशः एटीएस ने 4 कट्टरपंथियों को गिरफ्तार किया



लखनऊ,। उत्तर प्रदेश एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) ने सोमवार बीती रात प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत कई जिलों में छापेमारी कर देश में कट्टरपंथी गतिविधियां के खिलाफ कार्रवाई की है। इस दौरान अलग-अलग जिलों से 4 कट्टरपंथियों को गिरफ्तार किया गया है। एसटीएस के आईजी पीके गौतम ने मंगलवार पत्रकारों को बताया कि सुलतानपुर से अकमल रजा, सोनभद्र से सफील सलमानी, कानपुर के घाटमपुर से तौसीफ और रामपुर के सराय करीम से कासिम को गिरफ्तार किया गया है। चारों पाकिस्तान में कट्टरपंथी एवं जेहादी गतिविधियां चलाने वाले संगठन के संपर्क में थे। आईजी एटीएस ने बताया कि शुरूआती पूछताछ में चारों कट्टरपंथियों से पता चला है कि ये लोग जिहाद करने और शरिया कानून लागू करने की मुहिम चलाने की योजना बना रहे थे। इसके लिए ये अपने समान कट्टरपंथी विचारधारा वाले लोगों को जोड़ रहे थे। इन कार्यों के लिए वे कई हिंसात्मक जिहादी साहित्यों का संकलन, लेखन और उनको प्रचारित-प्रसारित करने का कार्य कर रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। इनके अन्य साथियों और मददगारों के विषय में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए अभियुक्तों के पुलिस कस्टडी रिमांड को लेकर न्यायालय से अनुरोध किया जाएगा।

# पश्चिमी यूपी में पहली अक्टूबर से होगी धान खरीद, साढ़े 23 हजार से अधिक किसानों ने कराया पंजीकरण

प्रात : किरण संवाददाता

लखनऊ,। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत पहली अक्टूबर से पश्चिमी उत्तर प्रदेश और लखनऊ संभाग के हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर जनपद में धान खरीद प्रारंभ होगी। पहली नवंबर से पूर्वी उत्तर प्रदेश और लखनऊ संभाग के लखनऊ, रायबरेली व उन्नाव में खरीद होगी। मंगलवार (30 सितंबर) सुबह 11 बजे तक साढ़े 23 हजार से अधिक किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 31 जनवरी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में 28 फरवरी 2026 तक धान खरीद होगी। सरकार ने इस वर्ष धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि भी की है। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (कॉमन)-2369 और (ग्रेड ए) का 2389 रुपये प्रति कुंतल तय किया गया है। योगी सरकार ने 48 घंटे के भीतर किसानों को भुगतान का निर्देश दिया है। क्रय केंद्र सुबह 9 से शाम पांच बजे तक खुले रहेंगे। धान बिक्री के लिए किसानों का पंजीकृत होना अनिवार्य है। किसानों को खाद्य व रसद विभाग की आधिकारिक वेबसाइट या मोबाइल ऐप यूपी किसान मित्र पर पंजीकरण कराना होगा। खरीद पंजीकृत किसानों से ही होगी। खाद्य व रसद विभाग के मुताबिक किसान किसी भी सहायता या जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 18001800150 नंबर पर कॉल या अपने जनपद के जिला खाद्य विपणन अधिकारी, तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी व ब्लॉक के विपणन निरीक्षक से भी संपर्क साध सकते हैं। पश्चिम उत्तर प्रदेश के संभागों में पहली अक्टूबर से धान खरीद शुरू होगी, जो 31 जनवरी 2026 तक चलेगी। यह खरीद पश्चिम उत्तर प्रदेश के मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली,आगरा, अलीगढ़, झांसी संभाग में होगी। वहीं लखनऊ संभाग के हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर जनपद में भी धान खरीद इसी अवधि में होगी। पूर्वी उत्तर प्रदेश के संभागों में पहली नवंबर से धान खरीद शुरू होगी। यह खरीद पूर्वी उत्तर प्रदेश के चित्रकूट, कानपुर, अयोध्या, गोरखपुर, देवीपाटन, बस्ती, आजमगढ़, वाराणसी, मीरजापुर व प्रयागराज संभाग में होगी। इसके साथ ही लखनऊ संभाग के लखनऊ, रायबरेली व उन्नाव में भी पहली नवंबर से खरीद होगी, जो 28 फरवरी 2026 तक चलेगी। (सुबह 11 बजे) तक साढ़े 23 हजार से अधिक किसानों ने धान विक्रय के लिए पंजीकरण कर लिया है। विभाग के मुताबिक धान की बिक्री के लिए ओटीपी आधारित सिंगल पंजीकरण की व्यवस्था की गई है। किसान मोबाइल पर एसएमएस से मिले ओटीपी को भरकर पंजीकरण करा सकते हैं। वहीं किसानों को भुगतान सीधे आधार लिंक्ड बैंक खाते में किया जाएगा। बिचौलियों को रोकने व पारदर्शिता बरतते हुए क्रय केंद्रों पर धान की खरीद ई-पॉप (इलेक्ट्रॉनिक प्वाइंट ऑफ परचेज) डिवाइस के माध्यम से पहले की भांति किसानों के बायोमेट्रिक सत्यापन के जरिए ही होगी।

# बरेली में इंटरनेट बहाली के बाद जनजीवन सामान्य, सुरक्षा के मद्देनजर पुलिसबल तैनात

प्रात : किरण संवाददाता

बरेली,। उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में इंटरनेट सेवाओं की बहाली के बाद माहौल शांतिपूर्ण बना हुआ है। इंटरनेट सेवाएं शुरू होने के बाद लोग एक बार फिर मोबाइल फोन और सोशल मीडिया का उपयोग करते नजर आए। तनावपूर्ण हालात के बाद प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए कई कदम उठाए हैं। शहर में सामान्य जनजीवन धीरे-धीरे पटरी पर लौट रहा है, लेकिन प्रशासन कोई जोखिम लेने के मूड में नहीं है। सुरक्षा के लिहाज से मौलाना तौकीर रजा के आवास के आसपास के रास्तों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। इन मार्गों पर आने-जाने वालों की सख्त निगरानी की जा रही है। पुलिस और प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी तरह की अशांति को रोकने के लिए सतर्कता बरती जा रही है। शहर के संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ-साथ गश्त भी बढ़ा दी गई है। इंटरनेट सेवाएं बंद होने से पहले शहर में कुछ तनावपूर्ण घटनाएं हुई थीं, जिसके कारण प्रशासन को यह कदम उठाना पड़ा था। अब इंटरनेट बहाल होने के बाद लोग अपने रोजमर्रा के कामों के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का उपयोग कर रहे हैं। बाजारों में रौनक लौटने लगी है और दुकानें सामान्य रूप से खुल रही हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इंटरनेट की वापसी से उन्हें काफी राहत मिली है, क्योंकि कई काम ऑनलाइन सेवाओं पर निर्भर थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की गई है। प्रशासन ने यह भी चेतावनी दी है कि अफवाहें फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बरेली के निवासियों से अपील है कि वे किसी भी भ्रामक जानकारी पर ध्यान न दें और सामाजिक सौहार्द बनाए रखें। फिलहाल, शहर में शांति कायम है और प्रशासन हर स्थिति पर नजर रखे हुए है।

# गंगा में जल्द शुरू होगा गंगोत्री क्रूज का संचालन, नाइट स्टे के साथ ऐतिहासिक धरोहरों को निहार सकेंगे सैलान

प्रात : किरण संवाददाता

वाराणसी,। काशीवासियों और यहां आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए बड़ी खुशखबरी है। गंगा में जल्द ही एक और भव्य क्रूज गंगोत्री क्रूज का संचालन शुरू होने जा रहा है। यह न केवल काशी के घाटों का सुंदर नजारा कराएगा, बल्कि आसपास के जिलों की ऐतिहासिक और धार्मिक धरोहरों तक भी पर्यटकों को ले जाएगा। खास बात यह है कि इस क्रूज पर नदी में ही नाइट स्टे का अनुभव भी लिया जा सकेगा। गंगोत्री क्रूज की खासियतें गंगा में यह पांचवां और तीसरा बड़ा क्रूज होगा। तीन मंजिला इस क्रूज की लंबाई 52 मीटर और चौड़ाई 11 मीटर है। इसकी क्षमता 200 यात्रियों की होगी, जबकि 48 लोगों के लिए एक साथ नाइट स्टे की सुविधा उपलब्ध रहेगी। नाइट स्टे के लिए अलग से बुकिंग करानी होगी। प्रति व्यक्ति किराया 24 घंटे के लिए 30 हजार रुपये तय किया गया है। बुकिंग और संचालन क्रूज का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों होना है। फिलहाल बुकिंग शुरू हो चुकी है, जो अभी अलकनंदा क्रूज की वेबसाइट से हो रही है। अगले सप्ताह से बुकिंग डॉट कॉम और अगोडा जैसे पोर्टलों पर भी इसकी बुकिंग उपलब्ध होगी। निदेशक विकास मालवीय के अनुसार, दीपावली से पहले इसका संचालन शुरू हो जाएगा। यात्रा का अनुभव गंगोत्री क्रूज की यात्रा रविदास घाट से शुरू होगी। यहां से यह मिजार्पुर जिले की ओर जाएगा, जहां मां विंध्याचल के दर्शन-पूजन का अवसर मिलेगा। इसके बाद चुनार किला, शूलटंकेश्वर महादेव, काशी के घाट, श्री काशी विश्वनाथ मंदिर और अंत में मारकंडेय महादेव धाम तक पर्यटकों को भ्रमण कराया जाएगा। हर पड़ाव पर सांस्कृतिक संध्या, काव्य पाठ, लोक नृत्य और संगीत कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिससे यात्रियों को काशी और आसपास की सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का अवसर मिलेगा। फिलहाल गंगा में चार क्रूज अलकनंदा, भागीरथी, विवेकानंद और मानेकशॉ संचालित हो रहे हैं। इनमें यात्रियों की मांग काफी अधिक है। उदाहरण के तौर पर, अलकनंदा और भागीरथी क्रूज में 80 में से 48 सीटें, जबकि विवेकानंद और मानेकशॉ में 200 में से 160 सीटें पहले ही बुक हो चुकी हैं। देव दीपावली के लिए भी बुकिंग जल्द शुरू होने वाली है। गंगोत्री क्रूज के शुरू होने से न केवल पर्यटन को नया आयाम मिलेगा, बल्कि काशी की धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों को देखने का अनोखा अनुभव भी पर्यटकों को प्राप्त होगा।

# बरेली हिंसा मामले में 60 से ज्यादा लोग गिरफ्तार आईएमसी प्रवक्ता की 74 दुकानें सील

प्रात : किरण संवाददाता



बरेली,। बरेली हिंसा के बाद अब तक पुलिस ने 60 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि इस हिंसा की योजना काफी पहले से बनाई गई थी। इस मामले के दो मुख्य मास्टरमाइंड मौलाना तौकीर रजा और नदीम हैं। जांच में पता चला है कि नदीम ने लोगों को व्हाट्सएप कॉल करके बरेली बुलाया था। पुलिस के मुताबिक नदीम ने 55 लोगों को व्हाट्सएप पर कॉल किया गया था। इन 55 लोगों के जरिए शहर में हिंसा फैलाने के लिए करीब 1600 लोग जुटाए गए थे। नदीम ने लोगों को कहा था कि वे नाबालिगों को आगे रखें। इसी वजह से माहौल खराब हुआ। पुलिस ने इस मामले की जांच में आईएमसी के प्रवक्ता डॉ. नफीस को भी हिरासत में लिया है। सोमवार को कुल 29 उपद्रवियों को जेल भेजा गया। पुलिस के मुताबिक डॉ. नफीस और उनके साथियों की करीब 150 करोड़ की संपत्ति जब्त की गई है। हिंसा के कारण बीते शनिवार शाम से बरेली में इंटरनेट सेवा बंद थी, लेकिन सोमवार सुबह से इसे फिर से शुरू कर दिया गया। आईएमसी की तरफ से एक पत्र जारी किया गया था, जिसमें नदीम, डॉ. नफीस और लियाकत खान के हस्ताक्षर थे। जांच में पता चला कि लियाकत खान के हस्ताक्षर नदीम ने फर्जी तरीके से बनाए थे। इस मामले में भी नदीम के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। पुलिस ने 62 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ 10 मुकदमे दर्ज किए गए हैं। डॉ. नफीस को अंकल ऑफ आईएमसी कहा जाता है। उनकी ऑफिस और बरेली नगर निगम के 74 दुकानें सील कर दी गई हैं। पुलिस ने कहा है कि वह इस मामले में कार्रवाई जारी रखेगी ताकि बरेली में शांति बनी रहे।

# वाराणसी : तालाब में डूबने से व्यक्ति की मौत, सदमे में परिजन

वाराणसी,। मड़ुवाडीह थाना क्षेत्र के कंदवा गांव में मंगलवार की सुबह तालाब में डूबने से अधेड़ की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घमहापुर निवासी हौसला पटेल (55 वर्ष) मंगलवार की सुबह कंदवा तालाब की ओर गए थे, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटे। जब परिजन और गांव वालों ने खोजबीन शुरू की तो पता चला कि वे गांव के ही कंदवा तालाब में डूब गए हैं। तत्काल ग्रामीणों ने शव को बाहर निकाला और घटना की सूचना पुलिस को दी। मृतक की पत्नी मीरा देवी ने भी इसकी पुष्टि की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार, हौसला पटेल मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में पत्नी मीरा देवी के अलावा पांच बेटियां और एक बेटा है। इनमें से बेटा किशन पटेल (16) और बेटी रेखा पटेल (24) अविवाहित हैं, जबकि अन्य बच्चों की शादी हो चुकी है।

# उत्तर प्रदेश पर्यटन का जलवा : यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में मिला सम्मान

प्रात : किरण संवाददाता

लखनऊ,। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने एक बार फिर नए आयाम गढ़े हैं। ग्रेटर नोएडा में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में विभाग को उल्लेखनीय योगदान और प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित किया गया है। यह आयोजन 25 से 29 सितंबर तक चला और इसमें लगभग 5.15 लाख आगंतुकों ने हिस्सा लिया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यूपीआईटीएस ने प्रदेश में पर्यटन संभावनाओं के नए द्वार खोले हैं। इस आयोजन में प्रदेश सरकार की बिजनेस-फ्रेंडली नीतियों, उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति-2022 और विकसित यूपी 2047 की स्पष्ट झलक देखने को मिली। यूपी पर्यटन विभाग के स्टॉल पर वीआर-एआर तकनीक ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। स्टॉल पर आगंतुकों को उत्तर प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों की जानकारी मिली और उन्होंने एआर फोटो बूथ पर अपनी पसंद के मंदिर या पर्यटन स्थल के साथ डिजिटल फोटो खिंचवाए। स्टॉल पर उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया गया। आगंतुकों ने इको टूरिज्म गंतव्यों में रुचि दिखाई और दुधवा, नैमिषारण्य और चूका बीच जैसे स्थलों की यात्रा का वादा किया। मंडप में सार्वजनिक-निजी भागीदारी और निवेश अनुभाग ने आगंतुकों का विशेष ध्यान खींचा। करीब 200 इच्छुक निवेशकों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने पर्यटन अवसंरचना, संयुक्त उपक्रमों और नवोन्मेषी परियोजनाओं में रुचि दिखाई। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि यूपीआईटीएस में उत्तर प्रदेश पर्यटन का स्टॉल सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र रहा। विभाग का उद्देश्य है कि बच्चे अपनी संस्कृति, परंपरा और समृद्ध विरासत को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करें।

# स्टेडियम में 75 फीट ऊंचे पुतले का दहन होगा



नोएडा,। शहर में रावण दहन की तैयारी अंतिम चरण में हैं। रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतले बनकर तैयार हो चुके हैं। शहर का सबसे ऊंचा रावण का पुतला नोएडा स्टेडियम में जलाया जाएगा। इसकी ऊंचाई 75 फीट होगी। बुधवार को पुतलों को क्रेन की मदद से खड़ा कर दिया जाएगा। सेक्टर-21ए नोएडा स्टेडियम में पुतला दहन श्री सनातन धर्म रामलीला समिति की ओर से किया जाएगा। समिति के मीडिया प्रभारी अनिल गुप्ता ने बताया कि दो अक्तूबर की देर शाम को 75 फीट ऊंचा रावण का पुतला, 65 ऊंचा कुंभकर्ण का पुतला और 60 फीट ऊंचा मेघनाद का पुतले का दहन किया जाएगा। वहीं, सेक्टर-62 के सी ब्लॉक मैदान में आयोजित श्रीराम मित्र मंडल के अध्यक्ष डीपी गोयल और महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि इस बार 70 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतले की ऊंचाई क्रमशः 65 और 60 फीट रहेगी। तीनों पुतलों की ऊंचाई पिछले बार से 10-10 फीट बढ़ाई गई है। उन्होंने बताया कि इस बार तीन और पुतले भ्रष्ट्राचार, महिला उत्पीड़न और पहलगांव के आतंकवाद के खिलाफ जलाए जाएंगे। यह तीनों पुलते 10-10 फीट ऊंचे रहेंगे। वहीं सेक्टर-46 के रामलीला मैदान में श्री राम लखन धार्मिक लीला कमेटी के अध्यक्ष विपिन अग्रवाल ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से ज्यादा ऊंचे पुतले नहीं बनाए गए हैं। इस बार रावण का पुतला 55 फीट ऊंचा होगा। कुंभकर्ण और मेघनाद का पुलता क्रमशः 50 और 45 फीट ऊंचा रहेगा। सेक्टर-110 महर्षि आश्रम के महर्षि नगर में पुतला दहन की तैयारियां की जा रही है। संस्था के वरिष्ठ प्रबंधक शिशिर श्रीवास्तव ने बताया कि विजयदशमी को 50 फीट ऊंचा रावण का पुतला, 45 फीट ऊंचा कुंभकरण का पुतला और 40 फीट ऊंचा मेघनाद के पुलते का दहन किया जाएगा। चारों समितियों ने बताया कि पुतलों में ग्रीन पटाखों का ही इस्तेमाल किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था का भी पूरा ध्यान रखा गया है। हालांकि बारिश की वजह से पुलते गीले भी हो गए हैं।

# भाजपा के वरिष्ठसदस्य विजय कुमार मल्होत्रा का निधन, सीएम योगी ने दी श्रद्धांजलि




लखनऊ,। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर विजय कुमार मल्होत्रा का मंगलवार को दिल्ली के एम्स अस्पताल में निधन हो गया। वे 94 साल के थे। उनका जन्म 3 दिसंबर 1931 को लाहौर शहर में हुआ था। वीके मल्होत्रा दिल्ली के पूर्व मुख्य कार्यकारी पार्षद और सांसद रह चुके हैं। कुछ दिनों से वह एम्स में भर्ती थे। जहां उनका इलाज चल रहा था और आज सुबह लगभग 6 बजे उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी दुख जताया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा- भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सदस्य श्री विजय कुमार मल्होत्रा जी का निधन अत्यंत दुःखद है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को सद्गति एवं शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# रोलर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में जीते 10 स्वर्ण समेत 37 पदक

नोएडा,। जिले में 27 से 28 सितंबर तक हुई 11वीं जिला रोलर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में शहर के खिलाड़ियों ने 37 पदक जीते। इनमें 10 स्वर्ण, 15 रजत और 12 कांस्य पदक शामिल हैं। जिला रोलर स्पोर्ट्स संघ के पदाधिकारियों ने सभी विजेताओं को बधाई दी। बच्चों के कोच सौरभ सिंह और अभिभावकों ने खुशी जताई। सेक्टर-46 स्थित भावानी शंकर देवस्वम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुई इस प्रतियोगिता में 6 से 15 वर्ष तक के बच्चों ने सड़क, ट्रैक और रिंक की अलग-अलग रेस में अपनी गति और संतुलन का शानदार प्रदर्शन किया। दिलनूर कौर (6-8 आयु वर्ग) ने क्वॉड कैटेगरी में 2+डी रेस में स्वर्ण पदक और 3 लैप्स में कांस्य पदक जीता। लव कुमार (10-12 आयु वर्ग) ने 1 लैप (रिंक-1) में स्वर्ण, 1000 मीटर (रिंक-3) और रोड-1 लैप में रजत पदक हासिल किया। अभ्या शर्मा (12-15 आयु वर्ग) ने 500+डी और रोड 1500 मीटर में दो स्वर्ण पदक जीते। मानिक्य मल्होत्रा (8-10 आयु वर्ग) ने 1 लैप+डी में स्वर्ण, 500+डी में कांस्य और 4 लैप्स में रजत पदक हासिल किए। इनके अलावा प्रिशा चाचान, शिवांश अग्रवाल, नक्षत्र तेवतिया, अथर्व यादववंशी, जिया चावला, अमायरा यादव, आश्का गाडिया, पलक मिश्रा और दक्ष वर्शनेय ने भी विभिन्न आयु वर्गों और कैटेगरी में रजत व कांस्य पदक टीम नोएडा की झोली में डाला।

# लॉजिस्टिक के कुशल प्रबंधन में लगातार दो वर्षो से जनपद बिजनौर प्रदेश में हैं अव्वल

## कुशल प्रबन्धन के लिये रहमत अली हुए सम्मानित

प्रात: किरण संवाददाता, नादिर त्यागी




बिजनौर। परिवार नियोजन कार्यक्रम में परिवार नियोजन सामग्री का प्रबंधन एवं वितरण (एफ.पी.एल.एम.आई.एस.) के माध्यम से किया जाता है ये भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (टडल & ऋ्ह) द्वारा देश भर में परिवार नियोजन (एफपी) वस्तुओं की आपूर्ति श्रृंखला के प्रबंधन और निगरानी के लिए शुरू किया गया।एक व्यापक वेब, मोबाइल और एसएमएस-आधारित एप्लिकेशन है। यह स्टॉक की जानकारी तथा वास्तविक समय में पहुँच प्रदान करता है। माँग का पूवार्नुमान लगाने और आपूर्ति की माँग करने में मदद करता है। स्टॉक-आउट और ओवर स्टॉक की पहचान करता है।और राष्ट्रीय स्तर से लेकर अंतिम उपयोगकर्ता स्तर, जैसे कि आशा कार्यकताओं, तक गर्भनिरोधक साधनों का समय पर पुनर्वितरण संभव बनाता है। जिला बिजनौर द्वारा वर्ष 2024-25 में सर्वाधिक 6911 ह्माँग के सापेक्ष पूर्तिह्व में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान तथा वर्ष 2025-26 (अब तक) दूसरी बार प्रदेश में सर्वाधिक 9303 ह्माँग के सापेक्ष पूर्तिह्व कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है यह उपलब्धि जनपद की सुनियोजित कार्य प्रणाली, समयबद्ध रिपोर्टिंग एवं कुशल लॉजिस्टिक प्रबंधन का परिणाम हैं। जिला प्रशासन एवंम स्वास्थ्य विभाग ने इस उपलब्धि के लिए पूरी टीम को बधाई दी। इस सफलता के अवसर पर श्री रहमत अली, जिला फैमिली प्लानिंग एंड लॉजिस्टिक मैनेजर को इस उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए जिलाधिकारी महोदया जसजीत कौर बिजनौर व मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय डाक्टर कौशलेन्द्र सिंह बिजनौर द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस मोके पर परिवार नयोजन कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका, जिला महिला चिकित्सालय, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला सयुंक्त चिकित्सालय, जिला कार्यक्रम प्रबंधक फारूख अजीज, समस्त चिकित्सा अधीक्षक प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक /प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारी नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, ए0 आर0 ओ0, डी0 पी0ओ0 आई सी डी एस, प्रतिनिधि सपोटिंग एजेंसीज डब्लू एच ओ. यूनिसेफ, पी0 एस0 आई0 टीम इंडिया तथा समस्त एन0 एच0 एम0 स्टाफ तथा ब्लॉक टीम व अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस सम्मान के माध्यम से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के सुचारु संचालन एवं परिवार नियोजन कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन में श्री रहमत अली की भूमिका को सराहा गया। अधिकारियों ने इस उपलब्धि के लिए पूरी टीम को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी तरह के उत्कृष्ट कार्य की अपेक्षा जताई।

# ऑपरेशन क्लीन-2 : 218 लावारिस वाहनों की नीलामी से 26 लाख से अधिक की आमदनी

प्रात: किरण संवाददाता



नोएडा। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के अंतर्गत संचालित ऑपरेशन क्लीन-2 अभियान के तहत थाना फेस-3 पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए लावारिस वाहनों की नीलामी कर सरकारी खजाने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, शनिवार 29 सितंबर 2025 को माननीय न्यायालय के आदेश पर थाना परिसर में कुल 218 वाहनों की नीलामी की गई। यह कार्रवाई डीसीपी सेंट्रल नोएडा और एडीसीपी सेंट्रल नोएडा के पर्यवेक्षण में की गई। नीलामी प्रक्रिया शुरू करने से पहले सभी वाहनों का परिवहन विभाग, गौतमबुद्धनगर द्वारा उचित मूल्यांकन कराया गया। नीलामी में कुल 15 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें सबसे अधिक बोली आकिल नामक प्रतिभागी द्वारा 22 लाख 1 हजार की लगाई गई। इसके अलावा थाना हाजा में जब्त शराब के स्टॉक का भी निस्तारण किया गया, जिससे 4,10,000 की अतिरिक्त आमदनी हुई। कुल मिलाकर पुलिस ने 26,11,400 की माल राशि निस्तारित कर सरकारी राजस्व में जमा कराई। निरीक्षण स्थल पर एसीपी प्रथम सेंट्रल नोएडा, थाना प्रभारी फेस-3 सहित अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि ऑपरेशन क्लीन-2 का उद्देश्य शहर में सड़क किनारे पड़े कबाड़ वाहनों, परित्यक्त गाड़ियों और जब्त वाहन सामग्री का निस्तारण कर न केवल स्थान खाली कराना है, बल्कि उससे प्राप्त राजस्व को सार्वजनिक हित में उपयोग करना भी है। पुलिस कमिश्नरेट का मानना है कि ऐसे अभियानों से न केवल शहर की सुंदरता और यातायात व्यवस्था में सुधार होता है, बल्कि अपराध नियंत्रण में भी मदद मिलती है, क्योंकि लावारिस वाहन अक्सर आपराधिक गतिविधियों में प्रयोग किए जाने की आशंका रहती है। थाना फेस-3 पुलिस की यह नीलामी अब तक की सबसे बड़ी नीलामियों में से एक मानी जा रही है, जिसने पुलिस प्रशासन की कार्यकुशलता को एक बार फिर साबित किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### ई-रिक्शा की टक्कर से बच्ची ने दम तोड़ा

दादरी, । ई-रिक्शा की टक्कर से सोमवार की रात 10 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। उसके पिता ने आरोपी चालक के खिलाफ दादरी कोतवाली में केस दर्ज कराया है। मोहीद्दीन आलम ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी मुफीदा 28 सितंबर की रात को बाजार से सामान खरीदकर घर लौट रही थी। नगर पालिका परिषद कार्यालय के पास ई-रिक्शा चालक ने उसे टक्कर मार दी। गंभीर हालत में बच्ची को उपचार के लिए दादरी के प्राथमिक चिकित्सा केंद्र ले जाया गया, लेकिन वहां से चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित के अनुसार वह अपनी बेटी को जिला अस्पताल के बजाए नवीन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से उसे शारदा अस्पताल रेफर कर दिया गया। सोमवार की रात उपचार के दौरान उनकी बेटी की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी ई-रिक्शा चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### पर्यटन विभाग को सम्मान मिला

ग्रेटर नोएडा। इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित हुए यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग को उल्लेखनीय योगदान और प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित किया गया। इसमें प्रदेश सरकार की बिजनेस-फ्रेंडली नीतियों, उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति-2022 और विकसित यूपी 2047 की स्पष्ट झलक देखने को मिली। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ट्रेड शो में हॉल नंबर-07 में स्थित स्टॉल नंबर-12 दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। स्टॉल के जरिए न केवल उत्तर प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों को बढ़ावा दिया गया, बल्कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ह्यवन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) को भी प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया। आगंतुकों को काशी, अयोध्या और बुद्ध सर्किट की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से रूबरू कराया।

### सड़क टूटने से लोग परेशान

ग्रेटर नोएडा, । ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-3 स्थित जनता फ्लैट परिसर में स्थित सड़क ही हालत बेहत खराब है। सोसाइटी में रहने वाले शैलेंद्र बताया कि परिसर में करीब 600 परिवार रहते हैं। यहां की सड़क जगह-जगह से टूट चुकी है और बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इससे हादसे का खतरा बना हुआ है। बरसात में सड़क पर पानी भरने लोगों की दिक्कत अधिक बढ़ जाती है। प्राधिकरण से कई बार सड़क को लेकर मांग की गई, लेकिन मरम्मत का कार्य शुरू नहीं किया गया।

### यीडा के सेक्टर-24 में विकास कार्य शुरू होंगे

ग्रेटर नोएडा, । यमुना प्राधिकरण (यीडा) ने आवासीय सेक्टर-24 में विकास कार्यों के लिए टेंडर जारी किया है। चयनित कंपनी सेक्टर में सड़क, सीवर, नाली समेत अन्य मूलभूत सुविधाएं विकसित करेगी। इन कार्यों पर कुल 1813 लाख रुपये खर्च होंगे। यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी आरके सिंह ने बताया कि सेक्टर-24 आवासीय है। यहां 400 से अधिक आवंटियों को भूखंड का आवंटन किया जा चुका है। अब प्राधिकरण ने सेक्टर में विकास कार्यों को शुरू कराने की तैयारी तेज कर दी है। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया 24 सितंबर से जारी हो चुकी है। आवेदन प्रक्रिया छह नवंबर तक चलेगी।

# स्वच्छता दिवस पर एनसीसी कैडेट्स ने निकाली रैली, दिया स्वच्छता का संदेश




प्रात: किरण संवाददाता

स्योहारा। 32 बटालियन एनसीसी धामपुर के कमान अधिकारी अधिकारी कर्नल गणेश शंकर विद्यार्थी के दिशा निर्देश पर नगर में एनसीसी अधिकारी कैप्टन मौहम्मद यूनुस चौधरी के नेतृत्व में आरएसपी इंटर कॉलेज एवं एमक्यू इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने भव्य रैली निकाल कर स्वच्छता दिवस मनाया। रैली में सभी एनसीसी कैडेट्स स्वच्छता के नारे लगाकर नागरिकों को जागरूक कर रहे थे। रैली में लगभग डेढ़ सौ कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। रैली एम.क्यू. इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर रेलवे स्टेशन रोड तथा मुरादाबाद रोड से होती हुई एमक्यू इंटर कॉलेज में आकर संपन्न संपन्न हुई। इसके पश्चात सभी कैडेट्स को रिफ्रेशमेंट दिया गया। इस अवसर पर कप्तान मौहम्मद यूनुस चौधरी, लेफ्टिनेंट धीरज शर्मा, हवलदार संजय सिंह, हवलदार मधुसूदन आदि उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति : अनम परवीन बनी एक दिन के लिये स्योहारा की चिकित्सा प्रभारी

प्रात: किरण संवाददाता, नादिर त्यागी



स्योहारा: मिशन शक्ति फेज- 5.0 अभियान के तहत सी.एच.सी. स्योहारा स्वास्थ्य विभाग की अनूठी पहल पर सोमवार को सीएचसी स्योहारा में तैनात मेधावी डेटा ऑपरेटर अनम परवीन को एक दिन के लिए स्योहारा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी/अधीक्षक बनाया गया।सीएचसी स्योहारा अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही ने बताया कि मिशन शक्ति कार्यक्रम 5.0 के तहत महिला सशक्तिकरण और बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आज सीएचसी स्योहारा में तैनात डेटा ऑपरेटर अनम को प्रभारी चिकित्सा अधिकारी/ अधीक्षक के कार्य करने को आदेशित किया गया। डॉ.स्नेही ने बताया कि इस तरह की गई पहल का उद्देश्य युवाओं को प्रशासनिक कार्यप्रणाली से परिचित कराना और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। यह कदम बालिकाओं को आत्मविश्वास, निर्णय लेने की क्षमता और नेतृत्व कौशल विकसित करने के लिए उठाया गया है। अनम परवीन अपनी शैक्षणिक योग्यता और सीएचसी में अपनी सक्रिय भागीदारी के लिए जानी जाती है। कार्यभार संभालते ही ह्यएक दिन की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी /अधीक्षक अनम ने इसे गंभीरता से अपने दायित्वों का निर्वहन शुरू किया। उन्होंने सीएचसी स्योहारा में आयोजित ए.एन. एम समीक्षा बैठक में समस्त कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया और कार्यालय की कार्यप्रणाली को समझा। इसके बाद महत्वपूर्ण रजिस्टरों का अवलोकन कर के विभिन्न पहलुओं की जानकारी ली। इसके साथ ही आज उन्होंने ए एन एम की कई समस्याओं का त्वरित निस्तारण भी किया। पोषण ट्रेकर में कुपोषित बच्चों के संबंध में सीडीपीओ हेमलता सैनी से बात करी और सही लाइन लिस्ट भेजने को बोला। इस दौरान सीएचसी स्योहारा में राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम और अन्य कार्यक्रमों में अच्छा कार्य करने पर होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ 0आंचल त्यागी,ए एन एम रीता देवी,बुढ़नपुर, उमा रानी विशनपुर ,अमृता गौरव भोगपुर , प्रीति चौहान सदाफल,रीता चौहान भगवाड़ा , बीपीएम शालिनी बिश्नोई, डी ई ओ अनम ओर राशि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सीएचसी स्योहारा अधीक्षक डॉ 0बी 0के स्नेही,डॉ आंचल त्यागी, हेल्थ सुपरवाइजर राजेश कुमार,वीर सिंह, ए आर ओ आलोक कुमार, बीपीएम शालिनी बिश्नोई, डी ई ओ अनम ओर राशि आदि उपस्थित रही।

# श्री वेंक्टेश्वरा में शारदीय नवरात्रों में डाँडिया एवं गरबा- 2025 की धूम



अमरोहा। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में शारदीय नवरात्रि-2025 के अवसर पर डाँडिया एवं गरबा सेलीब्रेशन-2025 का भव्य आयोजन किया गया। पारम्परिक वेशभूषा में सजे संस्थान के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ ने लोकगीतों और धार्मिक फिल्मी गीतों की धुन पर देर रात तक जमकर डाँडिया और गरबा किया। समारोह का शुभारम्भ दुर्गा पंडाल में माँ दुर्गा एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. कृष्ण कान्त दवे, कुलसचिव प्रो. पीयूष कुमार पाण्डेय, मुख्य पुरोहित आचार्य पं. रामनिवास शास्त्री सहित गणमान्य अतिथियों ने आरती एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत घर में पधारे गजानन जी गणेश वंदना से हुई, जिसके बाद ढोली तारो ढोल बाजे, ढोलीडा-ढोलीडा, चौगाड़ा तारा एवं राम चाहे लीला चाहे जैसे गीतों पर शानदार प्रस्तुतियाँ हुईं। इस अवसर पर वेंक्टेश्वरा समूह के संस्थापक अध्यश श्री सुधीर गिरि ने सभी देशवासियों को नवरात्र एवं विजयदशमी की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि डाँडिया एवं गरबा नृत्य न केवल सांस्कृतिक-धार्मिक उत्सव है, बल्कि यह मातृशक्ति के सम्मान और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। भारत में सदियों से मातृशक्ति पूजनीय रही है और अनन्तकाल तक पूजनीय रहेगी। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि डाँडिया उत्सव अच्छाई की जीत और मातृशक्ति के सम्मान का आधार स्तम्भ है। मातृशक्ति के बिना सृष्टि की कल्पना ही संभव नहीं है। वहीं कुलपति प्रो. कृष्ण कान्त दवे और कुलसचिव प्रो. पीयूष कुमार पाण्डेय ने भी अपने विचार रखे। समारोह को सफल बनाने में डीन एकेडमिक डॉ. राजेश सिंह, डॉ. नीतू पंवार, डॉ. सुमन कुमारी, डॉ. ऐना ऐरिक ब्राउन, डॉ. मंजरी राणा, डॉ. योगेश्वर शर्मा, डॉ. अश्विन सक्सेना, डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. दर्पण कौशिक, डॉ. राजवर्द्धन, डॉ. रीना जोशी, डॉ. एस.के. श्रीवास्तव, डॉ. आशुतोष, डायरेक्टर लीगल देव प्रताप सिंह, डॉ. मोहित शर्मा, एस.एस. बघेल, नागेन्द्र प्रताप सिंह, प्रीतपाल, मेरठ परिसर से निदेशक प्रताप सिंह और मीडिया प्रभारी विश्वास राणा सहित अनेक प्राध्यापक एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# करनपुर गावड़ी में अवैध खनन का संगठित खेल

## 8 हजार घन मीटर की आड़ में 16 हजार से अधिक मिट्टी की निकासी, विभागीय मिलीभगत पर उठे सवाल

प्रात: किरण अवनीश त्यागी



बिजनौर। चांदपुर तहसील के गांव करनपुर गावड़ी में अवैध मिट्टी खनन का खेल खुलकर सामने आ रहा है। यहां 8,000 घन मीटर की अनुमति की आड़ में अब तक 16,000 घन मीटर से अधिक मिट्टी का खनन किया जा चुका है। स्थानीय लोग आरोप लगा रहे हैं कि खनन विभाग और प्रशासनिक अफसर इस सबको जानते हुए भी आंखें मूंदे हुए हैं।

### पुलिस चौकी के सामने से बेखौफ ट्रैक्टर

गांव में रोजाना 15 से 20 पंजीकृत और गैर पंजीकृत ट्रैक्टर-ट्रॉली मिट्टी ढो रहे हैं। यह वाहन पैजनियां पुलिस चौकी के सामने से होकर गुजरते हैं और सीसीटीवी कैमरों में भी दर्ज हो चुके हैं। लेकिन कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में आक्रोश है। चौकी सूत्रों का कहना है कि– बिना उच्च अधिकारियों के आदेश हम कार्रवाई करने में असमर्थ हैं। खनन निरीक्षक भी रहे मौन मौके पर पहुंचे खनन निरीक्षक ने अवैध खनन को अपनी आंखों से देखा, मगर कार्रवाई के बजाय केवल चेतावनी देकर खननकताओं को छोड़ दिया। उन्होंने जिम्मेदारी परिवहन विभाग (आरटीओ) पर डाल दी। वहीं, परिवहन विभाग भी अवैध ट्रैक्टर रोकने में असहाय दिख रहा है। विभागीय मिलीभगत के आरोप ग्रामीणों का आरोप है कि कार्रवाई न होने के पीछे दो बड़े कारण हैं– 1. ट्रैक्टर-ट्रॉली संचालकों से तयशुदा रकम के रूप में ह्ममाहवारीह्व की वसूली। 2. खनन माफिया का दबदबा, जिसके चलते अधिकारी सख्त कार्रवाई करने से कतराते हैं। परमिशन साइट से बाहर भी खनन गांव में न केवल परमिशन वाली साइट से, बल्कि सटे हुए क्षेत्रों से भी मिट्टी की खुदाई हो रही है। यह पूरे खेल के संगठित गिरोह होने की पुष्टि करता है।

### डीएम के आदेश बेअसर

हाल ही में जिलाधिकारी जसजीत कौर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि– गैर पंजीकृत और कृषि प्रयोजन वाले ट्रैक्टर खनन में न लगें। खनन में मशीनों का प्रयोग न हो। लेकिन आदेश कागजों तक ही सीमित रह गए हैं और जमीनी स्तर पर कोई असर नहीं दिख रहा। खनन विभाग के नियम के अनुसार प्रति ट्रॉली केवल 3 घन मीटर मिट्टी ढुलान की अनुमति है। जबकि वास्तविकता यह है कि प्रतिदिन 1520 ट्रैक्टर औसतन 60 100 ट्रिप कर रहे हैं। प्रत्येक ट्रॉली में 6झ10 घन मीटर मिट्टी ढोई जा रही है। पर्यावरण और सड़कों पर असर लगातार खनन से उपजाऊ मिट्टी की परत नष्ट हो रही है। खेती की उत्पादन क्षमता घटने लगी है। भारी ट्रैक्टरों से गांव की सड़कों में दरारें और गड्ढे पड़ रहे हैं।

### बड़ा सवाल

करनपुर गावड़ी का मामला यह साबित करता है कि बिजनौर में अवैध खनन अब संगठित अपराध उद्योग का रूप ले चुका है। सीसीटीवी में कैद ट्रैक्टरों के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर कब तक सरकार और प्रशासन इस गोरखधंधे को अनदेखा करता रहेगा?

# बालिकाओं और महिलाओं के सम्मान में हुआ मेगा इवेंट

## 182 बालिकाओं और महिलाओं का हुआ सम्मान, कन्या पूजन और जन्मोत्सव भी मनाया गया







अमरोहा। मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत मंगलवार को शिवानी बैंक्वेट हाल में महिलाओं और बालिकाओं के सम्मान तथा स्वावलंबन के लिए भव्य मेगा इवेंट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कन्या पूजन एवं कन्या जन्मोत्सव भी मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने की, जबकि जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स, आचार्य सुमेधा जी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि जैन, शशि त्यागी, प्रीति चौधरी, अंजलि कटारिया, मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, ब्लॉक प्रमुख गजरौला मीनाक्षी चौधरी व मधु चतुर्वेदी सहित अन्य गणमान्य अतिथिगण मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। कन्या गुरुकुल चोटीपुरा की छात्राओं ने योगा, गीत व विचार प्रस्तुत कर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। शिक्षा, खेल, योगा, भाषण, नृत्य, निबंध और कविता आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 73 बालिकाओं को मोमेंटो, प्रमाण पत्र और स्कूल बैग देकर सम्मानित किया गया। कन्या पूजन के अंतर्गत 9 कन्याओं का पूजन और 11 महिलाओं की गोदभराई संपन्न हुई। इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को बेबी किट, मच्छरदानी, मशीनें और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। शिक्षा, चिकित्सा, पुलिस, सफाई, आंगनबाड़ी, कृषि, महिला कल्याण समेत विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाली 59 महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। कुल 182 महिलाओं और बालिकाओं को मोमेंटो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। सरकार जन्म से विवाह तक बेटियों के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि आज महिलाओं को सम्मानित कर दूसरों को प्रेरित करने का संदेश दिया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कहा कि मिशन शक्ति महिलाओं की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में मील का पत्थर है। सभी थानों पर मिशन शक्ति केंद्र स्थापित हैं जहां महिलाओं की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष शशि जैन ने कहा कि बेटे मान हैं तो बेटियां स्वाभिमान हैं। उन्होंने सभी से बालिकाओं को शिक्षित करने का आह्वान किया।

# कार धीरे चलाने के लिए कहने पर दो भाइयों को पीटा



ग्रेटर नोएडा, । सेक्टर-142 थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार में कार चलाने का विरोध करने पर विवाद हो गया। कार चला रहे युवक ने अपने साथियों को बुलाकर दो सगे भाइयों के साथ मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्रेनो वेस्ट की आम्रपाली लेजर पार्क सोसाइटी में आकाश अचन कुंजु परिवार के साथ रहते हैं। आकाश ने पुलिस को बताया कि वह सोमवार को अपने भाई शिवम के साथ कार में सवार होकर सुपरटेक इको सिटी के पास बनी दुकान से सामान खरीदने जा रहे थे। रास्ते में सामने से तेज रफ्तार में विपरीत दिशा से एक कार आई और उनकी कार की बराबर से होकर निकली। इस बीच आरोपी की कार उनकी कार से टकराने थोड़ी-थोड़ी बची। आकाश के भाई शिवम ने आरोपी चालक से धीमी गति में कार चलाने के लिए कहा तो वह आक्रोशित हो गया। वह गाली-गलौज करने लगा। इसके बाद आरोपी ने अपने दो साथियों को फोन करके बुला लिया। तीनों आरोपियों ने मिलकर आकाश और शिवम के साथ मारपीट की। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि आरोपी मोनू और उसके दो अज्ञात साथियों खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# सोशल मीडिया पर ट्रोल हुए राजकुमार भाटी पैगंबर मोहम्मद पर बयान को लेकर विवाद

नोएडा, । राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के नेता राजकुमार भाटी एक टीवी डिबेट में पैगंबर मोहम्मद साहब को लेकर दिए गए अपने बयानों के चलते सोशल मीडिया पर तीखी आलोचना का शिकार हो रहे हैं। डिबेट के कुछ हिस्सों को काटकर वायरल किए जाने के बाद उन्हें लगातार अभद्र टिप्पणियों और गालियों का सामना करना पड़ रहा है, जिस पर भाटी ने गहरी चिंता और आश्चर्य व्यक्त किया है। उन्होंने इस पूरे विवाद पर अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि उनका उद्देश्य किसी भी महापुरुष की तुलना करना या किसी की भावनाओं को ठेस पहुँचाना नहीं था, बल्कि वह मानवतावादी शिक्षाओं को अपनाने की बात कर रहे थे। विवाद की जड़ और भाटी का स्पष्टीकरण राजकुमार भाटी ने बताया कि टीवी डिबेट में उन्होंने पहले श्री राम और श्री कृष्ण के आदर्शों को केवल हिंदुओं के लिए नहीं, बल्कि मानव मात्र के लिए बताया था, और मुस्लिम भाइयों को भी उन्हें अपनाने का आग्रह किया था। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि पैगंबर मोहम्मद साहब की शिक्षाएँ भी केवल मुसलमानों के लिए नहीं, बल्कि पूरी मानव जाति के लिए हैं। उनका सवाल है कि इस बात में गलत क्या है? विवाद का दूसरा हिस्सा उनके उस कथन से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने कहा कि मोहम्मद साहब अकेले ऐसे महापुरुष थे जो धर्म संस्थापक, समाज सुधारक और राजनीतिक भी थे। इस तुलनात्मक टिप्पणी पर आपत्ति जताए जाने पर उन्होंने स्पष्ट शब्दों में माफी मांगते हुए कहा कि यदि कुछ लोगों को यह अपने महापुरुषों से तुलना करने जैसा लगा और उनकी भावनाएँ आहत हुईं, तो वह इसके लिए खेद व्यक्त करते हैं। उन्होंने साफ किया कि उनका एकमात्र उद्देश्य सभी महापुरुषों का सम्मान करना और धर्म-जाति के आधार पर किसी से नफरत न करने का संदेश देना था। शिक्षाओं पर जोर: ह्यअच्छी बातों को ग्रहण करें भाटी ने जोर देकर कहा कि वह इस्लाम में घुस गई कुप्रथाओं, अंधविश्वासों, कट्टरता और अज्ञानता के बिल्कुल भी समर्थक नहीं हैं, किंतु वह मोहम्मद साहब को एक महान महापुरुष मानते हैं। उन्होंने मोहम्मद साहब की कुछ शिक्षाओं का उल्लेख किया, जैसे: ईश्वर एक है, मूर्ति पूजा गलत है, नशा करना, जुआ खेलना, ब्याज लेना, बेटियों की हत्या और वेश्यावृत्ति गलत है। उन्होंने तर्क दिया कि बुद्ध, महावीर, कबीर, नानक, रैदास, दयानंद और विवेकानंद जैसे महापुरुषों ने भी मूल रूप से यही संदेश दिए थे। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों में घुस गई खराब बातों का त्याग कर देना चाहिए और महापुरुषों द्वारा दिए गए मानवता के अच्छे संदेशों को ग्रहण करना चाहिए। व्यक्तिगत हमलों और राजनीतिक षड्यंत्र का आरोप सोशल मीडिया पर हो रही लगातार गाली-गलौज से भाटी ने उन परिचित लोगों के कट्टरपन को देखकर आश्चर्य व्यक्त किया, जिनके बारे में उनकी राय अब तक सकारात्मक थी। उन्होंने इसे समाज के लिए खतरनाक प्रवृत्ति बताया, जहाँ लोगों के दिमाग में यह गलत धारणा बैठ गई है कि हमारे धर्म में सब कुछ अच्छा और दूसरे के धर्म में सब कुछ खराब है।

# कब्जा कराने के मामले में चार पुलिसकर्मियों पर केस

प्रात: किरण संवाददाता

रबूपुरा, । भाईपुर गांव में रास्ते पर जबरन कब्जा करने के मामले में न्यायालय के आदेश पर चार पुलिसकर्मियों समेत आठ लोगों के खिलाफ रबूपुरा कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया। आरोप है कि मामला कोर्ट में लंबित था। इसके बावजूद पुलिस वालों ने रास्ते पर एक पक्ष का जबरन कब्जा करा दिया। भाईपुर गांव ब्रह्मनान निवासी वृद्धा उर्मिला देवी ने सीजेएम कोर्ट सूरजपुर में प्रार्थनापत्र दिया कि गांव में रास्ते को लेकर उसके परिवार का पड़ोसी से विवाद चला आ रहा है। यह मामला सिविल जज (जूनियर डिविजन) जेवर की कोर्ट में विचाराधीन है। दूसरे पक्ष के मोहन शर्मा तीन जून को अपने परिजनों के साथ विवादित जगह पर गेट लगाने लगे। इसका विरोध करने पर उन लोगों ने उर्मिला देवी और उसके परिजनों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोप है कि पीड़िता जब अपनी रिपोर्ट लिखाने के लिए रबूपुरा कोतवाली पहुंची तो पुलिसकर्मियों ने अवैध तरीके से हिरासत में लेकर थाने में बैठा लिया। दूसरी ओर एसआई अश्वनी कुमार, टीना मलिक, एक अन्य एसआई और सिपाही नदीम ने गांव में जाकर वहां मौजूद उसके बच्चों को डराया धमकाया। इसके बाद इन पुलिसकर्मियों ने दूसरे पक्ष का कब्जा विवादित रास्ते पर करा दिया। पीड़िता के मुताबिक उसकी पुत्रवधु ने कोर्ट में विचाराधीन इस मामले के कागजात भी दिखाए, लेकिन पुलिसवालों ने उन्हें मानने से इनकार कर दिया और बलपूर्वक कब्जा करा दिया। कोर्ट के आदेश पर अब रबूपुरा कोतवाली में तैनात एसआई अश्वनी कुमार, एसआई टीना मलिक, एक अन्य एसआई और सिपाही नदीम समेत कुल आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### बीपीएल फ्लैट्स के लिए रिफंड प्रक्रिया शुरू

फरीदाबाद, । बीपीएल, ईडब्ल्यूएस और डिफेंस श्रेणी के रद्द किए गए 867 फ्लैट्स का रिफंड अब पीएमएस पोर्टल के माध्यम से होगा। सरकार ने तीन महीने के भीतर सभी पात्र लाभार्थियों को धनराशि का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए समाधान शिविर भी लगाए जाएंगे। मंगलवार को जारी बयान में जिला लोक संपर्क अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हरियाणा हाउसिंग बोर्ड ने रद्द की गई योजनाओं के फ्लैट्स के रिफंड की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री की मंजूरी के बाद अब पात्र आवेदकों को ऑनलाइन पीएमएस पोर्टल के जरिए रिफंड मिलेगा। आवेदकों को बैंक डिटेल और दस्तावेजों के साथ बोर्ड कार्यालय पहुंचकर आवेदन करना होगा। जिले में स्क्रैप की गई योजनाओं के तहत सेक्टर 76, 91, 81, 39, 65, 70 और 8 के 867 फ्लैट शामिल हैं। बोर्ड ने तीन महीने में सभी को धनराशि लौटाने का लक्ष्य तय किया है।

### पलवल में नाबालिग हिंदू लड़की के धर्मांतरण मामले में दो और गिरफ्तारियां

पलवल, । हरियाणा के पलवल जिले में एक नाबालिग हिंदू लड़की को जबरन धर्मांतरण कराने के मामले में पुलिस ने दो और आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। अब तक मौलवी और दो नाबालिगों सहित कुल पांच आरोपित हिरासत में हैं। बढ़ते विरोध प्रदर्शनों के बीच खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम के हस्तक्षेप पर पुलिस ने विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन कर दिया है। मंत्री ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने युवाओं से किसी भी तरह के प्रलोभन में न फंसने की अपील करते हुए कहा कि कुछ ताकतें धर्म को निशाना बनाकर समाज को तोड़ने का प्रयास कर रही हैं। मंत्री ने एकता पर जोर देते हुए कहा, बंटेंगे तो कटेंगे और एक रहेंगे तो सुरक्षित रहेंगे। डीएसपी अनिल कुमार ने मंगलवार शाम को जानकारी देते हुए बताया कि एसपी वरुण सिंगला के निर्देश पर लड़की के पिता की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मौलवी और दो नाबालिगों को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। इसके अलावा दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने साफ किया है कि किसी भी आरोपित को छोड़ा नहीं जाएगा। फरार आरोपितों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### फरीदाबाद के सेक्टर-58 में नकाबपोशों ने ब्रेजा कार चुराई

फरीदाबाद, । हरियाणा के फरीदाबाद के सेक्टर-58 थाना क्षेत्र में बीती रात करीब एक बजे तीन नकाबपोश बदमाशों ने एक घर के बाहर खड़ी ब्रेजा कार चुरा ली। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सूरजकुंड थाना पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। पीड़ित हरीश रावत ने बताया कि उन्होंने अपनी ब्रेजा कार घर के बाहर पार्क की थी। मंगलवार सुबह उठे तो कार गायब मिली। सीसीटीवी फुटेज में देखा तो तीन नकाबपोश चोर नजर आए। फुटेज के अनुसार, एक स्विफ्ट गाड़ी रुकती है, जिसमें से दो बदमाश उतरते हैं। एक कार का लॉक तोड़ता है, फिर दोनों चोरी की कार लेकर फरार हो जाते हैं। चोरों ने स्ट्रीट लाइट भी बंद कर दी थी पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू हो गई है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। चोरों की पहचान जल्द हो जाएगी।

### गुरुग्रामः साइबर ठगों ने बिजलीकर्मी के खाते से निकाले चार लाख

गुरुग्राम, । साइबर ठगों ने एक बिजली कर्मचारी के बैंक खाते से चार लाख रुपये निकाल लिए। ठगों ने उसका मोबाइल हैक किया और ईमेल आईडी भी बदल दी। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने मंगलवार को बताया कि थाना साइबर मानेसर पुलिस ने मामले की जांच करके केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार फर्रुखनगर के गांव गंगवानी निवासी माजिद हुसैन पटौदी बिजली निगम कार्यालय में कार्यरत हैं। उसका एचडीएफसी बैंक में खाता है। साइबर ठगों ने उसके खाते से सेंधमारी की और 4.39 लाख रुपये की ठगी कर ली। साइबर ठगों ने उसका मोबाइल हैक कर लिया। इसके बाद उसके मोबाइल पर कोई कॉल नहीं आ रही थी। उसका नंबर किसी अज्ञात नंबर पर फॉरवर्ड कर दिया गया। इस प्रक्रिया में उसके बैंक खाते से ऑनलाइन साइबर ठगी कर ली गई।

# मिशन शक्ति 5.0 व पोषण माह के अंतर्गत 101 कन्याओं का पूजन

## जिलाधिकारी जसजीत कौर ने दिया संदेश बेटियां ही समाज की वास्तविक शक्ति हैं

प्रात: किरण अवनीश त्यागी



बिजनौर। महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 तथा राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत मंगलवार को विकास भवन प्रांगण में कन्यापूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने की। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मो. पुर देवमल, उपायुक्त स्वतः रोजगार, जिला कार्यक्रम अधिकारी तथा आईसीडीएस विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। 101 कन्याओं का विधिवत पूजन जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने परंपरागत विधि से 101 कन्याओं का पूजन कर उनके चरण धोए और तिलक कर सम्मानित किया। इसके बाद उन्हें भोजन कराया गया। जिलाधिकारी ने बालिकाओं को पाठ्य सामग्री उपहार स्वरूप भेंट की और शिक्षा में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन केवल धार्मिक या सांस्कृतिक परंपरा तक सीमित नहीं, बल्कि समाज को यह सशक्त संदेश देना का माध्यम हैं कि बेटियां पूजनीय होने के साथ-साथ शिक्षित, आत्मनिर्भर और समाज के विकास की धुरी भी हैं।

### जिलाधिकारी का संबोधन

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने कहा बेटियां परिवार और समाज की शक्ति हैं। यदि उन्हें सही शिक्षा और पोषण मिले तो वे किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहतीं। मिशन शक्ति 5.0 का उद्देश्य महिला सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना है, वहीं पोषण माह के जरिए हम आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ और सशक्त बनाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों को पढ़ाई में आगे बढ़ने का पूरा अवसर दें और किसी भी प्रकार की सामाजिक बाधा को महत्व न दें। जिला स्तर पर विशेष आयोजन आईसीडीएस विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि कन्यापूजन कार्यक्रम केवल विकास भवन प्रांगण तक सीमित नहीं रहा। इसे जनपद के सभी विकास खंड मुख्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। इन सभी आयोजनों का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के प्रति सम्मान का भाव जगाना और समाज को यह संदेश देना रहा कि बेटियां समाज के विकास में समान रूप से सहभागी हैं। कार्यक्रम का महत्व मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण पर जोर दिया जा रहा है। पोषण माह के जरिए बालिकाओं और गर्भवती महिलाओं में पोषण संबंधी जागरूकता फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। कन्यापूजन कार्यक्रम से सामाजिक स्तर पर बेटियों को सम्मान देने और उन्हें शिक्षा व आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करने का सशक्त संदेश मिला। बिजनौर में आयोजित यह कन्यापूजन कार्यक्रम केवल परंपरा का निर्वाह नहीं था, बल्कि एक ऐसी पहल थी जिसने प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और समाज को मिलकर बेटियों की शिक्षा, पोषण और सुरक्षा के महत्व पर गंभीरता से सोचने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की पहल को जिलेभर में सराहा गया और इसे मिशन शक्ति 5.0 को धरातल पर उतारने का जीवंत उदाहरण माना गया।

# नेकपुर गांव का नशा मुक्त होना सराहनीय : एडीसी

प्रात : किरण संवाददाता

फरीदाबाद, । जिला प्रशासन फरीदाबाद की ओर से सोमवार की सायं गांव नेकपुर में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान व पुलिस उपायुक्त मकसूद अहमद ने ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। कार्यक्रम में एसडीएम बड़खल त्रिलोक चंद, ग्राम सरपंच शेखर, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। एडीसी सतबीर मान ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार, रात्रि ठहराव कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशासन एवं जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की ओर से प्रस्तुत की गई मांगों एवं समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया है कि वे गांव के समग्र विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि नेकपुर गांव का नशा मुक्त होना सराहनीय है और इस जागरूकता को बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि यदि कहीं भी नशे का व्यापार करने वाले व्यक्तियों की जानकारी मिले तो तुरंत प्रशासन या पुलिस को व एनसीबी मानस पोर्टल पर नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं देकर सूचित करें ताकि समय रहते कठोर कार्रवाई की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान से प्रदेश में लिंगानुपात में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और सभी ग्रामीण इस अभियान को और सफल बनाने में सहयोग करें। डीसीपी मकसूद अहमद ने कहा कि पुलिस नागरिकों की सुरक्षा और सहायता के लिए हर समय तत्पर है। उन्होंने ग्रामीणों को साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, सड़क सुरक्षा और आपातकालीन नंबर 112 के महत्व के बारे में जागरूक किया। साथ ही अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को साइबर अपराधों से सतर्क रखें। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता का सहयोग ही सुरक्षित और सशक्त समाज की आधारशिला है। रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को नशा मुक्ति अभियान में सहयोग देने और समाज को नशा मुक्त बनाने की शपथ भी दिलाई गई।

## हरियाणा राज्य ओलंपिक गेम्स 2025 के लिए ट्रायल आज

गुरुग्राम, । गुरुग्राम तीरंदाजी संघ द्वारा हरियाणा राज्य ओलंपिक गेम्स 2025 में भाग लेने वाली तीरंदाजी टीम का चयन किया जाना है। संघ के सचिव टीपी शर्मा के निर्देशन में जिले के तीरंदाजी खिलाड़ियों के लिए बुधवार को ट्रायल आयोजित किया गया है। यह ट्रायल गांव सराय अलावर्दी स्थित कम्युनिटी सेंटर में होगा। ट्रायल का समय सुबह 8 बजे निर्धारित किया गया है। गुरुग्राम से कंपाउंड वर्ग में लड़कों और लड़कियों की चार-चार सदस्यीय टीम तथा रिकर्व वर्ग में भी लड़कों और लड़कियों की चार-चार सदस्यीय टीम राज्य स्तरीय खेलों में हिस्सा लेगी। संघ ने सभी प्रशिक्षकों और इंचार्जों से कहा है कि वे अपने-अपने सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों को चयन ट्रायल में अवश्य शामिल करवाएं, ताकि जिले की ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाएं राज्य ओलंपिक गेम्स में हिस्सा ले सकें।

# गांजे के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



प्रात : किरण संवाददाता

गुरुग्राम, । मिलेनियम सिटी में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत, गुरुग्राम पुलिस की अपराध शाखा मानेसर ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने एक व्यक्ति को दो किलोग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी इस गांजे को छोटी-छोटी मात्रा में बेचकर मुनाफा कमाने की फिराक में था। 24 घंटे में दूसरी बड़ी कार्रवाई अपराध शाखा मानेसर की पुलिस टीम ने सोमवार को नया गांव फ्लाईओवर के नजदीक जाल बिछाकर आरोपी 25 वर्षीय पंकज को दबोच लिया। पंकज उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के नगरिया संवारा गांव का रहने वाला है। आरोपी के कब्जे से कुल दो किलोग्राम अवैध गांजा बरामद होने के बाद खिलाफ थाना पटौदी गुरुग्राम में एनडीपीएस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत अभियोग (केस) दर्ज किया गया है। सात हजार रुपये प्रति किलो में खरीदा था गांजा पुलिस पूछताछ में आरोपी पंकज ने खुलासा किया कि उसने यह गांजा आगरा, उत्तर प्रदेश में किसी व्यक्ति से सात हजार रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से खरीदा था। उसका उद्देश्य गांजे को गुरुग्राम लाकर छोटे स्तर पर बेचकर मोटा मुनाफा कमाना था। अपराध शाखा ने आरोपी के कब्जे से 02 किलोग्राम अवैध गांजे के साथ ही इस वारदात में इस्तेमाल की गई एक बाइक भी बरामद की है। मंगलवार को कोर्ट ने अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे दो दिन के पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया गया है। पुलिस अब इस तस्करी के नेटवर्क और गांजा बेचने वाले मुख्य सप्लायर का पता लगाने के लिए गहनता से पूछताछ कर रही है।

# प्रदूषण फैलाने वाले किसानों की फसल खरीद पर रोक लगेगी

प्रात : किरण संवाददाता



पलवल, । वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सरकार सख्त हो गई है। नियमों की अवमानना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसी कड़ी में सरकार ने जिले में पराली और फसल अवशेष जलाने वाले किसानों से फसल नहीं खरीदने पर मंथन शुरू कर दिया है। मंगलवार को जारी बयान में उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने इसके संकेत दिए। तीस हजार रुपये तक लगेगा जुमार्ना उपायुक्त ने कहा कि वायु प्रदूषण को लेकर अब सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाएगी। उपायुक्त ने साफ कहा है कि पराली जलाने वाले किसानों पर 5 हजार से 30 हजार रुपये तक जुमार्ना लगाया जाएगा, एफआईआर दर्ज होगी और दो वर्षों तक उनकी फसल एमएसपी पर नहीं खरीदी जाएगी। डॉ. वशिष्ठ ने अधिकारियों को आदेश दिया कि जिले में पराली जलाने की कोई घटना सामने नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी के आदेशों के बाद सरकार किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं करेगी। खेत में पराली जलाते पकड़े जाने वाले किसानों पर जुमार्ने के साथ-साथ एफआईआर दर्ज होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि इस काम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी और कर्मचारी भी कार्रवाई से नहीं बचेंगे। नुकसान से कराएं किसानों को अवगत उपायुक्त ने कहा कि अधिकारी किसानों को समझाएं कि पराली जलाना न केवल अवैध है बल्कि मृदा की गुणवत्ता पर गंभीर असर डालता है। इससे भूमि की उर्वरता घटती है और आने वाली फसलों का उत्पादन प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि किसानों को यह बताया जाए कि पराली से वायु प्रदूषण बढ़ता है, जो लोगों की सेहत और पर्यावरण दोनों के लिए खतरनाक है। डॉ. वशिष्ठ ने कहा कि यदि कोई किसान पराली जलाता पाया गया तो उसके खिलाफ सिर्फ जुमार्ना और एफआईआर ही नहीं होगी बल्कि अगले दो वर्षों तक उसकी फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर नहीं खरीदी जाएगी। यह कदम इसलिए उठाया जा रहा है ताकि किसानों को पराली जलाने से पहले दस बार सोचना पड़े और वे इस परंपरा को खत्म करें। पराली बेचकर आय बढ़ाएं उपायुक्त ने किसानों से अपील की कि वे पराली को जलाने के बजाय इसे आय का साधन बनाएं। पराली से विभिन्न उत्पाद तैयार होते हैं, जिन्हें बेचकर किसान अतिरिक्त कमाई कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पराली का सही उपयोग न केवल किसानों की आमदनी बढ़ाएगा बल्कि पर्यावरण को भी सुरक्षित रखेगा। हेल्पलाइन पर दें सूचना उन्होंने बताया कि जिला कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने पराली जलाने की घटनाओं की निगरानी के लिए हेल्पलाइन नंबर 01275-254060 जारी किया है। किसी भी व्यक्ति को कहीं पराली जलती दिखाई दे तो वह तुरंत इसकी सूचना दे सकता है।

# ससुराल आए व्यक्ति के साथ मारपीट



प्रात : किरण संवाददाता

पलवल, । ससुराल आए व्यक्ति के साथ गलत काम कर नकदी व पर्स लूट कर उसके फोन से 19 सौ रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करने का मामला प्रकाश में आया है। बहीन थाना पुलिस ने पीडित की शिकायत पर अज्ञात तीन युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। बहीन थाना प्रभारी यशवीर के अनुसार, एक गांव निवासी व्यक्ति ने दी शिकायत में कहा है कि वह बहीन थाना क्षेत्र स्थित अपनी ससुराल आया हुआ था। देर शाम वह अपनी बाइक पर खेतों में शौच आदि करने के लिए गया तो वहां उसे एक युवक मिला। जिसने उसकी बाइक की चाबी निकाल ली। उसी दौरान एक बाइक पर दो युवक और आ गए और उसके साथ मारपीट कर उसे नहर की पटरी पर ले गए। नहर की पटरी पर ले जाकर उसके साथ मारपीट कर उसके मोबाइल फोन से अपने स्केनर पर 1900 रुपए ट्रांसफर कर लिए और उसकी जेब से पर्स को लूट लिया। शिकायत में कहा है कि उसके पर्स में दो हजार रुपए नकद, उसका आधार कार्ड, पैन कार्ड, दो बैंकों के एटीएम कार्ड व क्रेडिट कार्ड सहित अन्य कागजात रखे हुए थे। आरोप है कि उसके बाद उसे सूखी पड़ी नहर की पटरी से धक्का देकर नीचे गिरा दिया और उसके बाद उसके साथ गलत काम कर वीडियो बनाई। बहीन थाना पुलिस ने पीडित व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात तीन आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि उनकी टीम आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है, जल्द ही पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# फरीदाबाद : एडीसी और डीसीपी ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

## रात्रि ठहराव कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासन ने नेकपुर में ग्रामीणों से किया संवाद

प्रात : किरण संवाददाता

फरीदाबाद, । हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन फरीदाबाद की ओर से सोमवार की सायं गांव नेकपुर में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान तथा पुलिस उपायुक्त मकसूद अहमद ने ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। एडीसी सतबीर मान ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार रात्रि ठहराव कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशासन एवं जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत की गई मांगों एवं समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे गांव के समग्र विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि नेकपुर गांव का नशा मुक्त होना सराहनीय है और इस जागरूकता को बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि यदि कहीं भी नशे का व्यापार करने वाले व्यक्तियों की जानकारी मिले तो तुरंत प्रशासन या पुलिस को सूचित करे। उन्होंने यह भी कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान से प्रदेश में लिंगानुपात में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और सभी ग्रामीण इस अभियान को और सफल बनाने में सहयोग करें। डीसीपी मकसूद अहमद ने कहा कि पुलिस नागरिकों की सुरक्षा और सहायता के लिए हर समय तत्पर है। उन्होंने ग्रामीणों को साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, सड़क सुरक्षा और आपातकालीन नंबर 112 के महत्व के बारे में जागरूक किया। साथ ही अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को साइबर अपराधों से सतर्क रखें। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता का सहयोग ही सुरक्षित और सशक्त समाज की आधारशिला है। रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को नशा मुक्ति अभियान में सहयोग देने और समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ भी दिलाई गई।कार्यक्रम में एसडीएम बड़खल त्रिलोक चंद, ग्राम सरपंच शेखर, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# हवाई फायर कर घर खाली करने की दी धमकी



पलवल, । गदपुरी थाना क्षेत्र के नंगला भीकू गांव में एक व्यक्ति द्वारा हवाई फॉयर कर घर खाली कर गांव छोड़ने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। गदपुरी थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। गदपुरी थाना प्रभारी अश्वनी कुमार के अनुसार, नंगला भीकू गांव निवासी सुरेंद्र ने दी शिकायत में कहा है कि वह अपने घर के अंदर था। उसी दौरान रात्रि करीब 10 बजे गांव का ही निवासी गजेंद्र उनके घर के सामने आया और अवैध हथियार से फॉयरिंग करने लगा। उन्होंने देखा तो आरोपी उनके घर के अंदर घुस आया। जिसके डर से वे अपने घर के अंदर घुस गए। आरोप है कि आरोपी ने उन्हें घर के अंदर घुसकर जान से मारने की धमकी देते हुए घर को खाली करने व गांव छोड़कर जाने की धमकी दी। शिकायत में कहा है कि यह बदमाश प्रवति का आदमी है, इससे पहले भी इसने 20 सितंबर को उसके ताऊ के घर पर वारदात की थी। जिसकी सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को दी हुई है। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि आरोपी पर पहले से अपराधिक मामले दर्ज है व हाईकोर्ट से जमानत पर चल रहा है। आरोपी के खिलाफ पुलिस पर गोली चलाने, शराब ठेका लूटने सहित अन्य कई मुकदमें चल रहे है, जिसके चलते आरोपी को पुलिस का भी कोई डर नहीं है। गदपुरी थाना पुलिस ने सुरेंद्र की शिकायत पर आरोपी गजेंद्र के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मौके पर जाकर जांच की तो दो खाली खोल मिले, जिन्हें कब्जे में ले लिया गया है।

# टूरिज्म निगम की जमीन बेचने वालों पर कार्रवाई होगी

सोहना, । सोहना के वार्ड 13 में हरियाणा टूरिज्म निगम की साढ़े नौ एकड़ सरकारी जमीन पर हुए अवैध कब्जे और प्लॉटों की खरीद-बिक्री के मामले में अब प्रशासन सख्त हो गया है। जिला नगर योजनाकार अधिकारी (डीटीपीओ) आरएस भाट ने अवैध रूप से निगम की जमीन को ह्यकौड़ियों के भावह्न बेचने वाले भू-माफियाओं की पहचान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। डीटीपीओ ने स्पष्ट किया है कि जांच पूरी होने पर ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह अवैध बसावट 1975 के बाद शुरू हुई, जहां पहले झुग्गियां और बाद में पक्के मकान बन गए। हालांकि, पहाड़ कॉलोनी के साथ सटी पीर कॉलोनी आज तक अवैध है, जहां 100 के करीब मकान और पशु रखने के स्थान बने हैं। डीटीपीओ आरएस भाट के साथ 26 सितंबर को हुई बैठक में निवासियों ने खुलासा किया कि उन्हें भू-माफियाओं ने इस जमीन को ह्यमालिकह्न बनकर बेचा था। भू-माफियाओं ने अवैध क्षेत्र और पीर कॉलोनी में बसने वाले लोगों से ह्यफूल पेमेंट एग्रीमेंटह्न लिखवाकर, कौड़ियों के भाव जमीन के हिस्से बेच दिए और हजारों रुपये की लूट की। स्थानीय निवासियों को आज इस धोखे का एहसास हो रहा है। जमीन खरीदने वालों में अधिकतर राजस्थान, नूंह, उत्तर प्रदेश और खानाबदोश समुदायों के मजदूर वर्ग के लोग शामिल हैं। कम आय और अपनी जमा-पूंजी न होने के लालच में ये लोग भू-माफियाओं के चंगुल में फंस गए। डीटीपीओ आरएस भाट ने कहा है कि बेसहारा और बेघर परिवारों को मालिक बनाकर निगम की जमीन बेचने वालों की पहचान की जा रही है और जल्द ही उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# विवाहिता की संदिग्ध मौत, पति समेत छह पर दहेज प्रताड़ना का केस

प्रात : किरण संवाददाता

सोहना, । सोहना सदर थाना क्षेत्र के गांव सांचौली में 22 वर्षीय विवाहिता रेश्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकने से मौत हो गई। मृतका के मायके पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत 6 नामजद आरोपियों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कर लिया है और जाँच शुरू कर दी है। मृतका रेश्मा के भाई सहूद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने अपनी दो बहनें रेश्मा और साहिला का विवाह करीब दो साल पहले किया था। रेश्मा का पति मुस्तकीन, विवाह में कम दहेज मिलने और 5 लाख मायके से लाकर देने के लिए लगातार उसे प्रताड़ित करता था। शिकायत में कहा गया है कि मुस्तकीन के बड़े भाई सकील भी उनकी बड़ी बहन साहिला के साथ मारपीट करते थे, और मुस्तकीन के माता-पिता मुस्ताक और रविना और उसकी दोनों बहनें भी प्रताड़ना में शामिल थीं। सहूद ने आरोप लगाया कि उनकी बहन की मौत पर उन्हें पूरा शक है कि ससुराल वालों ने उसकी हत्या करके फंदे पर लटकाया है। पुलिस ने पति मुस्तकीन समेत मुस्तकीन के बड़े भाई सकील, पिता मुस्ताक, मां रविना और उसकी दो बहनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शव मायके वालों को सौंपा गया पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतका के भाई सहूद ने पुलिस से गुजारिश की कि उनकी बहन का शव ससुराल वालों को न दिया जाए और उन्हें अपने गाँव बापावली, जिला नूंह में मिट्टी (दफनाने) देने की अनुमति दी जाए। पुलिस ने उनके अनुरोध पर शव मायके पक्ष को सौंप दिया। सहूद अपनी बड़ी बहन साहिला को भी ससुराल से अपने घर ले गए हैं। सदर थाना सोहना के प्रभारी सूखपाल ने बताया कि शिकायत के आधार पर 6 नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। जाँच पूरी होने पर और दोषी पाए जाने पर आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# पलवल के शिव मंदिर से 50 हजार नकदी व सामान चोरी, श्रद्धालुओं में रोष

पलवल, । शहर के राजीव नगर स्थित शिव मंदिर में देर रात चोरों ने धावा बोल दिया। चोर मंदिर से 50 हजार रुपये नकद, पीतल की घंटी और ज्योति जलाने के लिए रखा देसी घी चुरा ले गए। चोरी की वारदात की जानकारी मंगलवार सुबह मिलते ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर परिसर में जुट गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन अब तक चोरों का कोई सुराग नहीं मिला है। मिली जानकारी के अनुसार यह मंदिर अलीगढ़ रोड पर धान मिल के सामने लक्की टेंट वाली गली में स्थित है। बताया गया है कि चोरों ने देर रात से मंगलवार सुबह पांच बजे के बीच वारदात को अंजाम दिया। चोर मंदिर में रखे दान पात्र (गुल्लक) से लगभग 50 हजार रुपये नकद ले गए। इसके अलावा करीब पांच किलो वजनी पीतल की घंटी और दो किलो देसी घी भी चोरी कर लिया। घटना की सूचना पर कैंप थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मंदिर परिसर का मुआयना किया। राजीव नगर निवासी रामदत्त रावत ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कैंप थाना प्रभारी कृष्ण गोपाल ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि चोरों की तलाश में पुलिस टीम जुट गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। थाना प्रभारी ने कहा कि जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। वारदात के बाद से क्षेत्र के श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों में रोष है। लोगों का कहना है कि मंदिर से चोरी होना आस्था पर हमला है। उन्होंने मांग की है कि पुलिस चोरों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई करे।




## सरकार का 72,300 ईवी चार्जिंग स्टेशनों के लिए 2,000 करोड़ का बजट

**नईदिल्ली एजेंसी।** सरकार ने पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत 72,300 सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। इससे शहरों व राजमार्गों में कवरेज बढ़ेगा। इस योजना का बजट 2,000 करोड़ रुपये है। सरकार ने पीएम ई-ड्राइव के तहत 10,900 करोड़ रुपये का बजट बनाया है। भारी उद्योग मंत्रालय ने चार्जिंग पॉइंट्स के निर्देश इस तरह बनाए हैं ताकि, ऑपरेटर अलग-अलग मॉडलों के इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) को बिना किसी सीमा के सेवा दे सकें। दिशानिर्देशों में सुरक्षा और रियल-टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम



भी शामिल हैं। ये योजना प्रमुख राजमार्गों, नेशनल कॉरिडोर्स और महानगरों को प्राथमिकता देती है। बाद में टियर-2 व टियर-3 शहरों की ओर बढ़ती है। हर चार्जिंग स्टेशन को रणनीतिक रूप से स्थित किया जाएगा, ताकि रेंज चिंता को कम किया जा सके। इस योजना के तहत चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए ऑपरेटरों को वित्तीय मदद दी जाएगी। सरकारी कार्यालय, आवासीय क्षेत्र, अस्पताल और शैक्षणिक संस्थान 100 फीसदी सब्सिडी हासिल करेंगे। हवाई अड्डे, रेलवे स्टेशन, सरकारी तेल विपणन कंपनियों के खुदरा आउटलेट, मेट्रो स्टेशन व बस डिपो जैसे स्थानों को इन्फ्रास्ट्रक्चर पर 80 व चार्जिंग उपकरणों पर 70 फीसदी सब्सिडी मिलेगी। सब्सिडी का वितरण दो चरणों में किया जाएगा। इसमें 70 फीसदी खरीद चरण में और 30 फीसदी एकीकृत हब के साथ कमीशनिंग व एकीकरण के बाद दी जाएगी। माल, बाजार और अन्य निजी स्थान भी इन्फ्रास्ट्रक्चर की लागत पर 80 फीसदी की सब्सिडी का दावा कर सकते हैं। बैटरी स्वैपिंग और चार्जिंग स्टेशन भी 80 फीसदी सब्सिडी का दावा कर सकते हैं।

## फटाफट कम होगी ईएमआई, आसानी से मिलेगा गोल्ड लोन...

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय रिजर्व बैंक ने नियमों में कुछ बदलाव किए हैं जिनसे ग्राहकों और बैंकों को फायदा होगा। कुल मिलाकर सात बदलाव किए गए हैं। माना जा रहा है कि इनसे ब्याज दरों का फायदा ग्राहकों तक जल्दी पहुंचेगा, गोल्ड लोन लेना आसान होगा और




बड़े कर्ज देने के नियम भी थोड़े ढीले होंगे। इन सात बदलावों में से तीन नियम 1 अक्टूबर से लागू होंगे जबकि बाकी चार नियम अभी सिर्फ प्रस्ताव हैं। इन पर लोगों से राय मांगी गई है। नए नियमों के तहत बैंक फ्लोटिंग रेट वाले कर्ज पर स्प्रेड को कम कर सकते हैं। यह काम वे तीन साल की मौजूदा लॉक-इन अवधि से पहले भी कर पाएंगे। इस कदम से कर्ज लेने वालों को बहुत फायदा होगा। जब भारतीय रिजर्व बैंक ब्याज दरें घटाएगा, तो इसका फायदा ग्राहकों को जल्दी मिलेगा। इससे उनकी ईएमआई कम हो सकती है। या उन्हें कम ब्याज देना होगा। इसके अलावा, बैंक अब ग्राहकों को एक और विकल्प दे सकते हैं। जब ब्याज दरें बदलें, तो ग्राहक अपने फ्लोटिंग रेट कर्ज को फिक्स्ड रेट कर्ज में बदल सकते हैं। हालांकि, बैंकों के लिए यह विकल्प देना अब जरूरी नहीं होगा। इसके अलावा, भारतीय रिजर्व बैंक ने सोने और चांदी के बदले कर्ज देने के नियमों को भी आसान किया है।

# वित्तीय वर्ष 2026 में 6.5 प्रतिशत रहेगी अर्थव्यवस्था की रफ्तार

## एडीबी ने अमेरिकी टैरिफ को बताया वजह




**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने मंगलवार को कहा कि पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत की मजबूत बढ़ोतरी के बावजूद, चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। एडीबी ने अमेरिकी टैरिफ के भारतीय निर्यात पर असर पड़ने की आशंका जताई है। खासकर दूसरी छमाही में भारतीय निर्यात बुरी तरह से अमेरिकी टैरिफ से प्रभावित हो सकता है। गौरतलब है कि अप्रैल में जारी एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) में भारत की विकास दर के 7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था, जिसे जुलाई की रिपोर्ट में अमेरिकी टैरिफ की चिंता के कारण घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया गया था। एशियाई विकास बैंक ने कहा कि बेहतर उपभोग और सरकारी खर्च के कारण वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में 7.8 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि हुई, लेकिन भारतीय निर्यात पर अतिरिक्त अमेरिकी टैरिफ से विकास दर में कमी आएगी, हालांकि लचीली घरेलू मांग और सेवा निर्यात इस प्रभाव को कम कर देंगे। एडीबी ने कहा कि टैरिफ लागू होने के कारण निर्यात में कमी का असर वित्त वर्ष 26 और वित्त वर्ष 27 दोनों में भारत के सकल घरेलू उत्पाद पर पड़ेगा। सकल घरेलू उत्पाद में निर्यात की कम हिस्सेदारी, अन्य देशों को निर्यात में वृद्धि, टैरिफ से सीधे प्रभावित न होने वाले लगातार मजबूत सेवा निर्यात और राजकोषीय एवं मौद्रिक नीति से घरेलू मांग में तेजी के कारण सकल घरेलू उत्पाद पर प्रभाव सीमित रहेगा। एशियाई विकास परिदृश्य में यह भी अनुमान जताया गया है कि कर राजस्व वृद्धि में कमी के कारण राजकोषीय घाटा, सकल घरेलू उत्पाद के 4.4 प्रतिशत के बजट अनुमान से अधिक रहने की संभावना है।

## प्रोफेसर का देसी जुगाड़ यूरोप, अमेरिका में हिट... करोड़पति बनाने वाला सीक्रेट



नई दिल्ली, एजेंसी। प्रोफेसर साजी वर्गीस ने गजब का काम किया है। उन्होंने टूटकर गिर चुके नारियल के पत्तों को कमाई का जरिया बना दिया है। वह इन पत्तों से इको-फ्रेंडली स्ट्रॉ और पेन बनाते हैं। यह सिंगल-यूज प्लास्टिक स्ट्रॉ का टिकाऊ विकल्प है। उनकी कंपनी सनबर्ड स्ट्रॉज ने इसी एक काम से दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई है। साजी वर्गीज बेंगलुरु की क्राइस्ट यूनिवर्सिटी में एसोसिएट प्रोफेसर हैं। वह अंग्रेजी पढ़ाते हैं। उनके बिजनेस मॉडल ने स्थानीय ग्रामीण महिलाओं के लिए उनके घर के करीब नियमित आय सुनिश्चित की है। अपने वेंचर से प्रोफेसर वर्गीज सालाना 70 लाख की कमाई करते हैं। उनके इको-फ्रेंडली स्ट्रॉ पाइप और पेन की अमेरिका और यूरोप समेत कई देशों में डिमांड है। आइए, यहां साजी वर्गीस की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। प्रोफेसर साजी वर्गीस बेंगलुरु की क्राइस्ट यूनिवर्सिटी में एसोसिएट प्रोफेसर हैं। लेकिन, उनकी महारत केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है। ग्रासरूट इनोवेशन में भी प्रोफेसर वर्गीस की गहरी दिलचस्पी है।

# चांदी इस साल 60,300 महंगी, छू सकती है दो लाख का स्तर

● 20 वर्षों में 922 फीसदी का मुनाफा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक चुनौतियों, कई देशों में तनाव और डॉलर में कमजोरी से सोने एवं चांदी की चमक लगातार बढ़ रही है। अंतरराष्ट्रीय और घरेलू बाजारों में दोनों बहुमूल्य धातुओं की कीमतें नित नए रिकॉर्ड बना रही हैं। चांदी इस साल रिटर्न देने में सोने और शेयर बाजारों से आगे निकल गई है। चांदी की कीमतें इस साल अब तक 60,300 रुपये बढ़कर सोमवार को 1.50 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के सार्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। 31 दिसंबर, 2024 को भाव 89,700 रुपये प्रति किलोग्राम था। इस तरह, चांदी ने 67.22 फीसदी का भारी-भरकम रिटर्न दिया है। इस अवधि में सोना 40,550 रुपये महंगा होकर 1,19,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। जनवरी, 2025 से अब तक सोने ने 51.36 रिटर्न दिया है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि कुछ वर्षों में अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी 70 डॉलर प्रति औंस का स्तर छू सकती है। घरेलू बाजार में भी कीमतें उसी अनुरूप बढ़ेंगी और भाव दो लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच सकता है। चांदी ने निवेशकों को 20 वर्षों में 922 फीसदी का रिटर्न दिया है, जो शेयर बाजार से काफी बेहतर है। हालांकि, इस अवधि के दौरान चांदी में बड़ा उतार-चढ़ाव भी देखने को मिला है। 2010 में चांदी ने 72 फीसदी और 2020 में 44 फीसदी का रिटर्न दिया था। हालांकि, 2013-14 में 24 फीसदी से अधिक गिरावट दर्ज की गई।2025 में अब तक चांदी ने फिर 67.22 रिटर्न के साथ सबसे मजबूत प्रदर्शन दिखाया है।

# पुरानी कीमतों पर ही मिल रहे पैकेज्ड खाद्य पदार्थ, दवाएं

## जीएसटी कटौती का लाभ देने में ये सेक्टर सबसे आगे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** त्योहारों में उत्साह के बीच सिर्फ 10 फीसदी उपभोक्ताओं को ही जीएसटी कटौती का पूरा लाभ मिल रहा है। जीएसटी 2.0 लागू होने के एक सप्ताह बाद लोकलसर्किल्स की ओर से जारी सर्वे में दावा किया गया है कि 10 में तीन से भी कम उपभोक्ताओं ने पैकेज्ड खाद्य पदार्थों व दवाओं पर कम दरों का लाभ मिलने की बात कही है। 10 में सात वाहन खरीदारों को पूरा लाभ मिला है। सर्वे 332 जिलों के 27,000 से ज्यादा उपभोक्ताओं से मिली 78,000 से अधिक प्रतिक्रियाओं पर आधारित है।

### किसे रियायत और किसे नुकसान

● **पैकेज्ड फूड :** 47 फीसदी को फायदा नहीं : सिर्फ 10 फीसदी उपभोक्ताओं ने ही पैकेज्ड खाद्य पदार्थों पर जीएसटी दरों में कटौती का पूरा लाभ मिलने की बात स्वीकारी है। 21 फीसदी को आंशिक लाभ मिला है, जबकि 47 फीसदी का कहना है कि उत्पादों पर अब भी पुरानी कीमतों का ही लेबल लगा है।

● **वजह :** कई विक्रेताओं के पास अब भी पुराने स्टॉक पड़े हैं। कई मामलों में खुदरा विक्रेता अपने सिस्टम में नई एमआरपी अपडेट होने के बाद ही कीमतों में कटौती कर रहे हैं।

### इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद : 34 फीसदी को ही मिली राहत

● एसी, टीवी व फ्रिज जैसे इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के मामले में 34 फीसदी ग्राहकों को दरों में कमी का पूरा लाभ मिला है।
33 फीसदी को आंशिक फायदा हुआ। 33 फीसदी ने कीमतों में कोई बदलाव नहीं देखा। ● **वजह :** कुछ खुदरा विक्रेताओं को निर्माताओं या थोक विक्रेताओं से अपडेट मूल्य सूची नहीं मिली है।

● **दवाइयां :** बदलाव नहीं
दवाओं पर कटौती का लाभ ज्यादातर उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचा है। सर्वे में शामिल सिर्फ 10 फीसदी ने ही पूरा लाभ मिलने की सूचना दी है। वहीं, 62 फीसदी ने कीमतों में कोई बदलाव नहीं देखा है।

● **वजह :** अलग-अलग आपूर्ति समझौतों और शेल्फ लाइफ की वजह से मूल्य सूची अपडेट करने में चुनौती आ रही है।

### वाहन : 76 को लाभ

दोपहिया वाहन और छोटी कारें जीएसटी दरों में कटौती के सबसे बड़े लाभार्थी है। यही वजह है कि उपभोक्ताओं को भी इसका लाभ मिल रहा है। सर्वे में शामिल 76 फीसदी खरीदारों को कर दरों में कटौती का पूरा लाभ मिला है। 24 फीसदी ने आंशिक फायदा मिलने की बात कही है।
सरकार को कर दरों में कटौती लागू होने के बाद से जीएसटी से संबंधित 3,000 शिकायतें मिली हैं। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने कहा, राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) पर जो भी शिकायतें मिली हैं, उन पर आगे की कार्रवाई के लिए केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) को भेज रहे हैं। खरे ने सोमवार को कहा, उपभोक्ता मामलों का मंत्रालय उन मामलों पर कड़ी नजर रख रहा है, जहां जीएसटी कटौती का लाभ उपभोक्ताओं को नहीं मिल रहा है और भ्रामक छूट के जरिये ग्राहकों को धोखा दिया जा रहा है। इन मामलों की जांच हो रही है। मंत्रालय विभिन्न क्षेत्रों में शिकायतों की स्पष्ट तस्वीर प्राप्त करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और चैटबॉट का उपयोग कर रहा है। यह शिकायत प्रणाली ऐसे समय में आई है, जब ऐसी चिंताएं हैं कि खुदरा विक्रेता दरों में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पूरी तरह नहीं पहुंचा रहे हैं। इस कारण सरकार अपनी निगरानी प्रणाली को मजबूत कर रही है।

# तनाव, सुस्त मांग से दबाव

**चीन के मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई में लगातार छठे महीने गिरावट**

● *सितंबर का समग्र पीएमआई अगस्त में बढ़ा* ● *सितंबर का पीएमआई मजबूती का संकेत नहीं देता*

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन की फैक्ट्री गतिविधि लगातार छठे महीने सितंबर में भी सिकुड़ गई है। यह 2019 के बाद सबसे लंबी गिरावट है। मंगलवार को जारी आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) अगस्त के 49.4 से बढ़कर सितंबर में 49.8 पर पहुंचा। हालांकि इसमें हल्की सुधार दिखी, लेकिन यह अब भी 50 के उस स्तर से नीचे है, जो गतिविधियों में विस्तार और संकुचन के बीच की रेखा मानी जाती है।

क्रेडिट रिसर्च और रेटिंग स्टार्टअप रेटिंगडॉग की ओर से निजी क्षेत्र के पीएमआई सर्वेक्षण में अधिक उत्साहजनक बात यह रही कि सितंबर का समग्र पीएमआई अगस्त के 50.5 से बढ़कर 51.2 हो गया। मिश्रित मैन्युफैक्चरिंग आंकड़े सुस्त घरेलू मांग और अमेरिका के साथ व्यापार तनाव पर अनिश्चितताओं को दर्शाते हैं। नए ऑर्डरों और उत्पादन को मापने वाले अधिक विस्तृत आंकड़ों में माह-दर-माह सुधार देखा गया। एसपीआई एसेट मैनेजमेंट के स्टीफन इनेस ने एक टिप्पणी में कहा कि चीन से सितंबर में आए पीएमआई के आंकड़े किसी मजबूत विकास इंजन जैसे नहीं दिखते, बल्कि ऐसे लगते हैं जैसे कोई गाड़ी एक सिलेंडर पर चल रही हो और दूसरा सिलेंडर फेल हो रहा हो।



### ट्रंप की नीतियों के कारण दबाव आया

राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के मुख्य सांख्यिकीविद हुआओ लिहुई ने कहा कि ताजा आंकड़े बताते हैं कि चीन की अर्थव्यवस्था रफ्तार पकड़ रही है और उत्पादन में मामूली तेजी देखी जा रही है। चीन के आधिकारिक विनिर्माण पीएमआई में पहली बार अप्रैल में संकुचन आया, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के पदभार ग्रहण करने के बाद व्यापार तनाव बढ़ गया था। एक-दूसरे के निर्यात पर अत्यधिक टैरिफ लगाने की धमकी देने के बाद दोनों पक्ष अभी भी धीरे-धीरे एक व्यापक व्यापार समझौते की दिशा में काम कर रहे हैं। चीन पर अमेरिका की ओर से लगाए गए भारी टैरिफ वृद्धि पर रोक को नवंबर तक बढ़ा दिया गया है।

## केरल के लिए कम फ्लाइट्स चलाएगा एअर इंडिया एक्सप्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा सांसद और वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि थरूर ने सोमवार को एअर इंडिया एक्सप्रेस की तरफ से केरल के कई शहरों को जोड़ने वाली उड़ानों की संख्या घटाने की योजना पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि एअर इंडिया को केरल को बाद में सोचने वाली जगह मानना बंद करना चाहिए। एअर इंडिया एक्सप्रेस, टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया की कम लागत वाली शाखा है। शशि थरूर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, मैंने एयर इंडिया के एमडी कैंपबेल विल्सन को पत्र लिखा है। इसमें मैंने उन खबरों पर गहरी चिंता जताई है, जिनमें दावा किया गया है कि आने वाले सर्दी सारणी में एअर इंडिया एक्सप्रेस की कई सेवाओं को केरल के हवाई अड्डों से रद्द किया जाएगा। उनके के अनुसार, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तिरुवनंतपुरम, कोच्चि, कोझिकोड और कन्नूर एयरपोर्ट्स से बड़ी संख्या में फ्लाइट्स अक्तूबर के अंत से मार्च तक कम की जा सकती हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि केरल देश के सबसे व्यस्त विमानन केंद्रों में से एक है। यहां से खासतौर पर खाड़ी देशों के लिए बहुत ज्यादा अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात होता है। थरूर ने कहा, इस समय सेवाओं में कटौती से प्रवासी कामगारों, छात्रों, पर्यटकों और परिवारों को भारी दिक्कत होगी।

# 175 तक जा सकते विशाल मेगा मार्ट के शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विशाल मेगा मार्ट के शेयर मंगलवार को करीब 3 पर्सेंट की तेजी के साथ 147.60 रुपये पर बंद हुए हैं। पिछले 6 महीने में कंपनी के शेयरों में 42 पर्सेंट की तेजी आई है। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि विशाल मेगा मार्ट के शेयरों में और तेजी देखने को मिल सकती है। घरेलू ब्रोकरेज हाउस जेएम फाइनेंशियल ने विशाल मेगा मार्ट के शेयरों का कवरेज शुरू किया है। ब्रोकरेज हाउस ने कंपनी के शेयरों को खरीदने की सलाह दी है। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 157.75 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 96.05 रुपये है। घरेलू ब्रोकरेज हाउस जेएम फाइनेंशियल ने विशाल मेगा मार्ट के शेयरों को बाय रेटिंग दी है। ब्रोकरेज हाउस ने कंपनी के शेयरों के लिए 175 रुपये का टारगेट दिया है। यानी, मंगलवार के क्लोजिंग लेवल से विशाल मेगा मार्ट के शेयरों में 18 पर्सेंट से अधिक की तेजी देखने को मिल सकती है। ब्रोकरेज हाउस ने अपने नोट में कहा है कि महत्वाकांक्षी मिडिल और लोअर मिडिल-इनकम क्लास के लिए विशाल मेगा मार्ट एक वन-स्टॉप डेस्टिनेशन है। विशाल मेगा मार्ट एफएमसीजी (28 पर्सेंट), अपैरल (44 पर्सेंट) और जनरल मर्चेंडाइज (28 पर्सेंट) इन 3 प्रमुख कैटेगरीज में प्रॉडक्ट्स ऑफर करता है। विशाल मेगा मार्ट 472 शहरों में 717 स्टोर्स ऑपरेट करती है।

विशाल मेगा मार्ट के शेयर अपने आईपीओ प्राइस के मुकाबले 85 पर्सेंट से ज्यादा उछल गए हैं।




## मरीजों को राहत; दवाइयों पर हर महीने होगी बड़ी बचत

**मुंबई, एजेंसी।** भारत में डायबिटीज, बीपी और हृदय रोग जैसी बीमारियों से जूझ रहे करोड़ों मरीज हर महीने हज़ारों रुपए दवाइयों पर खर्च करते हैं। खर्च ज्यादा होने से कई बार लोग इलाज अधूरा छोड़ देते हैं। इसी समस्या को हल करने के लिए प्लैटिनमआरएक्स मरीजों को ब्रांडेड जेनेरिक दवाइयाँ 50-60 प्रतिशत तक कम दामों पर उपलब्ध करा रहा है। लोग अब नियमित रूप से प्लैटिनमआरएक्स मोबाइल ऐप से दवाइयाँ मँगवा रहे हैं।

# बादाम जैसे अधिक संतोषजनक विकल्प चुनें : सोहा अली

**भोपाल।** भारत का त्योहारों का मौसम भव्यता, खुशी और लज़ीज़ मिठाइयों व नमकीन व्यंजनों से भरी दावतों का पर्याय है। त्योहारों के इन स्वादिष्ट पकवानों का आनंद लेना बिल्कुल सही है, लेकिन ज़रूरत से ज़्यादा खाने से शरीर भारी और असहज महसूस कर सकता है। साल के अंत तक लगातार त्योहारों की धूम को देखते हुए, अभिनेत्री, लेखिका और समर्पित माँ सोहा अली खान अपना वेलनेस गाइड साझा कर रही हैं, जिसके जरिए वह स्वास्थ्य से समझौता किए बिना त्योहारों का भरपूर आनंद ले पाती हैं। उनकी सलाह है कि जब भी आप बाहर जाएँ, अपने साथ हमेशा कैलिफ़ोर्निया बादाम की एक मुट्ठी रखें। तले हुए या मीठे खाद्य पदार्थों की बजाय, वह बादाम जैसे अधिक संतोषजनक विकल्प चुनने की सलाह देती हैं। सोहा कहती हैं, एक मुट्ठी कैलिफ़ोर्निया बादाम पेट भरे होने का एहसास कराते हैं, जिससे भोजन के बीच भूख को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है।



# भारत से हार के बाद अपने ही खिलाड़ियों पर बौखलाया पीसीबी

## एनओसी निलंबित किया, विदेशी लीग में खेलने पर लगाई रोक

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने एशिया कप 2025 के फाइनल में भारत से हार के एक दिन बाद अपने खिलाड़ियों के नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) निलंबित कर दिए हैं। यह जानकारी पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स और वहां के खेल पत्रकार फैजान लखानी द्वारा साझा की गई। एनओसी के निलंबन का मतलब है कि अब राष्ट्रीय खिलाड़ियों को किसी भी विदेशी टी20 या फ्रेंचाइजी लीग में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी।

पाकिस्तानी न्यूज पोर्टल समां टीवी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि पीसीबी के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर सैयद समीरे अहमद ने खिलाड़ियों को यह निर्देश जारी किया कि वे विदेशी लीग्स की बजाय घरेलू क्रिकेट और अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों पर ध्यान केंद्रित करें।

### फैसले से प्रभावित होने वाले खिलाड़ी

इस फैसले से पाकिस्तान के शीर्ष क्रिकेटर सीधे प्रभावित होंगे। इनमें बाबर आजम, शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद रिजवान, फहीम अशरफ और शादाब खान शामिल हैं, जो इस साल ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग (बीबीएल 15) में खेलने वाले थे। इसके अलावा, हरिस राउफ और अन्य खिलाड़ी भी आईएलटी20 जैसी फ्रेंचाइजी लीग्स में जाने वाले थे।



हालांकि, इन मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी बताया गया है कि पीसीबी ने स्पष्ट नहीं किया कि एनओसी निलंबन का कारण क्या है, लेकिन क्रिकेट सर्कल में यह माना जा रहा है कि बोर्ड का यह कदम एशिया कप में टीम के खराब प्रदर्शन पर तत्काल प्रतिक्रिया है। समां टीवी के अलावा प्रो पाकिस्तानी डॉट पीके में भी यही बात बताई गई है।

### फाइनल में पाकिस्तान की हार

एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान और भारत के बीच मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। भारत ने अंतिम ओवर में लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया। इस मैच में कुलदीप यादव ने पाकिस्तान के बल्लेबाजों को तहस-नहस कर दिया, जबकि तिलक वर्मा (69*) और शिवम दुबे (33) की पारी ने भारत को जीत दिलाई। इस जीत के साथ भारत ने लगातार दूसरी बार एशिया कप का खिताब जीता।

टीम इंडिया ने एशिया कप 2025 में पाकिस्तान पर लगातार तीन जीत हासिल की। इस हार के बाद पाकिस्तान टीम के कप्तान सलमान अली आगा, फहीम अशरफ और हसन अली सहित सभी खिलाड़ी लाहौर लौट गए। एशिया कप की इस शर्मनाक हार ने पीसीबी के शीर्ष अधिकारियों को कठोर कदम उठाने के लिए प्रेरित किया।

### घरेलू क्रिकेट और प्राथमिकता

क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि पीसीबी का यह कदम घरेलू क्रिकेट और राष्ट्रीय टीम को प्राथमिकता देने का संकेत है। पाकिस्तान में फ्रेंचाइजी क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा अवसर रहा है, लेकिन बोर्ड का संदेश साफ है- पहले देश और घरेलू क्रिकेट। आश्चर्य की बात तो यह है कि भारत से हार के बाद हर बार इस तरह की खबरें आती हैं, लेकिन इसके बावजूद पाकिस्तानी के क्रिकेट ढांचे में कोई सुधार नहीं आया है।टीम की स्थिति बिगड़ती ही जा रही है। कभी पीसीबी अध्यक्ष तो कभी टीम का कप्तान तो कभी कोच बदल दिया जाता है। खिलाड़ियों पर भरोसा जताने की जगह उन्हें टीम से बाहर कर दिया जाता है। इस बार तो पाकिस्तानियों को टीम इंडिया से एक ही टूर्नामेंट में तीन बार हार मिली। ऐसे में पाकिस्तान क्रिकेट टीम में बड़े बदलाव के आसार हैं। पाकिस्तानी फैंस तो नकवी को हटाने की मांग तक कर चुके हैं। अब देखने वाली बात होगी कि एनओसी रद्द करने से खिलाड़ी बगावत करते हैं या नहीं, क्योंकि पहले भी ऐसी स्थिति बन चुकी है और तब पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने बगावत की थी।

## आईएलटी 20 में खेलते नजर आएंगे दिनेश कार्तिक, इस टीम से जुड़े

**शारजाह (एजेंसी)।** भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक मंगलवार को इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएलटी20) के चौथे सत्र से पहले शारजाह वॉरियर्स टीम से जुड़ गए। कार्तिक ने वॉरियर्स टीम में श्रीलंका के विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल मेंडिस की जगह ली। इस टीम के कोच दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर जेपी डुमिनी हैं। कार्तिक ने कहा, 'मैं डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 टूर्नामेंट के लिए शारजाह वॉरियर्स टीम से जुड़कर बहुत उत्साहित हूं। मैं जानता हूं कि वे एक युवा टीम है और जो कुछ खास करने की ख्वाहिश रखते है। मैं यहां आकर खुश हूं।झकार्तिक ने कहा, 'शारजाह भी उन प्रतिष्ठित स्टेडियमों में से एक है जहां हर कोई खेलना चाहता है। शारजाह वॉरियर्स फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनना एक सपने के सच होने जैसा है। कार्तिक के लिए यह दूसरी विदेशी टी20 लीग होगी। वह इससे पहले दक्षिण अफ्रीका में एसए20 की की टीम पार्ल रॉयल्स का हिस्सा रह चुके है। रॉयल्स के लिए उन्होंने छह पारियों में 97 रन बनाए थे। कार्तिक आईपीएल 2025 चैंपियंस रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बल्लेबाजी कोच भी हैं। आरसीबी में कार्तिक ने ऑस्ट्रेलिया के टिम डेविड के साथ मिलकर काम किया था, जो शारजाह वॉरियर्स के विदेशी खिलाड़ियों में से एक हैं।

## शाकिब अल हसन का करियर संकट में

### खेल सलाहकार बोले- दोबारा नहीं पहन पाएंगे बांग्लादेशी जर्सी

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ महमूद ने ऐलान किया है कि स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन अब राष्ट्रीय टीम के लिए दोबारा नहीं खेलेंगे। विवाद तब शुरू हुआ जब शाकिब ने सोशल मीडिया पर अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।



आसिफ ने आरोप लगाया कि शाकिब अवामी लीग की राजनीति में गहराई से जुड़े हुए हैं और कहा, हम उन्हें बांग्लादेश का झंडा उठाने की इजाजत नहीं देंगे। बीसीबी को मेरा स्पष्ट निर्देश है कि शाकिब अब कभी राष्ट्रीय टीम का हिस्सा नहीं बनेंगे।शाकिब ने सफाई दी कि उनका संदेश सिर्फ एक पुराने रिश्ते के नाते था और राजनीति से कोई लेना-देना नहीं था। उन्होंने कहा, मैंने हसीना जी को क्रिकेट के जरिए हमेशा जाना है और शुभकामनाएं देने का यही उद्देश्य था।शाकिब पिछले साल अवामी लीग के सांसद रहे थे, लेकिन सरकार गिरने के बाद से वह टीम से बाहर हैं। पिछले 12 महीनों से उन्हें बांग्लादेश टीम में जगह नहीं मिली, हालांकि वे फ्रेंचाइजी लीग में खेलते रहे हैं।

## चीन ओपन में कोको गॉफ ने बेलिंडा बेन्सिक को हराया, क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई



**बीजिंग (एजेंसी)।** अमेरिकी खिलाड़ी कोको गॉफ ने स्विस स्टार बेलिंडा बेन्सिक को 4-6, 7-6 (4), 6-2 से हराकर चीन ओपन क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। निर्णायक सेट में गॉफ ने बेन्सिक की सर्व को ब्रेक किया और मैच अपने नाम किया। दूसरे सीडेड गॉफ ने अपने हेड-टू-हेड रिकॉर्ड को 4-2 से बढ़ाया। इस साल दोनों खिलाड़ियों के बीच तीन मुकाबले हो चुके हैं, जिनमें जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन में गॉफ की जीत शामिल है। हालांकि बेन्सिक ने अबू धाबी में जीत दर्ज की थी। बीजिंग में एटीपी टूर्नामेंट के दो पुरुष सेमीफाइनल भी निर्धारित थे। जैनिक सिन्नर का सामना एलेक्स डी मिनौर से और लीर्नर टिएन का मुकाबला दानील मेदवेदेव से हुआ। पुरुष फाइनल बुधवार को खेला जाएगा और इसके बाद एटीपी दौरा शंघाई मास्टर्स के लिए 12 दिन के कार्यक्रम के साथ आगे बढ़ेगा, जो 12 अक्टूबर को फाइनल के साथ समाप्त होगा।विम्बलडन चैंपियन इगा स्वियाटेक ने सोमवार को कोलंबियाई खिलाड़ी कैमिला ओसोरियो को हराकर अपनी 400वीं करियर जीत दर्ज की और चीन ओपन के चौथे दौर में प्रवेश किया। स्वियाटेक ने पहले सेट में 6-0 से जीत दर्ज की। ओसोरियो ने दूसरे सेट की पहली गेम में चोट के कारण मैच से वापसी की।

## ऐश्वर्या पिस्से ने रचा इतिहास

### डब्ल्यू-2-आरसी पुर्तगाल जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनी

**बेंगलूर (एजेंसी)।** भारतीय मोटरस्पोर्ट्स का नाम अब दुनिया के सबसे कठिन रैली-रेड टूर्नामेंट में चमक रहा है। बेंगलुरु की 29 वर्षीय राइडर ऐश्वर्या पिस्से ने पुर्तगाल में खेले गए एफआईएम वर्ल्ड रैली-रेड चैंपियनशिप डब्ल्यू-2-आरसी 2025 के चौथे राउंड में शानदार उपलब्धि हासिल की। उन्होंने रैली2 - महिला वर्ग में खिताब जीतकर न केवल भारत बल्कि पूरे एशिया की पहली महिला विजेता बनने का गौरव पाया। यह जीत ऐश्वर्या के लिए व्यक्तिगत सफलता से कहीं अधिक है—यह आने वाली पीढ़ी की महिलाओं को सपनों को हकीकत में बदलने की प्रेरणा देती है। बीपी अल्टीमेट रैली-रेड पुर्तगाल अपने कठोर ट्रैक और लंबी दूरी के कारण मशहूर है। इस प्रतियोगिता में राइडर्स को छह दिनों तक 2,000 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ी, जिसमें 1,225 किलोमीटर प्रतिस्पर्धी चरण शामिल थे। रास्ते पूरी तरह बजरी वाले थे और पुर्तगाल व स्पेन की चुनौतीपूर्ण भूमि से होकर गुजरते थे। इन कठिन हालातों में ऐश्वर्या ने न केवल अपनी कैटेगरी में शीर्ष स्थान पाया, बल्कि कुल मिलाकर 27वां स्थान हासिल किया, यह किसी भी भारतीय महिला राइडर के लिए अभूतपूर्व सफलता है।

## महिला वनडे विश्व कप का हुआ आगाज

### भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम पहुंचीं श्रेया घोषाल, खिलाड़ियों के साथ मिलकर गाया 'पियू बोले'

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** महिला वनडे विश्व कप का आज से आगाज होने जा रहा है। भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेला जाने वाले इस टूर्नामेंट को जीतकर भारतीय महिला क्रिकेट टीम आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को खत्म करना चाहेगी। इससे पहले स्टार गायिका श्रेया घोषाल विश्व कप के ओपनिंग सेरेमनी से पहले भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम पहुंचीं और अपनी आवाज का जादू बिखेरा। साथ ही उन्होंने टीम इंडिया का हौसला भी बढ़ाया। खिलाड़ियों ने उनके साथ मिलाकर 'पियू बोले' गाना भी गाया। श्रेया आज गुवाहाटी में होने वाले महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के उद्घाटन समारोह में सुरों का जादू बिखेरेंगी।



श्रेया के ड्रेसिंग रूम में पहुंचने पर भारतीय खिलाड़ी और स्टाफ काफी खुश नजर आए। कोच अमोल मजुमदार ने श्रेया का शानदार स्वागत किया। इसके बाद श्रेया सभी खिलाड़ियों से मिलीं और स्मृति मंधाना से भी हाथ मिलाया। फिर जेमिमा रोड्रिग्स ने बताया कि श्रेया के आने की खबर सुनकर ऑलराउंडर राधा यादव काफी उत्साहित थीं, क्योंकि वह श्रेया को अपना आदर्श मानती हैं।

इसके बाद खिलाड़ियों ने श्रेया से 'पियू बोले' गाने की अपील की। जैसे ही श्रेया ने गाना शुरू किया, खिलाड़ी उनकी आवाज सुन मंत्रमुग्ध हो गए और यकीन नहीं कर पाए।

## नेपाल ने फिर रचा इतिहास, दूसरे मैच में वेस्टइंडीज को 90 रनों से हराकर टी20 सीरीज जीती

**शारजाह (एजेंसी)।** नेपाल क्रिकेट टीम ने सोमवार को दो बार की टी20 विश्व चैंपियन वेस्टइंडीज को 90 रनों से हराकर इतिहास रच दिया। इस जीत के साथ नेपाल ने तीन मैचों की टी20 सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली और पहली बार किसी आईसीसी फुल मेंबर टीम के खिलाफ टी20 सीरीज अपने नाम की। यह मुकाबला नेपाल और वेस्टइंडीज के बीच दूसरा टी20 था और नेपाल ने लगातार दूसरी जीत दर्ज कर रिकॉर्ड बनाया। अब दोनों टीमें मंगलवार को तीसरे और आखिरी टी20 में आमने-सामने होंगी, जहां नेपाल क्लीन स्वीप करने के इरादे से उतरेगा। नेपाल की यह जीत रन अंतर से किसी एसोसिएट टीम की किसी फुल मेंबर टीम के खिलाफ सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले नेपाल ने पहला टी20 मुकाबला 19 रनों से जीतकर इतिहास रचा था।

नेपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 173/6 का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम के दो युवा बल्लेबाज आसिफ शेख और सुंदीप जोरा ने शानदार अर्धशतक लगाए। शेख ने 47 गेंदों पर नाबाद 68 रन बनाए, जबकि जोरा ने 39 गेंदों



पर 63 रन ठोके, जिसमें 5 छक्के शामिल थे। दोनों के बीच 100 रनों की साझेदारी हुई जिसने नेपाल को बड़ा स्कोर बनाने में मदद की।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम पूरी तरह बिखर गई। पूरी टीम 17.1 ओवर में सिर्फ 83 रन पर सिमट गई। नेपाल के मीडियम-पेसर मोहम्मद आदिल आलम ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट 24 रन देकर हासिल किए। यह वेस्टइंडीज का किसी एसोसिएट टीम के खिलाफ टी20 में सबसे कम स्कोर है, जो इंग्लैंड के 2014 टी20 विश्व कप में नीदरलैंड्स के खिलाफ बनाए 88 रन से भी कम है।

वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी पूरी तरह फ्लॉप रही। केवल तीन बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा छू सके। जेसन होल्डर ने सबसे ज्यादा 21 रन बनाए। टीम के कप्तान अकील होसैन ने मैच के बाद कहा, हमें जल्दी समझना होगा कि यह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट है। अगर हम इस स्तर पर खुद को साबित नहीं कर पा रहे हैं, तो हमें खुद से सवाल करना चाहिए कि क्या हम वाकई अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैं।

नेपाल के कप्तान रोहित पौडेल ने ऐतिहासिक जीत के बाद कहा, यह हमारे लिए गर्व का क्षण है। किसी टेस्ट खेलने वाले देश को हराना आसान नहीं था। यह सीरीज हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण थी ताकि हम दुनिया को दिखा सकें कि नेपाल क्रिकेट कितना आगे बढ़ चुका है।

## सात बार की चैम्पियन आस्ट्रेलिया का मुकाबला न्यूजीलैंड से

**इंदौर (एजेंसी)।** सात बार की चैम्पियन आस्ट्रेलियाई महिला टीम आईसीसी महिला वनडे विश्व कप 2025 में बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत के साथ अपने अभियान की शानदार शुरूआत करना चाहेगी। मौजूदा टी20 चैम्पियन न्यूजीलैंड से चुनौती निश्चित रूप से कड़ी होगी, लेकिन आस्ट्रेलिया को अपनी आंतरिक रणनीतियों और टीम संतुलन पर भी ध्यान देना होगा।

आस्ट्रेलिया के पास प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, लेकिन अंतिम एकादश में संतुलन बनाना बड़ी चुनौती है। बायें हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनू और लेग स्पिनर जॉर्जिया वेयरहेम चोट से उबर चुकी हैं।



अब टीम प्रबंधन को तय करना है कि वेयरहेम और अलाना किंग के रूप में दो लेग स्पिनरों को उतारा जाए या मोलिनू को शामिल करके आक्रमण में विविधता लाई जाए।


तेज गेंदबाजी में मेगन शूट, अनाबेल सदरलैंड, एलिसे पैरी, ताहलिया मैकग्रा और डार्सी ब्राउन जैसे खिलाड़ी टीम को मजबूती देंगे। बल्लेबाजी में कप्तान एलिसा हीली, बेथ मूनी, फीबी लिचफील्ड और एशले गार्डनर मोर्चा संभालेंगी। भारत के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन कर चुकी जॉर्जिया वोल भी टीम का अहम हिस्सा हैं।

### न्यूजीलैंड के पास भी मजबूत दांव

न्यूजीलैंड टीम के पास अनुभवी खिलाड़ी सोफी डेवाइन, सूजी बेट्स, ली ताहुहू, एमेलिया केर, मैडी ग्रीन हैं। इसके अलावा युवा खिलाड़ी जॉर्जिया प्लिमर, पोली इंग्लिस, एडेन कारसन और इज़्ज़ी गेज भी टीम में शामिल हैं। पिछले साल यूएई में टी20 विश्व कप जीतकर न्यूजीलैंड का आत्मविश्वास ऊंचा है, लेकिन वनडे क्रिकेट में लंबा ब्रेक उन्हें चुनौती दे सकता है। टीम ने चेन्नई और अबुधाबी में ष्ट्स्य अकादमी में अभ्यास किया और बेंगलुरु में अभ्यास मैच भी खेले।

## योगेश कथुनिया ने फिर दिखाया दम, लगातार तीसरे साल भारत को दिलाया पदक

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप (डब्ल्यूपीएसी 2025) का रोमांच अपने चरम पर रहा। भारत के स्टार पैरा एथलीट और दो बार के पैरालंपिक पदक विजेता योगेश कथुनिया ने एक बार फिर देश का मान बढ़ाते हुए पुरुषों की डिस्कस थ्रो स्न56 स्पर्धा में रजत पदक जीता। 28 वर्षीय कथुनिया ने 42.49 मीटर का शानदार थ्रो किया और लगातार तीसरे साल इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में रजत हासिल कर इतिहास रच दिया।



### लगातार तीसरा रजत पदक

कथुनिया की इस उपलब्धि की खासियत यह है कि यह उनका लगातार तीसरा रजत पदक है। उन्होंने 2023 (फ्रांस) और 2024 (जापान) में हुए विश्व चैंपियनशिप संस्करणों में भी रजत पदक जीते थे। इस बार भी वह ब्राज़ील के अनुभवी एथलीट क्लॉडनी बतिस्ता से पीछे रहे, जिन्होंने 45.67 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो कर स्वर्ण पदक जीता। वहीं, ग्रीस के कॉन्स्टेंटिनोस त्ज़ोनिस ने 39.97 मीटर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

दिलचस्प बात यह है कि टोक्यो 2020 पैरालंपिक और पेरिस 2023 विश्व चैंपियनशिप में भी कथुनिया बतिस्ता के बाद ही दूसरे स्थान पर रहे थे।

### गुइलेन-बैरे सिंड्रोम से चैंपियन तक का सफर

योगेश कथुनिया का सफर बेहद प्रेरणादायक है। नौ साल की उम्र में उन्हें गुइलेन-बैरे सिंड्रोम, एक दुर्लभ न्यूरोलॉजिकल स्थिति, हो गई थी। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और 2017 में कॉलेज के दिनों से पैरा स्पोर्ट्स में कदम रखा। देखते ही देखते वह भारत के सबसे भरोसेमंद डिस्कस थ्रो एथलीट बन गए और अब उनके खाते में दो पैरालंपिक रजत और तीन विश्व चैंपियनशिप रजत पदक शामिल हैं।

### भारतीय दल का अब तक का प्रदर्शन

विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 भारत के लिए शानदार साबित हो रही है। अब तक भारतीय खिलाड़ियों ने छह पदक अपने नाम किए हैं, दो स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य। सोमवार का दिन तो भारतीय एथलेटिक्स के लिए यादगार बन गया।

रिंकू हुड्डा ने पुरुषों की भाला फेंक स्न46 वर्ग में 63.81 मीटर का रिकॉर्ड थ्रो कर स्वर्ण पदक जीता। यह प्रदर्शन चैंपियनशिप रिकॉर्ड भी बना।

सुंदर सिंह गुर्जर ने उसी स्पर्धा में 64.76 मीटर का थ्रो कर रजत पदक अपने नाम किया।

इससे पहले, ऊंची कूद टी63 में शैलेश कुमार ने स्वर्ण और वरुण सिंह भाटी ने रजत पदक जीते।

महिलाओं की 400 मीटर टी20 स्पर्धा में दीप्ति जीवनजी ने रजत पदक हासिल किया।

हालांकि भाला फेंक में भारत के अजीत सिंह चौथे स्थान पर रह गए, वरना भारत के पदकों की संख्या में एक और पदक जुड़ सकता था।

### भारत की उम्मीदें और आगे का रास्ता

योगेश कथुनिया की लगातार पदक जीत भारत की पैरा एथलेटिक्स ताकत को दर्शाती है। रिंकू और सुंदर जैसे एथलीटों की सफलता ने भी यह साबित कर दिया है कि भारत आने वाले समय में इस खेल की बड़ी ताकत बनकर उभर सकता है। देश के इन जांबाज़ एथलीटों ने न केवल पदक जीते हैं बल्कि पूरे देश को गर्व करने का मौका दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### देशभर में एसटी समुदाय के खिलाफ अपराध में 29 फीसदी का इजाफा

नई दिल्ली, एजेंसी। आजादी के 78 सालों बाद भी देश के सबसे दबे-कुचले समुदाय के लोगों के खिलाफ अपराध के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे बल्कि उसकी संख्या में और इजाफा हो रहा है। इस बात की तस्दीक राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने की है। एनसीआरबी द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, देशभर में अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदाय के लोगों के खिलाफ अपराध के मामलों में करीब 29 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है। एनसीआरबी की रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2023 की तुलना में 2024 में अनुसूचित जनजातियों के खिलाफ अपराध के मामलों में 28.8 फीसदी की वृद्धि हुई है। 2024 में रख समुदाय के खिलाफ देश भर में कुल 12,960 मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि 2022 में यह संख्या 10,064 थी। एनसीआरबी की रिपोर्ट में कहा गया है कि मणिपुर इस मामले में सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य है, जहां मई 2023 से मैतेई और कुकी-जो समुदायों के बीच जातीय हिंसा की आग अभी भी सुलग रही है। रिपोर्ट के




मुताबिक, वहां एसटी समुदाय के खिलाफ 3,399 मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि 2022 में ऐसे मामलों की संख्या सिर्फ एक थी और 2021 में कोई मामला दर्ज नहीं किया गया था। रिपोर्ट में कहा गया है, अनुसूचित जनजातियों के खिलाफ अपराध में मणिपुर में 2023 में डकैती के 260 मामले, आगजनी के 1,051 मामले, जानबूझकर अपमानित करने के इरादे से धमकी के 203 मामले, अनुसूचित जनजातियों से संबंधित भूमि पर कब्जा/निपटान के 193 मामले दर्ज किए गए। इसकी तुलना में, अनुसूचित जातियों (एससी) के खिलाफ अपराध में 0.4% की मामूली वृद्धि देखी गई है। राज्यवार आंकड़ों की बात करें तो मणिपुर के बाद मध्य प्रदेश का स्थान दूसरे नंबर पर है। जहां एसटी समुदाय के खिलाफ अपराध के 2,858 मामले दर्ज किए गए हैं। 2022 में यह संख्या 2,979 और 2021 में 2,627 थी।

### बॉक्सर मैरी कॉम के फरीदाबाद वाले घर में हुई चोरी का केस का सॉल्व

फरीदाबाद एजेंसी। फरीदाबाद में अपराध जांच शाखा, एनआईटी की टीम ने बॉक्सिंग में 6 बार की विश्व चैंपियन एमसी मैरी कॉम के सेक्टर-46 स्थित घर में हुई चोरी के मामले का 24 घंटे में पर्दाफाश कर दिया है। फरीदाबाद पुलिस ने इस मामले में तीन नाबालिगों को पकड़कर चोरी किया गया सामान बरामद कर लिया है। पुलिस ने मुखबिरों की मदद और सीसीटीवी कैमरों की सहायता से वारदात को अंजाम देने वाले तीनों नाबालिगों को लेजर वैली पार्क के पास से काबू कर अपनी हिरासत में लेकर पूछताछ की। इस दौरान नाबालिगों ने बताया कि इस वारदात में उनके तीन-चार साथी और भी शामिल हैं। 23-24 सितंबर की रात को वे तीन एलईडी टीवी, हाथ की घड़ी, चश्मा, अटैची, जूते, कपड़े, सैंडल, परफ्यूम, ट्रिमर, लैपटॉप चार्जर, बेल्ट आदि सामान चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने उनसे पूछताछ के बाद सामान बरामद कर लिया है। पुलिस टीम ने नाबालिगों से उनके साथियों के बारे में भी जानकारी जुटाई है। इस दौरान पता चला है कि वे अक्सर सूने घरों में वारदातों को अंजाम देते रहते हैं। जहां कहीं भी सामान मिलता है तो उसे उठाकर बेच देते हैं और बेचने के बाद आई रकम से कुछ खा पी लेते हैं। पुलिस का का कहना है कि नाबालिग का एक साथी है, जिसके कहने पर वे उसके साथ वहां आए थे। उसके मिलने के बाद पुलिस को इस मामले में और भी कामयाबी मिल सकती है। वहीं पूर्व की वारदातों का भी पता चल सकता है। पुलिस ने नाबालिगों के बाकी बचे हुए तीन साथियों की पहचान कर ली है। पुलिस ने इनको पहले कभी पुलिस ने काबू नहीं किया है, बाकी नाबालिगों के हाथ लगने के बाद ही इस मामले का पूरा खुलासा हो सकेगा। पुलिस के मुताबिक, बॉक्सर के पड़ोसी शनिवार को अपने घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच कर रहे थे। इस दौरान उन्हें पता चला कि कुछ युवक उनके घर में घुसकर सामान चोरी कर ले गए हैं।

# नेपाल तक हो रही थी सप्लाई

## राजस्थान में कृषि मंत्री किरोड़ी ने पकड़े खाद के 64 हज़ार नकली बैग



बीकानेर, एजेंसी। राजस्थान में कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने नकली खाद और बीज बनाने वाले भ्रष्टाचारियों पर शिकंजा कसना जारी रखा है। बीकानेर जिले में रविवार देर रात हुई धमाकेदार छापेमारी ने इसे एक बार फिर साबित कर दिया। मंत्री मीणा ने कोलायत क्षेत्र में स्थित दो उर्वरक फैक्ट्रियों में अचानक रेड की। इस छापेमारी के दौरान दोनों फैक्ट्रियों से कुल 64 हजार नकली खाद के बैग बरामद किए गए। इस कार्रवाई के बाद दोनों फैक्ट्रियों को तुरंत सील करने के आदेश जारी किए गए। मंत्री मीणा ने बताया कि यह नकली खाद नेपाल तक सप्लाई की जा रही थी। उन्होंने कहा, हम किसानों को बेहतर क्वालिटी का बीज, खाद और पेस्टिसाइड देने के लिए पूरी सतर्कता के साथ कार्रवाई कर रहे हैं। जब तक हम संतुष्ट नहीं होंगे, तब तक यह कार्रवाई जारी रहेगी।

मंत्री मीणा के साथ कृषि विभाग के कई अधिकारी भी मौजूद थे। उन्होंने अधिकारियों को ऑन-द-स्पॉट निर्देश दिए और कहा कि दोषियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पैदावार बढ़ाने और किसानों को राहत देने के लिए कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

रविवार को रात करीब 10 बजे मंत्री पहले नाल बाइपास पहुंचे और खारी गंगापुरा गांव स्थित पहली फैक्ट्री से 24 हजार नकली खाद के बैग बरामद किए। इसके तुरंत बाद, कोलायत के सांखला फांटे से तीन किलोमीटर दूर दूसरी फैक्ट्री में 40 हजार बैग कब्जे में लिए गए। मंत्री ने बताया कि खाद में मिट्टी मिलाई गई थी, जिससे राजस्थान के कई जिलों में किसान सीधे प्रभावित हो रहे थे।

जुलाई में भी मंत्री मीणा ने बीकानेर में छापेमारी की थी। इसके अलावा श्रीगंगानगर और अलवर में भी नकली बीज और खाद की जांच की जा चुकी है।

### बिक्री पर तत्काल रोक लगा दी गई

28 सितंबर को श्रीगंगानगर में बीज कंपनियों के रिकॉर्ड में गड़बड़ी पाई गई और उनकी बिक्री पर तत्काल रोक लगा दी गई। मंत्री ने कहा कि इस तरह की गड़बड़ियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंत्री मीणा ने स्पष्ट किया कि नकली खाद और बीज के खिलाफ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए सभी कानूनी उपाय किए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कार्रवाई सिर्फ एक जिले तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि राज्य भर में नकली उर्वरक और बीज बेचने वालों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों को उच्च गुणवत्ता वाली खाद, बीज और पेस्टिसाइड समय पर उपलब्ध कराई जाए। उनका कहना था कि किसानों की पैदावार और हित हमेशा प्राथमिकता रहेगी। इस कार्रवाई को देखते हुए, राज्य सरकार ने एसआईटी और एसओजी टीमों को जांच सौंपने की तैयारी भी शुरू कर दी है। मंत्री मीणा ने आश्वस्त किया कि दोषियों तक जल्द ही सख्त कार्रवाई पहुंचेगी और नकली खाद और बीज के कारोबार में शामिल कोई भी बख्शा नहीं जाएगा।

### मां और बहन का रो-रोकर बुरा हाल

## बहन से मिलने आए डॉक्टर ने 21वीं मंजिल से कूदकर दी जान



ग्रेटर नोएडा, एजेंसी। ग्रेनो वेस्ट स्थित गौर सिटी-2 सोसाइटी के 14 एवेन्यू की 21वीं मंजिल से कूदकर सोमवार की दोपहर डॉक्टर ने खुदकुशी कर ली। वह अपनी मां के साथ बहन से मिलने के लिए सोसाइटी में आए थे। पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि वह मानसिक बीमारी से पीड़ित थे।

बिसरख कोतवाली पुलिस के मुताबिक 29 वर्षीय शिवा शर्मा महाविद्या कॉलोनी गोविंद नगर मथुरा में परिवार के साथ रहते थे। उन्होंने मुंबई से एमबीबीएस की पढ़ाई की थी। शिवा को अगले महीने इंटर्नशिप के लिए महाराष्ट्र के नासिक जाना था। डॉक्टर शिवा सोमवार को अपनी मां के साथ गौर सिटी-2 सोसाइटी में रहने वाली अपनी बहन से मिलने पहुंचे। उन्होंने दोपहर में 21वीं मंजिल से छलांग लगा दी। सोसाइटी के लोग उन्हें नजदीक के एक अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने शिवा शर्मा को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि डॉक्टर शिवा मानसिक बीमारी से पीड़ित थे। बेंगलुरु से उनका इलाज चल रहा था। आशंका है कि बीमारी के चलते उन्होंने यह कदम उठाया। हालांकि, पुलिस मामले की जांच कर रही है। बिसरख कोतवाली पुलिस का कहना है कि डॉक्टर शिवा ने 21वीं मंजिल से कूदकर जान दी। हालांकि, पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। इस घटना के बाद से मां और बहन का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के समय मां और बहन अंदर कमरे में थीं। इसी बीच डॉक्टर शिव बाहर निकले और नीचे छलांग लगा दी। मां और बहन को जब इस घटना का पता चला तो उनकी चीख निकल गई। परिवार के अन्य लोग व रिश्तेदार भी घटनास्थल पर पहुंच गए। हाईराइज सोसाइटी में रहने वाले लोग अवसाद और बीमारी से टूट रहे हैं। 10 दिन पहले भी एक सोसाइटी में मां-बेटे ने 13वीं मंजिल से कूद कर जान दी थी। पुलिस ने बताया था कि महिला अपने बेटे की बीमारी से परेशान थी। उसका इलाज नहीं हो पा रहा था। इसके अलावा भी इस तरह की घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं।

## सिद्धू मूसेवाला के पिता मानसा सीट से लड़ सकते हैं विधानसभा चुनाव

### बोले- उसका सपना पूरा करूंगा



बठिंडा, एजेंसी। पंजाब के लोकप्रिय गायक दिवंगत सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह जल्द ही चुनाव लड़ते नजर आ सकते हैं। बलकौर सिंह ने खुद इसका ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि वह पंजाब के अगले विधानसभा चुनाव में मानसा से लड़ना चाहते हैं। बता दें कि यह वही सीट है जहां से उनके बेटे ने 2022 के चुनावों में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा था। हालांकि मूसेवाला तब चुनाव हार गए थे।

रविवार को मानसा में कांग्रेस पार्टी के एक कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए, बलकौर ने कहा कि मानसा के लोगों ने उन्हें अपने बेटे को खोने के बाद ताकत दी है और वे अब भी परिवार के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा, हम चुनाव लड़ेंगे। मुझे आपके समर्थन की जरूरत है। आप मेरी ताकत हैं। बलकौर सिंह ने आगे कहा, विधानसभा पहुंचना मेरे बेटे की अधूरी इच्छा थी। हम चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे। फिर मैं अपने बेटे की इच्छा पूरी करने के लिए उसकी तस्वीर लेकर विधानसभा जाऊंगा।

## हिमाचल प्रदेश में दशहरे के बाद फिर बदलेगा मौसम, आंधी के साथ बारिश की चेतावनी

शिमला, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश में इस समय मानसून की विदाई के बाद खुशनुमा मौसम बना हुआ है। पहाड़ों से लेकर मैदानों में रोजाना धूप खिल रही है और लोगों को उमस भरी गर्मी के बीच सुहाना मौसम राहत दे रहा है। हालांकि यह राहत ज्यादा दिनों तक टिकने वाली नहीं है। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि दशहरे के बाद प्रदेश में मौसम करवट लेगा और बारिश के साथ अंधड़ चलने की संभावना है। इसके लिए विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार 30 सितम्बर से 3 अक्टूबर तक प्रदेश भर में मौसम साफ बना रहेगा। इस दौरान धूप खिलने से दिन के समय गर्मी का अहसास होगा जबकि सुबह और शाम ठंड का असर बढ़ेगा। 2 अक्टूबर को दशहरा है और उस दिन भी मौसम साफ रहने का अनुमान है।



### 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अंधड़ चल सकता है

विभाग का कहना है कि 4 अक्टूबर को मध्य व उच्च पर्वतीय इलाकों में बारिश होने की संभावना है। वहीं, 5 अक्टूबर को पूरे प्रदेश में मौसम खराब रहेगा। इन दोनों दिनों के लिए विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कई स्थानों पर तेज अंधड़ चलने, बारिश होने और आसमानी बिजली गिरने की आशंका जताई गई है। विभाग के अनुसार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अंधड़ चल सकता है। इस कारण लोगों को एहतियात बरतने की सलाह दी गई है। यह पहली बार होगा जब मानसून की विदाई के बाद प्रदेश में खराब मौसम का अलर्ट जारी किया गया है। गौरतलब है कि हिमाचल से मानसून की विदाई 26 सितम्बर को हुई थी। मानसून के हटते ही राज्यभर में दिन में धूप खिल रही है और लोग मौसम का आनंद ले रहे हैं।

## अदन की खाड़ी में कार्गो शिप पर हमला

### जहाज छोड़कर भागा चालक दल; हूती विद्रोहियों पर लगा आरोप

वॉशिंगटन, एजेंसी। हॉलैंड का झंडा लगे एक कार्गो जहाज पर सोमवार को अदन की खाड़ी में मिसाइल हमला हुआ। इस हमले में जहाज बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ है और चालक दल के दो सदस्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हमले के बाद चालक दल के सदस्य जहाज को छोड़कर भाग गया। अदन की खाड़ी में किसी जहाज पर हुआ यह हाल के समय में सबसे गंभीर हमला है। जिस जगह हमला हुआ, वह लाल सागर से कुछ दूर पर है। हमले का आरोप ईरान समर्थित यमन के हूती विद्रोहियों पर लगा है। हालांकि अभी तक हूती विद्रोहियों ने आधिकारिक तौर पर हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। फ्रांसीसी सेना के मेरीटाइम सेंटर ने दावा किया है कि कार्गो शिप पर हमला हूती विद्रोहियों द्वारा ही किया गया है। जिस कार्गो शिप पर हमला हुआ, उस पर बीती 23 सितंबर को भी हमले की असफल कोशिश हुई थी। वह हमला भी अदन की खाड़ी में किया गया था। अदन की खाड़ी, बाब अल मंदेब जलडमरूमध्य को लाल सागर से जोड़ती है। बाब अल मंदेब जलडमरूमध्य पूर्वी अफ्रीका को अरब प्रायद्वीप से अलग करता है। जिस जगह जहाज पर हमला हुआ, वह दुनिया के सबसे खास समुद्री रास्तों में से एक है। खासकर कच्चे तेल के व्यापार के लिए यह रूट बेहद अहम है। कार्गो शिप के स्वामित्व वाली कंपनी ने बयान में बताया कि हमले में उनके जहाज को भारी नुकसान हुआ है।

## संयुक्त राष्ट्र में पहुंचा तानाशाह किम जोंग का दूत

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र महासभा में सोमवार को उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन के दूत ने अपना दुर्लभ संबोधन दिया। उत्तर कोरिया की तरफ से दिए गए इस संबोधन में तानाशाह के देश ने अपने परमाणु हथियार कार्यक्रम को बनाए रखने और इसे आगे बढ़ाने पर जोर दिया। इतना ही नहीं उन्होंने इन हथियारों को अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी दक्षिण कोरिया के खिलाफ शक्ति संतुलन को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण बताया। हालांकि उन्होंने बाकी देशों के साथ कूटनीतिक संबंध बनाए रखने पर भी जोर दिया।



संयुक्त राष्ट्र में भाषण देने के लिए पहुंचे उत्तर कोरिया के उप विदेश मंत्री किम सोन ग्योंग ने साफ तौर पर कहा कि प्योंगयांग कभी भी अपने परमाणु कार्यक्रम को नहीं छोड़ेगा। उन्होंने कहा, डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (उत्तर कोरिया का औपचारिक नाम) के ऊपर परमाणु निरस्त्रीकरण थोपना उससे संप्रभुता और अस्तित्व के अधिकार को त्यागने की मांग करने के समान है। हम कभी भी अपना यह कार्यक्रम बंद नहीं करेंगे।

अपने नेता किम जोंग उन का फरमान सुनाते हुए ग्योंग ने कहा, हम परमाणु ऊर्जा को कभी नहीं छोड़ेंगे। यह हमारे राज्य, राष्ट्रीय नीति और संप्रभु शक्ति के साथ-साथ अस्तित्व का अधिकार भी है। किसी भी परिस्थिति में हम अपने इस कदम से पीछे नहीं हटेंगे। परमाणु हथियारों को लेकर अपनी बात पूरी दुनिया के सामने रखने के बाद ग्योंग ने कहा कि ऐसा नहीं है कि उनके देश से बात करने के लिए कूटनीति के रास्ते खुले हुए हैं। आपको बता दें ग्योंग का यह बयान किम जोंग उन की उस टिप्पणी के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ बातचीत करने के लिए तैयार हैं। बशर्ते उनका परमाणु शस्त्रागार बरकरार रहे। ग्योंग ने किसी भी देश का नाम लिए बिना कहा, डीपीआरके अतीत की तरह भविष्य में भी उन सभी देशों और राष्ट्रों के साथ सहयोग करेगा, जो किसी आक्रमण, हस्तक्षेप और अधीनता का विरोध करते हैं और विचारों और प्रणालियों में मतभेदों के बावजूद स्वतंत्रता और न्याय की आकांक्षा रखते हैं।

## गाजियाबाद के छात्रों ने बनाई अनुष्का रोबोट

ग्रेटर नोएडा एजेंसी। गाजियाबाद के दो छात्रों ने एक महिला रोबोट 'अनुष्का' बनाया है। 'अनुष्का' फर्राटेदार अंग्रेजी बोलती है और रिसेप्शन का काम बखूबी करती है। छात्र अब इसका अपग्रेड मॉडल बनाने में जुटे हैं। इंडिया एक्सपो मार्ट सेंटर में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में सोमवार को महिला रोबोट 'अनुष्का' का प्रदर्शन किया गया। गाजियाबाद के काइट कॉलेज के छात्र हर्ष चिल्लर और पीयूष खन्ना ने मिलकर इस महिला रोबोट को तैयार किया है। साड़ी और साज श्रृंगार से लैस महिला रोबोट 'अनुष्का' ट्रेड शो में लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इस महिला रोबोट का रिसेप्शनिस्ट के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। कॉलेज ने रोबोट 'अनुष्का' को रिसेप्शनिस्ट जिम्मेदारी दी गई है। एडमिशन के लिए आने वाले लोगों से महिला रोबोट अनुष्का फर्राटेदार अंग्रेजी में बातचीत करती है। इस रोबोट की खासियत यह है कि यह सामने वाले व्यक्ति की बातों का जवाब देती है।

## पीओजेके में प्रदर्शन के दौरान हिंसा में तीन की मौत

### प्रदर्शनकारियों को मिला पुलिस का साथ

मुजफ्फराबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में सोमवार को हालात उस वक्त बिगड़ गए जब क्षेत्र की पुलिस भी पाकिस्तानी सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर आई। अवामी एक्शन कमेटी पहले से क्षेत्रीय समस्याओं के खिलाफ शहबाज सरकार के विरोध में धरने-प्रदर्शन करती आ रही है। सोमवार को स्थानीय पुलिसकर्मियों ने भी पाकिस्तान की सरकार के प्रति नाराजगी देखने को मिली। हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गई और 22 लोग घायल हो गए।

स्थानीय पुलिसकर्मियों ने मांगे पूरी न होने पर पूरे पीओजेके में बंद किया। हालात नियंत्रित करने के लिए सरकार ने भारी संख्या में सुरक्षा बल को प्रांत में तैनात कर दिया। इनमें 7,000 सुरक्षाबल और फ्रंटियर फोर्स के सैनिकों को तैनाती मिली। स्थानीय पुलिसकर्मियों ने पाकिस्तानी सरकार के सामने 11 सूत्रीय मांगें रखीं थीं, जिनमें वेतन वृद्धि से लेकर जोखिम भत्ता, आवास और सरकारी योजनाओं का लाभ देने के प्रावधान शामिल थे।

अवामी एक्शन कमेटी के नेता शौकत नवाज मीर ने कहा, हमारा अभियान किसी संस्था के खिलाफ नहीं है। लेकिन, पिछले 70 वर्षों से पीओजेके के लोगों को मौलिक अधिकार नहीं मिले हैं। बस अब बहुत हो गया। या तो हमें हमारे अधिकार दो और या फिर लोगों के गुस्से का सामना करें। पाकिस्तान सरकार कमेटी से बातचीत भी कर रही है। हालांकि 13 घंटे तक चली बैठक के बाद यह बातें नाकाम हो गई। कश्मीरी आबादी द्वारा सभी व्यावसायिक गतिविधियों को रोककर संयुक्त कार्रवाई समिति के प्रति मजबूत समर्थन जताने के कारण पूरे क्षेत्र को सड़कें और गलियां वीरान रहीं। सोमवार को पीओजेके में जनजीवन ठप रहा।



यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी (यूकेपीएनपी) ने पीओजेके में इंटरनेट व फोन सेवाएं बंद करने के बाद अंतरराष्ट्रीय अपील जारी की है। संगठन ने कहा, यह संचार ब्लैकआउट पाकिस्तानी अफसरों के शांतिपूर्ण असहमति को दबाने और बढ़ती अशांति में क्षेत्र को वैश्विक समुदाय से अलग-थलग करने की जानबूझकर की गई एक चाल है।

## टेक्सास में कसीनो पार्किंग में शख्स ने की गोलीबारी

टेक्सास, एजेंसी। अमेरिका के टेक्सास के एक सीमा शहर में सप्ताहांत के दौरान एक शख्स ने कसीनो की पार्किंग में गोलीबारी की। इसमें दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि आखिर उस व्यक्ति ने गोलीबारी क्यों की। आरोपी केरयान रशान जोन्स (34 वर्षीय) को शनिवार रात गोलीबारी के कुछ घंटों बाद एक ट्रैफिक स्टॉप पर गिरफ्तार किया गया। घटना किकापू लकी ईगल कसीनो की पार्किंग में हुई थी, जो ईगल पास के नजदीक है। पीछा करने के बाद पुलिस ने जोन्स को रविवार को सुबह स्कॉटडेल के पास पकड़ा गया। स्कॉटडेल, ईगल पास से करीब 290 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। विल्सन काउंटी शेरिफ कार्यालय ने यह जानकारी दी।

मैवरिक काउंटी के शेरिफ टॉम श्मरबेर के मुताबिक, दो लोगों की हत्या करने और पांच लोगों को घातक हथियार से नुकसान पहुंचाने के आरोप में जोन्स के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामले दर्ज किए गए हैं। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि जोन्स को कहां रखा गया है और क्या उसकी ओर से कोई वकील पैरवी कर रहा है या नहीं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रियल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादक: रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129